You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-325 | बुधवार, 25 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

किसान देश के अर्थतंत्र और खाद्य सुरक्षा का आधार हैं। उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के कारण ही हमारा देश समृद्ध और सुरक्षित है।



मनोज कुमार सिंह

बंगलादेशी नागरिकों के अवैध आव्रजन का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार 11

एनसीसी कैडेट्स को प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण 12

## बधाई/सूचना



क्रिसमस के अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर **कैनविज टाइम्स** कार्यालय में 25 दिसम्बर 2024 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 27 दिसम्बर को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

## संक्षेप

### लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में बारिश और बदली से ठिठुरन बढ़ी

**लखनऊ।** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फवारी के बीच राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में बारिश की फुहारों से ठंड बढ़ गयी है। पिछले एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था मगर सोमवार रात से बर्फीला हवाओं ने लोगों को सर से पांव तक गर्म कपड़ों में ढकने को विवश कर दिया था। देर रात हुयी हल्की वर्षा का दौर लखनऊ, कानपुर,उन्नाव,बाराबंकी समेत कई जिलों में जारी रहा।

### जम्मू-कश्मीर में आर्मी वैन खाई में गिरी, 5 जवानों की मौत

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार शाम आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिर गई। वैन में 18 जवान सवार थे। इनमें से 5 की मौत हो गई। वहीं, 10 घायल हैं। 4 की हालत गंभीर है। 3 लापता जवानों की तलाश जारी है। सभी जवान शाम को लाइन ऑफ कंट्रोल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बलनोई इलाके में घोड़ा पोस्ट के पास ड्राइवर के संतुलन खोने की वजह से वैन खाई में गिर गई। सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सेना की क्विक रिस्पॉन्स टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायल जवानों को आसपास के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

### चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस के आरोप खारिज किये

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची से लेकर मतदान प्रतिशत में गड़बड़ी के कांग्रेस पार्टी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि आयोग ने कांग्रेस के दावों की विस्तार से जांच की है और पार्टी द्वारा लगाये गये आरोप निराधार हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस को लिखे पत्र में उसके सभी दावों तथा आरोपों का तथ्यों के आधार पर विस्तार से जवाब दिया। आयोग ने कहा है कि महाराष्ट्र में चुनाव से पहले मतदाता सूची में जानबूझकर न तो नाम जोड़े गये हैं और न ही हटाये गये हैं।

# कांग्रेस, नेहरू और सपा की फितरत आंबेडकर विरोधी

## मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर पत्रकारों से की बातचीत, कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें: योगी
- कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित किया: सीएम
- कांग्रेस जैसा ही इतिहास समाजवादी पार्टी का भी
- सपा नेताओं ने कन्नौज के कॉलेज से हटाया था बाबा साहेब का नाम: मुख्यमंत्री
- एनडीए सरकार की योजनाओं का हिस्सा बने दलित व वंचित: योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस, देश के पहले प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के साथ ही जवाहर लाल नेहरू और समाजवादी पार्टी की फितरत हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। ये समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस का इतिहास दलितों को वंचित रखना रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें। यूपीए सरकार में बाबा साहेब के चित्र को नेहरू द्वारा कोड़े मारते दिखाया गया था। इसके लिए तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल को माफ़ी मांगनी पड़ी थी।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया। बाबा साहेब ने इस्तीफा देते समय कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस और नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं, मुसलमान की चिंता है। वंचितों और दलितों के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले बाबा साहेब को लोकसभा की किसी समिति का सदस्य नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था। वह भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में तमाम प्रकार के सामाजिक बंधनों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा अर्जित की। उन्होंने अर्थव्यवस्था और कानून के क्षेत्र में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डिग्री अर्जित की। उन्होंने भारत को अपने उस ज्ञान से आलोकित करने में अपनी पूरी ताकत लगाई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमान का है। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या वंचित दलित का नहीं है? कांग्रेस जैसा इतिहास ही समाजवादी पार्टी का है। कन्नौज में बाबा साहब आंबेडकर के नाम पर बने कॉलेज से उनका नाम हटा दिया गया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के आधे-अधूरे बयान को पेश कर राजनीति की जा रही है। कांग्रेस और सपा ने गफलत पैदा करने का प्रयास किया है। सपा सरकार के समय 'सुपर सीएम रहे आजम खां का नाम लिए बगैर मुख्यमंत्री ने ● शेष पेज 11 पर

### भाजपा ने दलित और वंचितों को सरकार की योजना का हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली भाजपा सरकार, सभी ने बाबा साहेब को सम्मान देकर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखा। बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ बनाया। उनकी स्मृति को सदैव के लिए जीवंत बनाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार में दलित और वंचित सरकार की योजना का हिस्सा बना है। डबल इंजन सरकार की शौचालय, पीएम आवास, निःशुल्क राशन, आयुष्मान योजना सहित अन्य सभी योजनाओं से दलित वर्ग को लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार बाबा साहेब से प्रेरणा लेकर उनके मूल्य व आदर्श से समर्पित होकर काम कर रही है। वहीं कांग्रेस का इतिहास-दलित और वंचित को उनके अधिकार से वंचित करने का रहा है।

# अटल जी की विचारधारा देश के लिए प्रेरणा स्रोत : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि 'भारत रत्न' एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन और विचारधारा पूरे देश के लिये आज भी प्रेरणा का श्रोत है।

श्री वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'अटल युवा महाकुंभ' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा अटल जी का जीवन और विचारधारा आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। उनका व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनकी कार्यशैली और निर्णयों की पूरी दुनिया कायल थी। लखनऊ के सांसद ने कहा लखनऊ अटल जी के दिल में बसता था और यहां के लोग उन्हें उतनी ही गहराई से जानते और समझते थे। पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े प्रसंगों और उनकी हाजिरजवाबी एवं सहजता का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा ल्ल पाकिस्तान दौरे के दौरान एक महिला पत्रकार ने जब उनसे कहा कि मैं आपसे शादी करना चाहती हूं, बशर्ते आप मुझे मुंह दिखाई में कश्मीर दें, तो अटल जी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'मैं तैयार हूं, अगर आप दहेज में पूरा पाकिस्तान दें। इस जवाब ने उनकी चतुराई और सहजता को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। रक्षा मंत्री ने श्री वाजपेयी के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मुझे उनके साथ एक अभिभावक का स्नेह और मंत्रिमंडल में सहकर्मी के रूप में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी सरकार जब एक वोट से गिरी, तब उनके ऐतिहासिक भाषण ने लोकतंत्र और देशप्रेम की नई परिभाषा गढ़ी। उन्होंने कहा था, ' सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, लेकिन यह देश और इसका लोकतंत्र अमर रहना चाहिए।' यह उनकी दूरदर्शिता और सिद्धांतवाद का प्रमाण था। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अटल के जीवन पर प्रस्तुत की गई झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रक्षा मंत्री ने भरपूर सराहना की। उन्होंने इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि अटल जी के विचार और योगदान आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के हर पैमाने पर देश के अन्य राज्यों से आगे खड़ा है। श्री योगी के कुशल नेतृत्व और अथक प्रयासों ने यूपी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह प्रदेश अटल जी के सपनों का साकार रूप बनता जा रहा है। ● शेष पेज 11 पर

# शाह ने की तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

गृह मंत्री ने ब्यूरो से नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में ई साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई साइन और ई समन जैसे एप्लीकेशन का उपयोग किया जाना चाहिए। तकनीक के इस्तेमाल पर ज़ोर देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्व-निर्धारित समयसीमा के अनुसार जांच अधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट भेजने से जांच प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गृह मंत्रालय और ब्यूरो के अधिकारियों की एक टीम को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तकनीकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में वृद्धि करने और हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां का दौरा करना चाहिए। श्री शाह ने अपराध पहचान प्रणाली नेटवर्क और आपराधिक न्यायिक प्रणाली की प्रगति की नियमित आधार पर निगरानी करने और परियोजना को गति प्रदान करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित संवाद पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अज्ञात शवों और व्यक्तियों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक का ● शेष पेज 11 पर

# मोदी ने बजट से पहले प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के साथ विचार विमर्श किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां नीति आयोग में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के सिलसिले में प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के साथ गहन विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार यह बैठक 'वैश्विक अनिश्चितता के समय में भारत की विकास गति को बनाए रखना' विषय पर आयोजित की गई थी।

प्रधानमंत्री ने अपनी टिप्पणी में वक्ताओं को उनके व्यावहारिक विचारों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत के लक्ष्य को मानसिकता में मूलभूत परिवर्तन के माध्यम से हासिल किया जा सकता है जो 2047 तक भारत को विकसित बनाने पर केंद्रित है। प्रतिभागियों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए, जिनमें वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटना, विशेष रूप से युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में स्थायी नौकरी के अवसर पैदा करने की रणनीति, नौकरी बाजार की ● शेष पेज 11 पर

# सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी कभी नहीं करें: धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश विरोधी ताकतों द्वारा संवैधानिक संस्थानों को ईंट-दर-ईंट कमजोर करने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुये कहा कि सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी कभी नहीं करनी चाहिये और मेरे खिलाफ लाया गया नोटिस तो सब्जी काटने वाला चाकू भी नहीं था, उसमें तो जंग लगा हुआ था। श्री धनखड़ ने मंगलवार को उप-राष्ट्रपति भवन में 'महिला पत्रकार वेलफ़ेयर ट्रस्ट' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा, अक्सर मैंने खुद देखा है कि यह प्रयास एक योजनाबद्ध तरीके से उन ताकतों द्वारा किये जाते हैं, जो इस देश के हितों के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं। उनका उद्देश्य हमारे संवैधानिक संस्थानों को ईंट-दर-ईंट कमजोर करना, राष्ट्रपति पद को कलंकित करना है। और सोचिये, राष्ट्रपति कौन हैं? इस देश की पहली आदिवासी महिला जो राष्ट्रपति बनीं हैं।

उप-राष्ट्रपति ने अपने खिलाफ़ लाये गये नोटिस पर पहली बार टिप्पणी करते हुये कहा, उप-राष्ट्रपति के खिलाफ दिये गये नोटिस को देखिये। उसमें दिये गये छह लिंक को देखिये। आप हैरान हो जायेंगे। चंद्रशेखर जी ने एक बार कहा था, 'सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी कभी नहीं करें।' यह नोटिस तो सब्जी काटने वाला चाकू भी नहीं था, वह तो जंग लगा हुआ था। इसमें जल्दबाजी की गयी। जब मैंने इसे पढ़ा तो मैं स्तब्ध रह गया। लेकिन मुझे और अधिक आश्चर्य तब हुआ जब पाया कि आपने इसे नहीं पढ़ा। अगर आप इसे पढ़ते तो कई दिनों तक सो नहीं पाते। श्री धनखड़ ने कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह नोटिस क्यों दिया गया। किसी भी संवैधानिक पद को प्रतिष्ठा, उच्च आदर्शों और संवैधानिकता से पुष्ट किया जाना चाहिये। हम यहां हिसाब बराबर करने के लिये नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में पीयूष गोयल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का मामला उठाया। सभापति के आसन से इसका निपटारा किया गया। उन्होंने कहा, अगर इसमें कुछ गलत है, तो मुझे मार्गदर्शन मिलने में खुशी होगी। उन्होंने इस पर कोई आपत्ति नहीं जतायी, लेकिन ● शेष पेज 11 पर

# चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

एजेंसी

दुबई। अगले वर्ष 19 फरवरी से शुरु होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी कर दिया है और टूर्नामेंट में भारत तथा पाकिस्तान के बीच मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में खेला जायेगा।

आईसीसी के आज यहां जारी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम के अनुसार भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बंगलादेश के साथ दुबई होगा है। वहीं टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 19 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात की मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 15 मैच खेले जाएंगे।

कार्यक्रम के अनुसार अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो पहला सेमीफाइनल दुबई में आयोजित होगा। इसी तरह दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान खेलेगा, यदि वह क्वालीफाई करता है। फाइनल के लिए लाहौर को मेजबान शहर के रूप में चुना गया है, लेकिन अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो यह मैच दुबई में होगा। आईसीसी के बयान के अनुसार सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व दिन भी रखा गया है। टूर्नामेंट में भारत अपने दूसरे मैच 23 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। और यह मैच भी दुबई में ही खेला जाएगा। भारत के ग्रुप में बंगलादेश, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। ग्रुप चरण में भारत का आखिरी मैच दो मार्च को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दुबई ● शेष पेज 11 पर

# बैंक के 42 लॉकर काटने वाला एक और बदमाश गाजीपुर में ढेर

## पांच घंटे पहले ही लखनऊ में एक बदमाश मुठभेड़ में मारा गया था, इंडियन ओवरसीज बैंक की इस घटना में कई और की तलाश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी



गाजीपुर/लखनऊ। लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा में हुई लूट में कथित रूप से संलिप्त दो अपराधी लखनऊ और गाजीपुर पुलिस के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ में किसान पथ के पास पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में सोबिंद कुमार (26) मारा गया, जबकि एक अलग मुठभेड़ में गाजीपुर पुलिस तथा स्वाट (स्पेशल वेपन्स एंड टैक्टिस) निगरानी टीम ने सनी दयाल (28) को मार गिराया। लखनऊ के चिनहट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राधा रमण सिंह ने बताया कि बिहार का मूल निवासी सोबिंद कुमार, बैंक लूट में वांछित संदिग्धों में से एक था। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि सोमवार देर रात करीब पौने 12 बजे जब लखनऊ के चिनहट थाने और अपराध शाखा की पुलिस जलसेतु चौकी के पास नियमित जांच कर रही थी तो उसने एक कार को रुकने का इशारा किया लेकिन कार सवारों ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया और दूसरा बदमाश भाग गया। बयान में कहा गया कि घायल बदमाश को चिनहट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया और बाद में लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बयान में कहा गया कि उसके पास से मिली डायरी से बदमाश की पहचान सोबिंद कुमार के रूप में हुई जिस पर इनाम घोषित था। अमिताभ यश ने बयान में कहा कि सोबिंद के पास से एक पिस्तौल, कारतूस, एक कार में कुछ नकदी तथा सोना-चांदी बरामद किए गए और फरार बदमाश की तलाश की जा रही है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार द्वारा जारी बयान के अनुसार मंगलवार को गाजीपुर जिले की स्वाट निगरानी टीम तथा थाना गहमर पुलिस के संयुक्त दल ने 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी दयाल को मुठभेड़ में मार गिराया और उसके पास से एक पिस्तौल और 35,500 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि उसने बारा पुलिस चौकी के पास नियमित जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन संदिग्धों ने बिहार सीमा ● शेष पेज 11 पर

### वारदात के बाद बिहार भागने की फिराक में थे बदमाश

बैंक में लॉकर तोड़ कर हीरे जवाहरात बटोरने वाले बदमाश वारदात के बाद बिहार भागने की फिराक में थे। घटना के बाद अलग-अलग टोलियों में बदमाश बंट गए थे। सर्विलांस और सीसी फुटेज से सोमवार सुबह तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस को कई जानकारियां हाथ लगती चली गईं। कुछ कॉल और फुटेज ने ही बदमाशों की तीन टोलियों तक पुलिस को पहुंचा दिया। मंगलवार सुबह गाजीपुर जिले में एक बदमाश सन्नी दयाल और उसके साथी की मौजूदगी के आधार पर दावा किया जा रहा है कि बदमाश बिहार भागने की फिराक में थे। पुलिस अफसरों का कहना है कि बदमाश पहले से तय करके आए थे कि लम्बा हाथ मारने के बाद सब बिहार ही भाग कर आएंगे। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि इस गिरोह के आका अपने साथियों की जमानत की तैयारी भी किए रहते है। सन्नी दयाल बिहार की दो वारदातों में वांछित बताया जा रहा है। ये लोग किसी नए स्थान पर वारदात कर अपने प्रदेश भाग आते हैं। फिर यहां मौका देखकर पुराने मामले में हाजिर हो जाते हैं और पुलिस उन्हें ढूंढ़ती रह जाती है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह की टीम ने सर्विलांस और फुटेज के जरिए इनकी लोकेशन पर लगातार निगाह रखी। इसके साथ ही सोमवार सुबह पकड़े गए तीनों बदमाशों से लम्बी पूछताछ में भी अहम जानकारी मिली थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो इस गिरोह को वारदात के बाद लखनऊ से गाजीपुर, वाराणसी होते हुए बिहार तक पहुंचाने के लिए कई मददगार भी सक्रिय किए गए थे। इन सबने ही वहां से आने वाले इन बदमाशों को लखनऊ में ठिकाना दिलाया था। सर्विलांस के जरिए पुलिस और एसटीएफ इन मददगारों की तलाश में लगी हुई है।

# मायावती ने बसपा के सफल आंदोलन पर कार्यकर्ताओं का जताया आभार

## बाब साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संसद में बीते दिनों गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के खिलाफ दिए गए बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बेहद नाराज हैं। उनके आह्वान पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में अमित शाह के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया।

पार्टी की मांग है कि अमित शाह माफी मांगें और अपना बयान वापस लें। आंदोलन सफलतापूर्वक होने पर बसपा प्रमुख मायावती ने देर शाम एक्स पर पोस्ट करते हुए पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व परमपूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के उन सभी अनुयाइयों का अति-आभार प्रकट किया है।

मायावती ने कहा कि बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी वापस नहीं लेने व पश्चाताप नहीं करने पर बसपा के आह्वान पर आयोजित ऐसे प्रदर्शन आदि समस्या का स्थायी हल नहीं, बल्कि इसके लिए बहुजनों को सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके शासक वर्ग बनकर ही अपना उद्धार स्वंय करने योग्य बनना होगा तभी मुक्ति व सम्मान संभव। आज के सफल आन्दोलन से यह साबित है कि भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी। बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। वास्तव में लोगों के 'अच्छे दिन' अर्थात जनहित व जनकल्याण-युक्त देश निर्माण के लिए बाबा साहेब के संविधान पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अमल करना जरूरी। मायावती ने आगे कहा कि अहमदाबाद में बाबा साहेब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने व छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक दलित की पीट कर की गई हत्या अति-दुखद व शर्मनाक है। उस गरीब पर चावल चोरी का आरोप है तो क्या वह पीड़ित गरीबी व भूख से बदहाल करोड़ों लोगों में से एक नहीं है सरकार ऐसे लोगों का जरूर सहारा बने।

# गृह मंत्री को आज नहीं तो कल इस्तीफा देना ही पड़ेगा : इमरान लतीफ़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बीते दिनों सदन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विषय में की गई टिप्पणी पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश इकाई की तरफ से प्रदेश कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसको पार्टी के बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने संबोधित किया।

अपने बयान में अमित शाह की टिप्पणी की निंदा करते हुए इंजीनियर इमरान लतीफ ने कहा कि गृहमंत्री ने न सिर्फ शब्दों के जरिए बल्कि अपने लहजे से भी संविधान रचयिता बाबा साहब का अपमान किया है जिसे देश की अमनपसंद आबादी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

इमरान लतीफ ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के संविधान और लोकतंत्र की आत्मा हैं। देश का बच्चा-बच्चा बाबा साहब का अनुयाई है। अमित




शाह की टिप्पणी के खिलाफ देशभर में आक्रोश है। जब तक पीएम नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा नहीं लेते है। तब तक विरोध का सिलसिला रुकने वाला नहीं। पूरा देश बाबा साहब से प्रेम करता है आज नहीं तो कल भारतीय जनता पार्टी को देश के सामने झुकना पड़ेगा और गृहमंत्री को इस्तीफा देना पड़ेगा।

इमरान लतीफ़ ने भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस पर प्रहार करते हुए कहा कि आरएसएस ने बाबा साहब के जीवन काल में ही उनके द्वारा रचित संविधान का पूरजोर विरोध किया था जबकि भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में आने के बाद लगातार बाबा साहब के संविधान के परखच्चे उड़ाये हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी से साफ जाहिर होता है कि भाजपा और आरएसएस के लोग बाबा साहब और उनके संविधान से घृणा करते है।

# धर्म वेद सनातन संस्कृति से अलौकिक साक्षात्कार होता हैं : मुकुंदा नंद महाराज

❑ शंकराचार्य ब्रह्मचारी मुकुंदा नंद महाराज ने छात्रों को महाकुंभ की परिभाषा समझाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। कुंभ नगर प्रयागराज से पधारे ब्रह्मचारी मुकुंदा नंद महाराज जी मंगलवार को जी एस अकादमी धरवारा विद्यालय में? भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया क्षेत्रीय जनमानस एवं विद्यालय की ओर से उनका फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन के पश्चात उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में आस्था रखने वाले करोड़ों लोग देश-विदेश से प्रयागराज में लगने वाले कुंभ मेला में एकत्रित होंगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को महत्व पूर्ण लक्ष्य बनाना चाहिए जिससे लौकिक चीजें हमें मिल जाती है तथा अलौकिक भागवत कथा श्रवण ज्ञान अर्जित करने से मिलती है और बचपन में आत्म साक्षात्कार से विद्यालयों में शिक्षा विस्तार से साकार होती है कल्पना करके देखिये निश्चित रूप से सामान्य से हमें मिल जाती है छात्र जीवन बहुत अनमोल समय होता है शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति में आस्था रखने की भी आवश्यकता है कि उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों को धर्म क्षेत्र वेद और सनातन संस्कृति के विषय में बताया इस अवसर पर प्रबंधक विनय प्रताप सिंह और आचार्य शिवाकांत पाण्डेय प्रधानाचार्य के पी तिवारी महाराज अध्यापक गण एस. पी . सिंह , संजू मिश्रा , राहुल सिंह , राघवेंद्र सिंह , सुनीता सिंह, जयंती पाण्डेय , शिरीष पाण्डेय , ज्योति , प्रदीप सिंह , विशाल तिवारी, दीपेश , आशीष पटेल धर्मेंद्र दत्त तिवारी , गरिमा , खुशबू मिश्रा , संजू त्रिपाठी , प्रिय द्विवेदी, मंजू शुक्ला , सुधा विश्वकर्मा , के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेई एवं मालवीय जी की जयंती मनायी गयी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नैनी प्रयागराज सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने प्रार्थना सत्र में समस्त छात्र-छात्राओं को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के उपलक्ष पर संबोधित किया । महामना अर्थात महान मन है जिसका, ऐसे महापुरुष मदन मोहन मालवीय जी तथा राजनीतिक गुरु, भारत रत्न प्राप्त अटल बिहारी वाजपेई की जयंती का कार्यक्रम आज विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ, विद्यालय के बहन पायल सिंह ने मालवीय जी तथा विद्यालय के छात्र नयनदीप ने वाजपेई जी से संबंधित अपनी बातें रखी क्रविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम तिवारी ने भारतीय संस्कृति एवं विचारधारा , जय जवान जय किसान एवं जय विज्ञान का नारा देने वाले अटल बिहारी वाजपेई जी तथा महामना की पदवी ग्रहण करने वाले मदन मोहन मालवीय जी से संबंधित अपनी बातें रखी क्र उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

## हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चैतन्य वेलफ़ेयर फाउंडेशन की ओर से सीतापुर रोड पर चल रहे एक निजी महोत्सव में हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा बिजनेसमैन आरव पाण्डेय, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट सीमा श्रीवास्तव, अनुष्का श्रीवास्तव, बानी चावला, करवा क्वीन प्रतिमा सोनकर, हाइकोर्ट की शीलू श्रीवास्तव के साथ चैतन्य वेलफ़ेयर की युवा टीम की सदस्य फ्लोरेंस पाठक, खुशी मौर्य, दीक्षा वर्मा, श्वेता शर्मा, अनामिका यादव, आस्था चौरसिया, अभिषेक सैनी व सविता को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## रेलवे ट्रैक पर युवती का शव बरामद , जांच शुरू

**दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या लखनऊ रेलवे लाइन पर दरियाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पातुलकी गाँव के समीप एक युवती का कटा हुआ शव रेलवे ट्रैक पर पाया गया है। बताया जाता है कि वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दरियाबाद के पतुलकी गाँव के समीप मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव मिला। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने दरियाबाद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दरियाबाद पुलिस मौके पर पहुँची और तत्काल शव को ट्रैक से हटवा दिया। ट्रेन संचालन के लिए ट्रैक को खाली करवाकर ट्रेन का आवागमन चालू करवा दिया।शव की शिनाख्त नैन्सी पुत्री लोकेश उम्र करीब 14 वर्ष पतुलकी गांव की निवासी के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया की युवती रोज की भाँति आज भी सुबह शौच क्रिया के लिए घर से निकली थी। चौकी प्रभारी दरियाबाद हरि प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि आज दिनांक 24/ 12/ 24 को नैंसी पुत्री लौकेश निवासी ग्राम पतुलकी थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी उम्र 14 वर्ष जो सुबह शौच क्रिया हेतु अपने घर से निकल कर लाइन पार कर रही थी अयोध्या की तरफ से आ रही बंदे भारत ट्रेन से कट गई जिसकी मृत्यु हो चुकी है जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर उपनिरीक्षक परिजन के साथ मौजूद है और रेलवे ट्रैक को खाली करवा दिया गया है गाड़ियों का संचालन शुरू है लाइन ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है।

## अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर निकाली गई अटल संदेश यात्रा

**लखनऊ, सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर सरोजनीनगर विधानसभा के ग्रामसभा माती में भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में भव्य अटल संदेश यात्रा और अटल सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं और टीम राजेश्वर ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के बीच निकली यात्रा में बच्चों, युवाओं, और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। भारत माता की जय और अटल जी अमर रहें के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। यात्रा के समापन पर आयोजित अटल सभा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। सभा में आए क्षेत्रवासियों को 'सरोजनीनगर विकास दर्शन रथ' के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व को लेकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के उद्बोधन पर फिल्माया वीडियो दिखाया गया। साथ ही आये क्षेत्रवासियों को सरोजनीनगर के विकास योजनाओं से अवगत कराया गया और उनसे विकास सम्बंधित सुझाव भी प्राप्त किए गए, इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को नववर्ष का कैलेंडर भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। तारा शक्ति रसोई के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में माती ग्राम प्रधान रामसागर यादव, खटोला ग्राम प्रधान संतोष कुमार, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंदर कुमार, अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा, सपेरा समाज के प्रतिनिधि सूरज नाथ सपेरा, और क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल स्कूल में बच्चों के लिए किया गया क्रिसमस और न्यू ईयर फ़ेस्ट का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मेजा,प्रयागराज। क्रिसमस के अवसर पर सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल मेजारोड प्रयागराज में स्कूल के बच्चों के लिए क्रिसमस और न्यू ईयर फ़ेस्ट का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों ने डांस और गेम्स का लुत्फ उठाया। इस मौके पर प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें क्रिसमस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि त्यौहार हमारे जीवन में खुशी और एकता का पाठ पढ़ाने आते हैं। ये हमें और विनम्र बनाते हैं। त्यौहार वो होते हैं जहां गणित फ़ेल हो जाता है और अपनी खुशियों को बांटकर हम खुशियों को कई गुना बढ़ा देते हैं। प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने सभी को क्रिसमस और नए साल की शुभकामनाएं दीं। हमारे देश में मनाए जाने वाले सभी त्यौहार हमें भाईचारे की शिक्षा देते हैं। क्रिसमस कैरोल की धुन पर छात्रों ने डांस किया।

# ग्रामीणों ने धोखा-धड़ी कर खाते से पैसे निकालने का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र थाना कौंधियारा अन्तर्गत कौंधियारा गाँव स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की खाताधारक मवैया गाँव निवासी रामकली पत्नी वंशीलाल व उसी गाँव के श्रीपति पुत्र स्व बंसी लाल ने उनके खाते से लाखो रुपयो की रकम निकालने का आरोप लगाते हुए बैंक प्रबंधक को शिकायती पत्र दिया। पीड़ित ने बैंक में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मवैया निवासी रामकली ने अपने शिकायती पत्र शाखा के प्रबंधक को देते हुए कहा कि वर्ष 2021 और वर्ष 2022 के अलग अलग महीनों में उसके खाते से डेढ़ लाख से अधिक रुपए निकाल लिए गए।जिसकी जानकारी उसे हाल ही में हुई। जानकारी होने पर उसके हाथ पांव फूल गए।उम्र ज्यादा होने के चलते उसका बैंक में आना जाना नही होता जिसका फायदा किसी ने उठाकर खाते से पैसा निकाल लिया। मंगलवार की दोपहर जब वह ग्रामीण बैंक कौंधियारा पहुचीं और उक्त मामले के संदर्भ में बैंक प्रबंधक से जानकारी मांगा तो वह जवाब न दे सके और दिनभर शाखा के बाहर बैठाए रखा।

पीड़िता ने शाखा प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह से गुहार लगाते हुए शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर मवैया गाँव निवासी श्रीपति ने भी 2021 में खाते से पच्चीस हजार रुपया निकालने की बात कही है।

दोनों का ही कहना है कि यह काम दो वर्ष पूर्व ग्रामीण बैंक शाखा कौंधियारा के ही किसी कर्मचारी द्वारा किया गया है। जिसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।मामले को लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण बैंक के बाहर देर शाम तक धरने पर बैठे रहे।

# केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने मनाया 38वां स्थापना दिवस समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने अपने 38वें स्थापना दिवस का उत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्थापना दिवस व्याख्यान था, जिसका विषय भारत से वायरल हेपेटाइटिस उन्मूलन की ओर था। जिसे डॉ. एकता गुप्ता, प्रोफ़ेसर और प्रमुख, क्लिनिकल वायरोलॉजी विभाग, लिवर एवं बाइलरी साइंसेज संस्थान, नई दिल्ली ने प्रस्तुत किया। डॉ. गुप्ता ने इस गंभीर स्वास्थ्य चुनौती पर प्रभावी रणनीतियों को रेखांकित किया और अपने गहन ज्ञान से उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. सोनिया नित्यानंद, कुलपति केजीएमयू, अतिविशिष्ट अतिथि प्रो. अपजीत कौर, प्रो-वाइस चांसलर केजीएमयू, विभागीय नेतृत्व प्रो. अमिता जैन, डीन अकादमिक्स और प्रमुख, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, जिन्होंने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अंश में विभाग का वार्षिक न्यूज़लेटर जारी किया गया, जिसमें विभाग की प्रमुख उपलब्धियों, अनुसंधान प्रगति और एंटीबायोग्राम्स को शामिल किया गया, जो क्लिनिकल निर्णय लेने में सहायक हैं। विभाग ने अपने 10 वर्षों से अधिक सेवा देने वाले अनुबंध और परियोजना कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही, विश्व एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह 2024 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर, स्किट, शॉर्ट वीडियो, अगर आर्ट और फ़ेस पेंटिंग के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

# बलिया के नए एसपी ने शराब तस्करी बंद कराने पर दिया जोर

एजेंसी



बलिया। जिले के नए पुलिस अधीक्षक डा. ओमवीर सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। सोमवार रात में चार्ज लेने के बाद मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने शराब तस्करी बंद कराने पर जोर दिया है।

वर्ष 1992 में पीपीएस में सेलेक्शन के बाद ओमवीर सिंह को 2014 में आईपीएस कैडर मिला। आईपीएस बनने के बाद पड़ोसी जिले गाजीपुर के एसपी रहे हैं। बलिया आने से पहले लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी पश्चिमी थे। नवागत एसपी डा. ओमवीर सिंह ने पत्रकारों से अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिले की सीमा के अंदर खासकर बिहार बार्डर पर शराब तस्करी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पशु तस्करी पर भी लगाम लगाया जाएगा। आमजन के लिए पुलिस को सहयोगी बनाया जाएगा। अपराध पर पूरी तरह से ब्रेक लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ओमवीर सिंह से पहले विक्रांत वीर जिले के पुलिस कप्तान के तौर पर करीब छह माह कार्य किया। प्रेसवार्ता में एएसपी कृपाशंकर व अनिल झा भी मौजूद रहे।

# भाषण, पोस्टर और कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की छात्र कल्याण समिति द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाषण, पोस्टर और कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रो शैली महाजन, डेन्टल विभाग द्वारा कार्यक्रम की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रतन अटल बिहारी वाजपेयी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। संस्थान के निदेशक प्रो. डा सी.एम. सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी जी को एक महान प्रशासक और उदार हृदय वाले व्यक्ति के रूप में याद किया। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो.एके सिंह ने कविता सुनाते हुए उन्हें योद्धा और बुद्धि के प्रतीक के रूप में वर्णित किया। इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# गोमती नगर में 4 अवैध निर्माणों पर गिरी एलडीए की गाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन 1 की टीम ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए 4 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील कर दिए।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अनुराग, अरविंद व आनंद त्रिपाठी द्वारा गोमती नगर के विराम खण्ड में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इसी तरह लक्ष्मी नारायण गुप्ता व अन्य द्वारा विराम खण्ड में ही लगभग 60 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा अर्चना वर्मा व अन्य द्वारा विभूति खण्ड में 243 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं मो. तौफीक व तौसीफ व अन्य द्वारा विभूतिखण्ड में लगभग 990 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। मानको के विपरीत कराये जा रहे इन चारों निर्माण कार्यों के ख़िलाफ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता उदयवीर सिंह व अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी व विपिन बिहारी राय द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

# खरगापुर गांव में तीन करोड़ की लागत से बनेगा बारात घर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



❐ पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर व अमरेन्द्र भारद्वाज ने किया भूमिपूजन

❐ अमरेन्द्र भारद्वाज के अथक प्रयासों से गांव में हुआ तेजी से विकास कार्य

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है , आने वाले दिनों में लोगों को महंगे लांन और मैरिज लॉन की बुकिंग से छुटकारा मिल जाएगा । क्षेत्र के अनैया खरगापुर गांव में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएसआर फंड से 2 करोड़ 95 लाख की लागत से बारात घर बनेगा।

मंगलवार को गोसाईगंज ब्लाक अंतर्गत अनैया खरगापुर गांव में बारात घर के लिए भूमि पूजन पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर व वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी व जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना व भूमि पूजन कर नारियल फोड़ कर बारात घर का निर्माण कार्य शुरू कराया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र के लिए बारात घर के रूप में जो सौगात मिल रही है यह जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज के अथक प्रयासों से सम्भव हो सका है। पूर्व में भी अनैया खरगापुर गांव के लिए एक करोड़ 90 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग नाला समेत सीसी रोड बनाई गई है , जिससे पूरा गांव शहर से कम नहीं लगता है । वहीं जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि चाहे उनके वार्ड का काम रहा हो या क्षेत्र का उन्होंने अधिक से अधिक विकास कार्य कराने का काम किया है , खरगापुर व चोराहा पुर में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लि. सीएसआर फंड से पूर्व में लगभग एक करोड़ 90 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग , सीसी रोड समेत नाली बनाई जा चुकी है । वहीं मंगलवार से भूमि पूजन के साथ ही 2 करोड़ 95 लाख की लागत से बारात घर बनेगा । क्षेत्र में बारात घर बनने से लोगों में खुशी की लहर है कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि समेत भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, ललित शुक्ला , प्रदीप त्रिवेदी , स्यामबाबू बाजपेई, सुधांशु मिश्रा , आलोक द्विवेदी समेत अतुल सिंह को अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके सर्वेश तिवारी, विजय चौरसिया, शिव कुमार भारद्वाज, करूणा शंकर, जितेन्द्र भारद्वाज वेदप्रकाश, घनश्याम, हरिकृष्ण उर्फ गौरव भारद्वाज , विशाल, मयंक रामलखन , द्वारिका रावत, लक्ष्मी रावत समेत सैकड़ों की संख्या में लोग भूमि पूजन में मौजूद रहे।

# पत्नी के छोड़कर जाने से आहत पति ने की आत्महत्या

## पिता को फ़ोन करने के बाद बेटे ने लगाई फांसी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रहीमाबाद/लखनऊ। पत्नी के छोड़कर जाने से आहत पति ने आम के पेड़ पर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ससपन गांव में सोमवार रात सोहित कुमार 22 वर्ष पुत्र बंशीलाल निवासी गौरय्या थाना माल ने पत्नी वियोग में आम के बाग में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से पूर्व सोहित ने पिता बंशीलाल को कॉल की। उसने रो-रोकर पिता से कहा कि '' मैं पत्नी के बिना जीना नहीं चाहता, इसलिए मौत को गले लगा रहा हूं, हालांकि पिता ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने बाग में फंदा लगा लिया। पिता बंशीलाल से बताया कि बेटा सोहित बचपन से ननिहाल में रहता था, नाना सुमेर ने उसकी परवरिश की थी। करीब तीन साल पूर्व उसकी शादी सरोज से हुई थी। उसकी एक दूधमुंही बच्ची भी है। एक माह पूर्व दम्पति में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद सरोज मायके में रहने लगी थी। बेटे सोहित ने पत्नी को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन वह जिद पर अड़ गई और सरोज ने उसके साथ रहने से मना कर दिया था। पत्नी की बेरुखी सोहित को अखरने लगी थी, जिस वजह से वह तनाव में रहने लगा था। सोमवार रात घर से निकल गया था। इसके बाद उसने पिता बंशीलाल को फ़ोन करके कहा कि वह पत्नी के बिना अब जीना नहीं चाहता, वह खुदकुशी करने जा रहा है। इसके बाद उसने पेड़ से फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। जिसके चलते परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया में युवक ने पत्नी वियोग में फंदा लगाकर खुदकुशी की है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# ओटीएस योजना को पलीता लगा रहे अधिकारी

## जब्त मीटर की बीआई रिपोर्ट के लिए दर दर भटक रहे बकायेदार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बंथरा। प्रदेश सरकार ने भारी घाटे से जूझ रहे पावर कार्पोरेशन को राहत देने के लिए 15 दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू की है। इस योजना में बकाएदारों को ब्याज में छूट का लाभ देकर बकाया जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शासन इस योजना से बड़ी वसूली की उम्मीद भी लगाए है, लेकिन कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही से यह योजना शुरुआत में हांफती नजर आ रही है। क्षेत्र में कई ऐसे बकायेदार हैं जो कि विद्युत बिल की बकाया राशि ना जमा कर पाने के कारण काटे गए विद्युत कनेक्शन के बाद अब जब ज़ब्त किए गए मीटर की बीआइ रिपोर्ट लेने के लिए पावर हाउस गए तो उन्हें यहां वहां भटकना पड़ रहा है फिर भी उन्हें रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह बिजली विभाग के कर्मचारी बकायेदारों को परेशान कर रहे हैं। राजधानी के नादरगंज खण्ड कार्यालय में दर्जनों बकायेदार अपने जमा मीटर की जांच रिपोर्ट (बीआइ) के लिए बीते एक सप्ताह से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन विभाग के कर्मचारी उन्हें मीटर की जांच की बीआइ रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं जिस कारण वह अपना बकाया बिल नहीं जमा कर पा रहे हैं। इस संबंध में बात करने के लिए जब एसडीओ का फोन मिलाया गया तो वह रिसीव नहीं हुआ।

### केस एक

उपभोक्ता स्वर्गीय गुलाब देवी पत्नी स्वर्गीय श्रीपाल बंथरा नगर पंचायत के लाला खेडा गांव ?की निवासिनी थी. उनके बेटे विनोद ने बताया कि उनका नया खाता संख्या -डख2232 पुराना खाता है जबकि पुराना खाता संख्या 761700673630 है। विनोद के मुताबिक उनका कुल बकाया 7 लाख 14 हजार 501 रूपए है। अत्यधि?क बकाये चलते साल 2021 में उनका कनेक्शन परमानेंट डिस्कनेक्शन (एफपीडी) करके मीटर जब्त लिया गया था। अब विनोद एकमुश्त समाधान योजना में अपना बिल जमा कराना चाह रहे हैं। बकाया जमा होने के लिए उन्हें पुराने मीटर की जांच की बीआइ रिपोर्ट चाहिए। बीआइ रिपोर्ट के लिए विनोद गहरू उपकेन्द्र से लेकर नादरगंज खण्ड कार्यालय तक चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कर्मचारी उन्हें मीटर की बीआइ रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं।

### केस दो

उपभोक्ता नन्हकऊ भटगांव ग्राम पंचायत के हसनखेड़ा के रहने वाले हैं। नन्हकऊ के मुताबिक उनका नया खाता संख्या ख्र811278 , पुराना खाता संख्या 761700666065 है। एक लाख से अधिक का बिजली बिल बकाया होने पर करीब एक साल पहले बिजली विभाग ने उनका कनेक्शन परमानेंट डिस्कनेक्शन (एफपीडी) करके मीटर जब्त लिया था। अब एकमुश्त समाधान योजना में वह अपना बकाया चुकाना चाहते हैं लेकिन विभाग उन्हें जब्त मीटर के जांच की बीआई रिपोर्ट नहीं दे रहा है।

# किसान देश के अर्थतंत्र और खाद्य सुरक्षा का आधार : मुख्य सचिव



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के केंद्रीय सभागार में राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसान दिवस विशेष रूप से स्व. चौधरी चरण सिंह की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने भारतीय किसानों के हितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और देश में कृषि सुधारों की नींव रखी। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति के एक अहम नेता थे और वे 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे थे। उनका योगदान विशेष रूप से भारतीय कृषि क्षेत्र और किसानों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व था। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आईएएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होने अपने संबोधन में किसानों के योगदान को अभूतपूर्व बताया और कहा, ''किसान देश के अर्थतंत्र और खाद्य सुरक्षा का आधार हैं। उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के कारण ही हमारा देश समृद्ध और सुरक्षित है। उत्तर प्रदेश सरकार कृषि सर्वेक्षण के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिससे भूमि और फसल की स्थिति का सटीक आंकलन किया जा सके। इसके ज़रिए ये पता लगाया जा सकता है कि किस गांव में किस खेत में कौन सी फसल लगी हुई है। साथ ही, मौसम के पूर्वानुमान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार गूगल के साथ सहयोग करने जा रही है जिससे किसानों को वास्तविक समय में मौसम की जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि वे बेहतर निर्णय ले सकें। इस योजना के तहत हर गांव को कुछ किसानों के मोबाइल फोन पर ही अगले दिन के मौसम का पूर्वानुमान भेज दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्य सचिव ने कहा कि 10 दिसंबर को वॉशिंगटन में वर्ल्ड बैंक के साथ यूपी एग्रीज़ नाम से 4000 करोड़ रुपये की लागत का एक प्रोजेक्ट पारित हुआ है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य यूपी के कम कृषि उत्पादन वाले 28 ज़िलों की कृषि उत्पादन क्षमता को राष्ट्रीय औसत के ऊपर लाना है। वहीं प्रो चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और उन्नति की दिशा में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी निरंतर कार्य कर रही है और आज का यह आयोजन उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हम आगे भी कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक योगदान देने के लिए तत्पर हैं। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप निदेशक जनरल उधम सिंह गौतम और उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि निदेशालय के निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति, जावेद मुसर्रत ने कहा कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी अपने किसानों के योगदान को सराहते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, और हम भविष्य में कृषि क्षेत्र में और अधिक नवाचार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रोफ़ेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीक़ी रजिस्ट्रार, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और डायरेक्टर, इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का लक्ष्य न केवल कृषि शिक्षा को बढ़ावा देना है, बल्कि किसानों को उन्नत तकनीकों और वैज्ञानिक विधियों से भी अवगत कराना है ताकि वे अधिक उत्पादक और सशक्त बन सकें।

# एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीकेटी,लखनऊ। बीकेटी स्थित एस.एस.इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया।बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया।प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए।वहीं सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार और टॉफियां बाटी।सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों ने प्रभु यीशु के जीवन पर कई रोचक प्रसंगों की जानकारी बच्चों को दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहां की प्रभु यीशु ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ऐसी प्रभु से सभी को शिक्षा लेनी चाहिए ।बच्चों ने भी प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित मनमोहक गान प्रस्तुत किए।सेंटा क्लाज के स्वरूपों में सजे बच्चों ने क्लास रूम में साथियों को टॉफी व अन्य उपहार भेंट किये। विद्यालय प्रांगण में क्रिसमस ट्री सजाया गया। चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने सभी का आभार जताते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया उपाध्याय एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिशु मंदिर विद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। गोसाईगंज के शिशु मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी पी सी ऋषभ यादव सहायक पुलिस आयुक्त मौजूद रहे।उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय महा सभा संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर ने देश की जनता को ''शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। इसी बात को इस विद्यालय के संस्थापक स्व शारदा प्रसाद जायसवाल अपनाते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 19730 में इस विद्यालय की स्थापना का कार्य किया था।विद्यालय के जूनियर विभाग का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल स्व कल्याण सिंह ने किया था तो मीडिएट कालेज का उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने किया था। विद्यालय के प्रबंधक पंकज जायसवाल ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद ही छात्र डाक्टर , इंजीनियर, वैज्ञानिक,आई ए एस,पी सी एस अधिकारी बन सकते हैं। उन्होंने गांवों शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही तथा समस्त शिक्षकों व प्रबंध कमेटी को धन्यवाद दिया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गोसाईगंज कोतवाली के सेकेंड आफीसर महेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। राम बिरज रावत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे।इसके अलावा प्रबंधक पंकज जायसवाल,पृथु जायसवाल, प्रधानाचार्य मनमथ नाथ,पूर्व छात्रा रुचि यादव, डॉ नीलेश गुप्ता, सुनीता कनौजिया, विनीत कुमार श्रीवास्तव,पारस गुप्ता, आशीष पटेल,राज पाल वर्मा, विद्यालय के सभी अध्यापक, अभिभावक,व छात्र मौजूद रहे।

# अटल बिहारी बाजपेयी का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणधीन द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की 100वीं जयंती के पूर्व संध्या पर युवा साहित्य प्रतिभा सम्मान के तहत युवा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन तथा ''सामाजिक एकता में भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी का योगदान'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। युवा काव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारे 14 वर्ष से 40 वर्ष तक के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पीयूष सुन्दरियाल, द्वितीय पुरस्कार शिवम श्रीवास्तव, तृतीय पुरस्कार दिवाकर कौशक एवं 10 सांत्वना पुरस्कार शिवम सांवरा, आयुष यादव, सीताकान्त मिश्र, नेहा मिश्र, सत्यदेव सिंह,प्रशान्त कुशवाहा, मानस वाजपेयी, अभिषेक कुमार अवस्थी अनमोल मिश्र एवं जय गुप्ता को प्रतीक चिह्न एवं प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 21 महिलाओं को मिला नारी दुर्गा शक्ति सम्मान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुरभि कल्चरल ग्रुप के द्वारा नारी दुर्गा शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें इस सम्मान समारोह में 21 महिलाओं को नारी दुर्गा शक्ति सम्मान से नवाजा गया। जिसमें डॉ सुधा मिश्रा, विभु बाजपेई, मीता भास्कर, कीर्ति बाजपेई, आफरीन समी, नमिता यादव, वर्षा सिंह, स्वाति सक्सेना, अमिता अवस्थी, अर्चना सिंह, लता शुक्ला, माधवी मणि, डॉ. पुष्पा श्रीवास्तव, ममता रस्तोगी, रुचि अरोरा व रूना शुक्ला को सम्मान मिला। कार्यक्रम के संयोजक संस्था के सचिव शैलेंद्र सक्सेना रहें।

# सुशासन विषयक कार्यशाला आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ। दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में 19 दिसम्बर,2024 से 25 दिसम्बर, 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह मनाये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को संस्थान के सभागार में एक दिवसीय ॒सुशासन॑ विषयक कार्यशाला का आयोजन संस्थान के अपर निदेशक बी0डी0 चौधरी की अध्यक्षता में किया गया।आयोजित कार्यशाला में संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला का सम्पूर्ण मंच संचालन संस्थान के डॉ0 एस0के0 सिंह,सहायक निदेशक द्वारा रोचकपूर्ण ढंग से किया गया।कार्यशाला के शुभारंभ से पूर्व स्व0 अटल जी के चित्र पर अपर निदेशक द्वारा माल्यार्पण करने के उपरान्त संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रद्धासुमन के रूप में पुष्प अर्पित किए।कार्यशाला में संस्थान के डॉ0 अशोक कुमार,सहायक निदेशक,डॉ0 नीरजा गुप्ता,उप निदेशक,सुबोध दीक्षित,उप निदेशक तथा संस्थान के सलाहकार हेमेन्द्र शर्मा द्वारा अटल जी के जीवन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों तथा सुशासन विषयक सप्ताह मनाये जाने के सन्दर्भ में अपने-अपने दृष्टिकोण से प्रासंगिक एवं उपयोगी विचार प्रकट किये गये।कार्यशाला के अध्यक्षीय सम्बोधन के अन्तर्गत संस्थान के अपर निदेशक बी0डी0 चौधरी द्वारा सर्वप्रथम स्व0 अटल जी के साहित्यिक,पत्रकारिता एवं राजनीतिक जीवन के विषय में संक्षिप्त परिचय कराते हुये उनके प्रधानमंत्रित्व काल के उल्लेखनीय कार्यों एवं राष्ट्रहित निर्णयों पर व्याख्यान दिया तथा सुशासन सप्ताह मनाये जाने के विषय में सारगर्भित रूप से बताया कि सुशासन व्यवस्था के अन्तर्गत तीन प्रासंगिक विषय समाहित हैं, यथा- जनसहभागिता,पारदर्शिता तथा जवाबदेही।इन्हीं तीन घटकों के चारों ओर सम्बन्धित रचनात्मक क्रिया-कलाप आते हैं।मुख्य रूप से जन शिकायत प्रणाली, डायल-112, सी0एम0 हेल्पलाईन,जनता दर्शन,सम्पूर्ण समाधान दिवस,थाना समाधान दिवस के माध्यम से प्राप्त समस्त लोक शिकायतों का मुख्यालय/मण्डल/जनपद/तहसील स्तर पर शिविरो का आयोजन कर निस्तारण किये जाने के साथ विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को दी जा रही सर्विस डिलिवरी के अन्तर्गत प्राप्त समस्त आवेदनो का निस्तारण एवं ई-प्रणाली के माध्यम से निविदा व्यवस्था को क्रियानवित करना इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यों को सुरक्षित ढंग से निष्पादित किया जाता है।उक्त कार्यशाला के आयोजन एवं प्रबन्धन के दृष्टिगत संस्थान के आलोक कुमार कुशवाहा,सहायक निदेशक,राजीव कुमार दुबे,सहायक निदेशक,डॉ0 सीमा राठौर,सहायक निदेशक,ई0 मोहित यादव,संकाय सदस्य एवं मो0 शहंशाह,प्रचार सहायक का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।


पत्रांक— 106 सहा0आयु0स0द0द्वितीय—लखनऊ/दिनांक 20 दिसम्बर 2024

नीलामी सूचना

**कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल द्वितीय ईकाई, लखनऊ।**

सी0जी0एस0टी0/एस0जी0एस0टी0 अधिनियम—2017 की धारा 79(1)(बी) के अन्तर्गत माल की नीलामी की सूचना—

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल द्वितीय इकाई लखनऊ द्वारा जब्ती दिनांक—19.12.2018 को किए गए अनुसूची (SCHEDULE) में वर्णित माल AUTO PARTS 77 नग माल की नीलामी जी0एस0टी0 अधिनियम की धारा—79 के उपबन्धों के अनुसार सार्वजनिक नीलामी(Public Auction) के माध्यम से दिनांक 30.12.2024 (दिन सोमवार) को समय प्रातः 11:00 बजे कार्यालय—सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल द्वितीय इकाई लखनऊ वाणिज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ परिसर में नीलामी समिति के समक्ष "जैसा है जहॉ है के आधार पर" आयोजित की जाएगी। जिसका विवरण एवं मुख्य शर्तें निम्नलिखित हैं—

अनुसूची (SCHEDULE)

| क्र०सं० | माल का विवरण | माल की मात्रा | कुल माल की धरोहर राशि (EARNEST MONEY) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1— | AUTO PARTS | 77 नग | रु० 10,000.00 |

नीलामी मे भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बन्धित कोई भी जानकारी या माल का अवलोकन सचल दल द्वितीय इकाई, वाणिज्य कर भवन 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ कार्यालय से नीलामी से पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती/किया जा सकता है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के नियम व शर्तें—

1— नीलामी समिति का यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए नीलामी निरस्त कर सकती है।

2— नीलामी में जीएसटी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते हैं। साक्ष्य के रूप में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को अपने जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

3— नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु माल के विवरण के सम्मुख अंकित धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट/नकद, जो कि "सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल द्वितीय इकाई लखनऊ" के नाम से हो, को जमा /प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जायेगी, उसे छोड़कर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले शेष फर्म/व्यक्तियों की धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी।

4— माल "जिस दशा में है जहॉ है" उसी प्रकार नीलाम किया जाएगा। बोलीकर्ता का यह दायित्व होगा कि वह नीलामी में प्रतिभाग के पूर्व माल की गुणवत्ता एवं मात्रा की स्वयं जांच कर ले। इस सम्बन्ध में नीलामी के पश्चात् कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5— नीलामी समिति के समक्ष उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा बोली गयी धनराशि को समिति द्वारा विवेकानुसार/नियमानुसार स्वीकार/अस्वीकार किया जा सकेगा तथा स्वीकार किए जाने की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता को नीलामी की धनराशि का 25 प्रतिशत तुरन्त एवं शेष नीलामी की धनराशि निर्धारित समय 1 सप्ताह के अन्दर जमा कर माल को जिस स्थिति में है उसी स्थिति में अपने संरक्षण में लेना होगा अन्यथा स्थिति में उसका दावा निरस्त करते हुए धरोहर तथा 25 प्रतिशत जमा की गयी धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

6— वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के अंतर्गत नीलामी किए गए माल पर नियमानुसार निर्धारित कर देयता भी जमा की जायेगी।

(राजीव मिश्रा)
सहायक आयुक्त, राज्य कर
सचल दल द्वितीय इकाई, लखनऊ।
मो० 7235002233
ई—मेल:rajeev.2121979@gov.in

www.upgov.nic.in
Upid-224822 Date-24.12.2024

# पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की मनाई गई जंयती

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन सी पी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ मे लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह,व प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह की मौजूदगी मे बड़ी संख्या मे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनकी जयंती मनाई कार्यालय मे प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के समापन पर पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ अहम बैठक।

करके पंचायत चुनावों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम मे प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह द्वारा सभी प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित करते हुऐ कहा कि आगामी ग्राम पंचायतो के चुनाव के पहले प्रदेश के सभी जनपदों और जिलों में दौड़ा किया जायेगा उन्होंने यह भी कहा कि जिन जिलों में जिला अध्यक्ष द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है उनको आगे नंई जिम्मेदारी सौंपी जायेगी और नया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया जायेगा।

जबकि प्रदेश महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह जी द्वारा यह कहा गया कि प्रदेश के सभी पदाधिकारी को सभी मण्डल व जिलों की जिम्मेदारी सौंपी जाये जिससे पार्टी को मजबूती प्रदान होगी पदाधिकारी सलिल कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह संगठन सहप्रभारी राजेश श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव जनपद बहराईच से अकील अहमद प्रदेश महासचिव जितेन्द्र कुमार सोनकर प्रदेश महासचिव लखनऊ प्रमोद कुमार शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह प्रदेश सचिव डाक्टर अखिलेश कुमार द्विवेदी सहित बड़ी संख्या मे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपर्णा यादव ने किया स्थलीय निरीक्षण संबंधित को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । एक दिवसीय दौरे पर आयीं मा0 उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त)-उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने नैपालापुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, जिला बंदीगृह, जिला महिला अस्पताल के विभिन्न वार्ड के इमरजेंसी, एएनसी, पीएनसी, आयुष्मान वार्ड, सर्जिकल वार्ड, वन स्टॉप सेंटर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित को प्रदान किये। जेल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बैरक, गौशाला, रसोई घर आदि को देखा। साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि महिलाओं से कुछ अतिरिक्त कार्य कराये जायें, जिसमें बेक्ररी उत्पादन के कार्य को बढ़ावा दिया जाये।

सर्जिकल वार्ड में 16 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें 02 कन्याओं को मा0 उपाध्यक्ष महोदया ने बेबी किट, कम्बल व गर्म कपड़ों का वितरण किया तथा संबंधित को निर्देशित किया कि शेष जन्म हुये बच्चियों के परिजन को बेबी किट, कम्बल व गर्म कपड़ों का वितरण करते हुये सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के विषय में बताया जाये।

वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान मा0 उपाध्यक्ष महोदया ने वहां पर उपस्थित बच्चियों से वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली। साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि वन स्टॉप सेंटर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये। तत्पश्चात मा0 उपाध्यक्ष महोदया श्रीमती अपर्णा यादव की अध्यक्षता में पी0डब्लू0डी0 गेस्ट हाउस सीतापुर में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया कि इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को शतप्रतिशत दिया जाये।

साथ ही निर्देशित किया कि सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में महिलाओं की सुरक्षा हेतु जो भी योजनाएं चलायी जा रही हैं, उसको विद्यालय की नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये और पुलिस विभाग के सी0यू0जी0 नम्बर की लिस्ट भी चस्पा की जाये ताकि बच्चों व अभिभावकों इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। अल्पसंख्यक विभाग की समीक्षा करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी मदरसें संचालित हैं उसमें शिक्षण के कार्य की मानिटरिंग की जाये ताकि उसमें पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा मुहैय्या करायी जा सके।

पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी पिंक बूथ स्थापित हैं, वह निरन्तर क्रियाशील रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। स्कूलों के पास छात्रा-छात्राओं की छुट्टी के समय पुलिस निरन्तर पेट्रोलिंग करती रहे।

जो छात्राएं वन स्टॉप सेंटर में आती हैं, वहां एक महिला पुलिस जाकर उन सभी छात्राओं की काउंसलिंग भी करें तथा हेल्पलाईन नम्बरों के विषय में बारे में छात्राओं को जानकारी दी जाये।

# तहसील परिसर में गरीब अखबार वितरकों में बांटा गया कम्बल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। शीतलहर और सर्द हवाओं से कडकडाती ठण्ड से ठिठुर रहे गरीब परिवारों को राहत पहुँचाने के लिए तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने तहसील परिसर में गरीब अखबार वितरकों को कम्बल वितरित किये।

ठंड से कंपकंपा रहे अख़बार वितरकों में अजय कुमार, त्रिभवन नाथ, दुर्गा प्रसाद, संदीप गुप्ता, हर्षित शर्मा, आदित्य गुप्ता, शिवा कश्यप, सुरेश कुमार, हर्ष गुप्ता को जब कंबल मिला तो ये लोग कंबल पाकर खुश हो गये और तहसील प्रशासन का धन्यवाद करते हुए भावुक हो गए। तहसीलदार ने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा।

# बाबा की तेरहवीं छोड़ दोस्त का जन्मदिन मनाने आए दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

एजेंसी

कानपुर। उन्नाव जाते वक्त मोटर साइकिल सवार दो युवकों की जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित गंगापुल पर सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों युवक अपने घर के इकलौते थे। इनमें एक युवक के घर पर बाबा की तेरहवीं का कार्यक्रम था और परिजनों ने घर से बाहर निकलने के लिए मना किया था। इसके बावजूद वह अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए साथी संग कानपुर आया और घर लौटते वक्त दोनों हादसे का शिकार हो गये। डीसीपी पूर्वी एस के सिंह ने मंगलवार को बताया कि उन्नाव जनपद के अचलगंज थाना अर्न्तगत खन्नापुरवा निवासी सौरभ निषाद (20) और उसी



मोहल्ले का रहने वाला अंकित गौतम (19) सोमवार को दोस्त का जन्मदिन मनाने मोटरसाइकिल से कानपुर आए थे। देर रात दो बजे के आसपास वापस घर लौट रहे थे। अभी वे जाजमऊ के गंगा पुल पर पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान करते हुए घटना की जानकारी उनके परिवार को दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सौरभ और अंकित में काफी गहरी दोस्ती थी। दोनों ही अपने-अपने घर के इकलौते बेटे थे। कुछ दिन पहले सौरभ के दादा का देहांत हो गया था। सोमवार को उनकी तेरहवीं थी। जब उसने कानपुर में एक दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में जाने की बात कही तो परिजनों ने जाने से मना करते हुए समझाया कि तेहरवीं के दिन कहीं जाया नहीं जाता है। लेकिन उसने इस बात को नजरअंदाज करते हुए अपने दोस्त अंकित को लेकर घर से निकल गया और अगली सुबह दोनों की मौत की खबर मिली है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# बुंदेलखंड की बंजर जमीन पर मेडिसिन की खेती से किसानों के बदल रहे दिन

एजेंसी

हमीरपुर। बुंदेलखंड की बंजर जमीन पर मेडिसिन की खेती से किसानों के दिन अब बदल रहे है। हर सीजन में इसकी खेती से किसानों की दोगुनी कमाई भी हो रही है इसीलिए मेडिसिन की खेती का लगातार ग्राफ भी बढ़ रहा है। मेडिसिन की सर्वाधिक खेती हमीरपुर और महोबा में होती है। हमीरपुर जिले में मेडिसन की खेती तमाम गांवों में किसान अर्से से कर रहे है।

राठ ब्लाक क्षेत्र के औड़ेरा और बिगुआ गांवों में तमाम किसानों ने परम्परागत खेती के साथ बागवानी में मेडिसन की खेती कुछ साल पहले शुरू की जिससे अब किसानों को हर सीजन में मोटी कमाई हो रही है। औड़ेरा गांव के कौशल किशोर ने अपने ही खेतों में सर्वगंधा, अश्वगंधा, सत्तावर, हल्दी, सफ़ेद मूसली, तुलसी समेत अन्य मेडिसन की खेती कर अपनी तकदीर ही आज बदल डाली है। कौशल किशोर समेत तमाम किसानों ने बताया कि एक



हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल में बागवानी के साथ मेडिसन की खेती अर्से पहले शुरू की थी। अब इससे मोटा मुनाफा हर सीजन में मिल रहा है। बताया कि गांव के अन्य कई किसानों ने भी बागवानी में मेडिसन की खेती शुरू की है। किसान रघुवीर सिंह, महिपाल लोधी ने बताया कि बुन्देलखंड क्षेत्र में दैवीय आपदा के कारण किसानों को खरीफ और रबी की फसलों में हर साल तगड़ा झटका लगता है।

जिससे परम्परागत खेती से घर चलाना भी मुश्किल हो रहा है। इसीलिए अब मेडिसन की खेती का दायरा बढ़ाया गया है। इन किसानों ने बताया कि बाजार में सत्तावर और अश्वगंधा तीन सौ से ज्यादा रुपये प्रति किलो में आसानी से बिकती है जबकि इसकी खेती में लागत भी बहुत कम आती है। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि हमीरपुर जिले में तुलसी समेत अन्य मेडिसन की खेती सैकड़ों किसान कर रहे है।

डिपार्टमेंट से खेती करने वाले किसानों को खाद्य बीज और दवाएं मुफ्त दी जाती है। जिला उद्यान निरीक्षक सौभाग्य सोनी ने बताया कि मेडिसिन की खेती बुंदेलखंड के हमीरपुर, महोबा, जालौन समेत समूचे क्षेत्र में होती है। इसकी बाजार में मांग ज्यादा होने के कारण हर साल इसकी खेती का दायरा बढ़ रहा है।

मेडिसिन की खेती में तुलसी की पैदावार हमीरपुर के राठ, गोहांड और सरीला क्षेत्र में सर्वाधिक होती है। मेडिसन की खेती से किसानों ने अब बनाई बड़ी पूंजीगांव के महिपाल सिंह व कौशल किशोर ने बताया कि अश्वगंधा की खेती में खर्चा कम आता है लेकिन मुनाफा अच्छा होता है। बताया कि कम पानी के बावजूद भी उपज अच्छी मिलती है। 170 दिनों में अश्वगंधा की फसल तैयार होती है। इसकी खेती में प्रति एकड़ तीन हजार रुपये की लागत आती है। सरीला, गोहांड क्षेत्र में सैकड़ों किसान मेडिसन में तुलसी की खेती से तकदीर बदली है। सुमेरपुर क्षेत्र के कई किसान रामा व श्यामा तुलसी समेत अन्य मेडिसन की खेती कर रहे है।

फालतू जमीन पर पेड़ों के बीच लगाए जाते है सत्तावरजिला उद्यान निरीक्षक सौभाग्य सोनी ने बताया कि बागवानी में पेड़ों के बीच फालतू जमीन मेडिसन के पौधे लगाने में काम आती है।

पेड़ों के बीच जमीन पर सत्तावर, ढाई फीट की दूरी पर रोपित कराए जाते है। बेल पेड़ों पर बहुत ही तेजी से चढ़ती है। डेढ़ साल के अंदर सत्तावर की फसल तैयार होती है। बताया कि ये मेडिसन प्लांट है जो शक्तिवर्धक होता है। ताकत बढ़ाने के साथ मवेशियों को भी दूध बढ़ाने में खिलाया जाता है।

# चकबंदी में गलत अंश निर्धारण पर जिलाधिकारी ने तत्काल लिया ऐक्शन




एजेंसी

हरदोइ। जनसुनवाई के दौरान परगना सांडी के ग्राम मदारा निवासी प्रेमपाल पुत्र मजाकू ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मुलाकाम की। प्रेमपाल ने बताया कि चकबंदी के दौरान उनकी भूमि का अंश निर्धारण गलत कर दिया गया है।

चौथाई हिस्से की जगह आठवां हिस्सा लिख दिया गया है।

अब चकबंदी समाप्त हो चुकी है। जिलाधिकारी के यह पूछने पर कि वे समस्या के समाधान के लिए किससे मिले थे तो उन्होंने बताया कि लेखपाल से मिलकर कई बार अपनी समस्या बतायी।

लेखपाल ने उप जिलाधिकारी से मिलने को कहा। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े उप जिलाधिकारी बिलग्राम को तत्काल निर्देश दिया कि लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये और किसान की समस्या का तत्काल समाधान कराकर सूचित किया जाये। बुजुर्ग किसान प्रेमपाल चेहरे पर सफलता का भाव लेकर जनसुनवाई कक्ष से रवाना हुए।

# भाजपा लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्य के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती: राजेश लिलोथिया

एजेंसी

वाराणसी। कंग्रेस दलित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोथिया ने मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री के दिए एक बयान को लेकर राजेश लिलोथिया ने कहा कि भाजपा हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्य के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो पार्टी ने हद पार कर दी। राजेश लिलोथिया सिद्धगिरी बाग रोड स्थित एक होटल में मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने बताया कि संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कंग्रेस समेत इंडिया गठबंधन दलों के नेताओं ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर,संभल जैसे मामले पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई। उन्होंने कहा कि संसद में कंग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता की याद दिलाई । समता,समानता औ़र न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्श पर चलने की सलाह



भाजपा को कतई रास नहीं आई। संविधान पर लगातार विपक्षी दलों को बोलने से रोकने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया।

अब बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कंग्रेस पार्टी बाबा साहेब के अपमान को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफ़े की मांग को लेकर अडिग है। सड़क से लेकर संसद तक हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। हमारा मानना है कि भारत का संविधान, सिर्फ संविधान नहीं बल्कि इस महान देश की अस्मिता और इसकी एकता तथा अखंडता का सबसे बड़ा प्रहरी है । भारतीय संविधान ने भारत के करोड़ों लोगों की भावनाओं और उम्मीदों को कवच देकर उनकी भावनाओं को साकार किया । वार्ता में प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष अजय राय,जिला एवं महानगर कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल एवं राघवेंद्र चौबे ने राजेश लिलोथिया को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर जुनियर आयु वर्ग की जिला स्तरीय हाकी बालक प्रतियोगिता का आयोजन

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त निर्देशो के क्रम में जिला खेल कार्यालय सीतापुर द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर जुनियर आयु वर्ग की जिला स्तरीय हाकी बालक प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को किया गया। प्रतियोगिता में कुल 04 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विजेता उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों पुरस्कार वितरित किये गये। इस मौके जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी व खेल कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। हाकी बालक का फाइनल मैच में केन्द्रीय विद्यालय द्वितीय पाली बनाम र्स्पोट्स स्टेडियम के मध्य खेला गया, जिसमें र्स्पोट्स स्टेडियम ने 2–0 से विजय प्राप्त किया।

## 250 ग्राम अवैध मादक द्रव्य (चरस) बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवम् अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद पुलिस को सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है।उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 22.12.24 को क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिधौली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मो0 अनवर पुत्र कमर अली निवासी मोहल्ला प्रेमनगर दक्षिणी थाना सिधौली सीतापुर को संतनगर पश्चिमी रेलवे कालोनी बाग के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिससे मौके से 250 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। *बरामद अवैध चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखो में है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक कृत्यों में कई अभियोग पंजीकृत हैं।* अवैध मादक द्रव्य बरामदगी के संबंध में मु0अ0सं0 348/24 धारा 8/20 गक्ष्ठ इएद्व पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## चंदौली में पुलिस टीम ने 20 हजार के इनामी को दबोचा, फरार चल रहा था

**चंदौली।** जिले के थाना मुगलसराय पुलिस टीम, सर्विलांस/ स्वाट टीम नं संयुक्त कार्रवाही में मंगलवार को 20 हजार के इनामी बदमाश को पड़ाव चौराहे से दबोच लिया। गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी बदमाश धीरेन्द्र कुमार यादव उर्फ शेरू चक्रपानपुर थाना मिर्ज़ामुराद वाराणसी निवासी बताया गया। गिरफ्तारी के बाद, शेरू के खिलाफ अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खाद लदे ट्रैक्टर ने सेवानिवृत्त इंजीनियर को रौंदा, मौत

**हमीरपुर।** मंगलवार को अपने पड़ोसी के साथ टहलने निकले सेवानिवृत्त इंजीनियर को खाद लदे ट्रैक्टर ने कुचल दिया जिससे इंजीनियर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भमई निवासी सेवानिवृत्त इंजीनियर रामप्रकाश निगम (64) पुत्र जगन्नाथ प्रसाद निगम अपने घर से टहलने के लिए अपने पड़ोसी अरविंद पुत्र रामप्रताप सिंह के साथ शाम के समय टहलने के लिए निकले थे तभी खाद लदी ट्रैक्टर ट्राली ने इंजीनियर को कुचल दिया जिससे इंजीनियर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली छोडकर मौके से फरार हो गया जिसके चलते पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया है। थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने मंगलवार को बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में खाद लदी हुई थी और ट्रैक्टर बहुत पुरानी है। चालक फरार हो गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। मृत सेवानिवृत्त इंजीनियर झांसी, सहित अन्य शहरों में रहते थे। अभी अपने गांव आए थे। जबकि मृतक अपने परिवार में पत्नी सहित दो लड़की और एक लड़के को रोता–बिलखता छोड़ गए हैं।

## नगर उधोग व्यापार मंडल की मासिक बैठक आयोजित

**मोहम्मदी–खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक बरबर रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर संरक्षक डॉ रमा गुप्ता व गोविंद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक का संचालन आशीष गुप्ता ने किया बैठक में प्रमुख रूप से व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।प्रमुख रूप से संरक्षक डा रमा गुप्ता,गोविंद गुप्ता व अध्यक्ष आकाश सैनी ने अपने–अपने विचार रखें।बैठक के समापन से पूर्व युवा इकाई को मनोनयन पत्र सौपे गए।साथ ही मुख्य इकाई में सक्रिय सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई।बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री राहुल राठौर,कोषाध्यक्ष सैफ आलम,युवा इकाई अध्यक्ष अमित शर्मा,युवा इकाई महामंत्री जीतू मौर्या,युवा इकाई कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो0 शमीम उर्फ मोनी, पुरषोत्तम कैथवार,उपाध्यक्ष राशिद मंसूरी,संगठन मंत्री अमित कटियार समेत कार्यकारिणी सदस्य रामू राठौर,राजेश कुमार शर्मा व अजय सिंह,महताब,गौरव गुप्ता,अंकित सिंह,आरिफ खान,लईक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय अधिकार संगठन द्वारा 25 दिसंबर को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय अधिकार संगठन इस वर्ष भी 25 दिसंबर 2024 को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी और भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगा। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम सीतापुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, परसैंडी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आलोक चाटिया होंगे।कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगियों और हाथी पांव रोगियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही, रोगियों के बीच कंबल का वितरण और भोजन वितरण भी किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य समाज के उपेक्षित वर्ग को सम्मान और सहायता प्रदान करना है, साथ ही इन बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## ढलता दिन बढ़ते लेवर दो बजे तक 30 बाद में हो गए 60

**बेहटा,सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में दिन ढलने के साथ साथ लेवर बढ़ने की प्रक्रिया प्रगति पर है बहुत सी ग्राम पंचायतों में दस,पांच लेवर लगाकर एक,दो दिन काम चलने के बाद कई दिनों तक प्रधान की मिली भगत से रोजगार सेवक से लेकर मेट तक फर्जी अटेंडेंस लगाने व दिन ढलने के साथ श्रमिकों की संख्या दूनी तिगुनी होती नजर आ रही है कुछ ऐसा ही प्रकरण ब्लॉक बेहटा की ग्राम पंचायत बेहटा पकौड़ी में देखने को मिला जहां पर दिन के दो बजकर दस मिनट पर 30 श्रमिकों की उपस्थिति दिखाने के साथ दिन ढलते ही 60 लोगो की उपस्थिति दिखा दी गईं अब क्या तकनीकी सहायक महोदय किसी भौतिक सत्यापन के बाद एम, बी करेंगे क्या ब्लॉक का मनरेगा डिपार्टमेंट भी कोई भौतिक सत्यापन करेगा या नहीं ।

# टीबी मुक्त पंचायत बनाने में प्रधानगण निभाये अपनी भूमिका:आशुतोष मिश्र

❒ टीबी मुक्त पंचायत के लिये प्रधानों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

❒ निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को दे पोषण की पोटली–एडीओ पंचायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी तथा अधीक्षक डॉ मकर्कण्डेय चतुवेर्दी के आदेशानुसार टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिये स्थानीय ब्लाक सभागार में प्रधानों का मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत बनाने में प्रधानगण की भूमिका महत्वपूर्ण है।अतः आप सभी के सहयोग से हम प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 2025 को साकार करने में सहयोग कर सकते है। उन्होंने ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिये प्रति एक हजार की आबादी पर 30 टीबी के सम्भावित लक्षणों वाले व्यक्तियों की जाँच कराना है उसमें कोई रोगी न निकले या यदि उस गांव में एक रोगी हो तो उसे उपचार कर ठीक करना तथा उसे निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलाना। एवं उस मरीज को निक्षय मित्र के द्वारा पोषण की पोटली उपलब्ध कराना एवं उस रोगी के समस्त जांचों को कराकर पूर्ण कर लेने पर वह गाँव टीबी मुक्त पंचायत की श्रेणी में आ जायेगा। उन्होंने ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जायेगा उन ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। एसटीएस शाहिद अंसारी ने कहा कि टीबी के रोगियों को जाँच उपचार निःशुल्क किया जाता है तथा नवम्बर माह से प्रतिमाह एक हजार रुपये उनके खाते में निक्षय पोषण योजना के रूप में दिया जा रहा है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुई एडीओ पंचायत नीरज चतुवेर्दी ने प्रधानगणो से अपील किया कि आप सभी निक्षय मित्र बनकर अपने गांव के टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार दे ताकि रोगी दवा के साथ इसे खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाये। इस दौरान प्रधान विजय बहादुर, संजीव सिंह, राजेश, संजय,शैलेश ,मोहनलाल, अकबर, रामनगीना रमाशंकर, प्रभुनाथ, रीता देवी, दुर्गावती देवी, गीता, सरोज,मंजू देवी, सुभावती देवी,दुर्गावती देवी,रंजना,सितारा देवी एवं ब्लाक कर्मी उदयभान पांडेय,पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त एएनएम की हुई विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत एएनएम अंजनी शर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. धीरज सिंह ने उन्हें माला, बुके एवं साल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा कहा कि श्रीमती शर्मा ने अपने सेवाकाल में न केवल अपने दायित्वों का निर्वहन किया बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपने काम से मानक स्थापित किए। उनकी सेवाएं हमेशा याद की जाएंगी ।

और उन्होंने जो नींव रखी है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु कल्याण की अध्यक्षा ममता मिश्रा ने सेवानिवृत्त अंजनी शर्मा के सेवाकाल के दौरान किए गए अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमती शर्मा ने अपनी सेवा के दौरान क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति समर्पित भाव से कार्य किया जो सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर आशुतोष दुबे, अमित राय,प्रमोद कुमार, गौरव शर्मा, प्रतिभा सिंह, मंजू मौर्या, रीता श्रीवास्तव, सरला देवी, सुभावती देवी समेत सभी एएनएम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुमित श्रीवास्तव ने किया।

# अंग्रेजों से लोहा लेने के लिये विख्यात रहे स्व. राजाराम : डॉ. असीम कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम श्रीरामपट्टी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राजाराम लाल श्रीवास्तव की छठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मंगलवार को वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों के अनुसरण को ही सच्ची श्रद्धांजलि बताया। मुख्य अतिथि तमकुही विधायक डॉ असीम कुमार राय ने कहा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम लाल श्रीवास्तव बार - बार व निर्भीक होकर अंग्रेजों से लोहा लेने के लिये जाने जाते रहे। अंग्रेजों को उनकी तलाश रहती थी। वह महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित रहे। ऐसे सेनानियों की हिम्मत ने हमें आजादी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की बदौलत ही हम आज आजाद फिजा में जीवन यापन कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि इस देश का एक नागरिक होने के कारण हमारा यह परम कर्तव्य हो जाता है कि हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को हृदय में बसाए रखें जिन्होंने तमाम कष्ट सहकर भारत को आजाद कराया।भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि स्व. श्रीवास्तव का एक मात्र उद्देश्य देश को आजादी दिलाना था। कहा कि इस देश के नागरिक होने के कारण हमारा यह कर्तव्य हो जाता है । भाजपा नेता चन्द्र प्रकाश चमन ने कहा कि उन स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानें जो गुमनामी में रहते हुए देश सेवा का अपना काम करते रहे। सभा को भाजपा नेता दीपक द्विवेदी , सपा नेता संजय गुप्ता , सपा नेता संतोष तिवारी ,नन्दलाल विद्रोही, राजेश्वर सिंह , विद्याधर ओझा, डा. कन्हैया शर्मा, आदि ने स्व. श्रीवास्तव का संस्मरण साझा किया। इसके पूर्व स्व. राजाराम लाल श्रीवास्तव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। भोजपुरी साहित्य मंच के कलाकार दीपक कुमार व मैतुळ मस्ताना ने सहयोगियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विपिन लाल श्रीवास्तव ने स्वागत किया। संचालन शिक्षक व कवि मनंजय तिवारी ने किया। आयोजक व पुत्रगण अरुण प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश लाल श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव व मनोज श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड की ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता बुधवार को ग्राम पंचायत गौरीश्रीराम के माधोपुर स्थित स्टेडियम में होगा। इसकी तैयारियां पूरी हैं। उक्त आशय की जानकारी दुदही के बीओ (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी) अशोक चौबे ने दी। उन्होंने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत उक्त खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर बालक तथा बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, वालीबाल, कुश्ती, कबड्डी, फुटबाल आदि प्रतियोगिताओं में संबंधित विकास खंड में निवास करने वाले खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों के आधार कार्ड की फोटोप्रति अनिवार्य है। विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## मिड डे मील में बच्चों को दाल चावल के जगह दी गयी खिचड़ी।

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पगरा पड़री के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने के लिए मिड डे मील योजना शुरू की गई थी, लेकिन बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है।इसकी सूचना ग्राम प्रधानप्रतिनिधि को मिली तो मौके पर जाकर उन्होंने जाच किया तो देखा मेन्यू के अनुसार मंगलवार को दाल चावल की बारी है।लेकिन वहां के बच्चों को सोयाबीन डालकर खिचड़ी दिया जा रहा है।उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग किया है। तमकुही विकास खण्ड के पगरा पड़री के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने,के लिए बच्चों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मिड डे मील योजना की शुरुआत की गई हैं। जिसके अंतर्गत एक निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। लेकिन पगरा पड़री के विद्यालय में मेन्यू के अनुसार आज मंगलवार को मध्यवाहन भोजन में दाल चावल बनाने के जगह सोयाबीन चावल की खिचड़ी बनी थी।ग्राम प्रधानप्रतिनिधि अशोक गौंड ने उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए मध्यवाहन भोजन को रोक दिया। जब कि तमकुही बीईओ सुधीर कुमार ने बताया की जाच किया जाएगा बच्चों से पूछा जाएगा अगर मध्यवाहन भोजन मेन्यू के अनुसार नही बना होगा तो सम्बंधित प्रधनाचार्य पर कार्यवाहीबाकी जाएगी। जब कि ग्राम प्रधानप्रतिनिधी अशोक गौंड ने बताया कि उसके गांव के प्राथमिक विद्यालय में मध्यान भोजन में बच्चों को मेन्यू के अनुसार दाल चावल के जगह बच्चों के थाली में खीचड़ी दिया जा रहा है।

## किसानों व मिल प्रशासन में हुई झड़प, कई घायल



**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** ढ़ाढा के हरपुर में एथेनाल फैक्ट्री के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण व एक दिसंबर को प्रशासन द्वारा फैक्ट्री के पक्ष में जमीन का कब्जा दिलाने के बाद मिल प्रशासन व किसानों का विवाद रूकने का नाम नही ले रहा। मंगलवार की दोपहर मिल प्रशासन द्वारा बोई गई फसल में पानी छोड़ने व टिन शेड से बाउंड्री वॉल कराने से नाराज किसान व मिल प्रशासन आमने–सामने हो गये। दोनों तरफ से हुई झड़प में गरीमा यादव उम्र 15 वर्ष, शिवाजी, अंजली देवी, रीना देवी, सरिता देवी, दरोगा, मीरा देवी, संगीता देवी, गायत्री देवी, धर्मराज, शैलेश सहित अन्य किसानों को चोटें आई। घटना के बाद मिल प्रशासन लाठी डंडे से लैस होकर डटा रहा। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी शुशील कुमार शुक्ला मय फोर्स मौके पर पहुंचे और मिल प्रशासन व किसानों को समझा बुझाकर मामला शांत कराएं। मौके पर पुलिस व पीएसी बल तैनात है। वही मिल प्रशासन व किसानों के बीच गहमा–गहमी की स्थिति बनी हुई है।

# पोखरे में मिला दो मासूमों का शव





कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सखवनिया खुर्द टोला निरभईया के पोखरे में दो मासूम बच्चों का शव मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। जानकारी के मुताबिक गांव के पश्चिमकी ओर पोखरे में मंगलवार की शाम को 4:30 बजे करीब दो मासूम बच्चों का शव मिला। शव मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गयी। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। तब तक परिजन भी आ गए और शव की शिनाख्त दनियाल पुत्र सगीर उम्र 04 वर्ष) और अयान पुत्र अजहरुद्दीन उमर 05 वर्ष के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार सुबह 10 बजे करीब खेलने के लिए घर से निकल गए थे। काफी देर हो जाने के बाद जब बच्चे घर नहीं आये तो परिजनों को चिंता हुई काफी तलाश के बाद जब पोखरे की ओर तलाश किया तो पता चला। सूचना पर मय फोर्स एसएचओ कुबेरस्थान अजय कुमार मौर्या पहुंचे और घटना के बाबत जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक पुलिस अपनी कार्यवाही में जुटी हुई थी।

# कुशीनगर हाटा, मदनी मस्जिद प्रकरण

❒ नगर पालिका का मस्जिद पक्षकारों को नोटिस, जवाब नहीं देने पर होगी कार्रवाई

❒ मस्जिद पक्ष के लोगों को जारी नक्शा और पत्रावलियों को प्रस्तुत करने के लिए दिया गया 15 दिनों का समय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर के मदनी मस्जिद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दो ब्दशक से चार मंजिल मस्जिद का चल रहे निर्माण की शिकायत सीएम तक पहुंचने के बाद जांच शुरू हुई तो सरकारी जमीन के कुछ हिस्से में अवैध निर्माण की पुष्टि हुई। नगर पालिका प्रशासन ने भी मस्जिद निर्माण कराने वाले पक्षकारों को नोटिस जारी कर 15 दिनों के अंदर नक्शा और इससे जुड़ी पत्रावलियों को प्रस्तुत करने को कहा है। तय समय में पत्रावली प्रस्तुत नहीं करने पर निर्माण को अवैध मानते हुए नगर पालिका एक्ट के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। हाटा नगर के करमहा चौराहे पर वार्ड नंबर 21 गांधी नगर में चार मंजिल भवन का निर्माण चल रहा है। इसकी शिकायत सीएम तक पहुंची तो जांच शुरू हुई। हाटा तहसील प्रशासन की ओर से जांच के दौरान जमीन की पैमाइश कराने के बाद सौंपी रिपोर्ट में कई तथ्य सामने आए। इसमें सरकारी जमीन के कुछ हिस्सों पर मस्जिद का निर्माण कराने की भी पुष्टि हुई और दो गाटा संख्या की जमीन पर कोर्ट में मुकदमा लंबित होने का जिक्र किया गया था। सीएम से की गई है निर्माण की शिकायत हाटा के मदनी के निर्माण में सरकारी जमीन का इस्तेमाल करने और बगैर नक्शा पास कराए चार मंजिला मस्जिद का निर्माण कराने की शिकायत हाटा नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 निवासी रामवचन सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की थी। इसके बाद बुधवार को प्रशासन ने राजस्व विभाग और पुलिस की मौजूदगी में पूरे दिन मस्जिद और उसके आस-पास की सरकारी जमीनों की पैमाइश की थी। चार दिनों तक चली जांच के बाद राजस्व विभाग ने रविवार को जो रिपोर्ट सार्वजनिक की है। उसके आधार पर मस्जिद का कुछ हिस्सा आबादी के अराजी संख्या 201 में बढ़ कर बनाया गया है, जबकि शेष हिस्सा बैनामे की जमीन में निर्मित है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने बताया कि मस्जिद पक्षकारों को नोटिस जारी किया गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मस्जिद का निर्माण कार्य रोक दिया गया है। नोटिस की कार्यवाई प्रशासन की ओर से डीएम, एसपी प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कुशीनगर, एसडीएम, नगर पालिका अध्यक्ष, सीओ और थानाध्यक्ष को भेजी गई है।नोटिस मिलने के बाद मस्जिद पक्ष के लोगों में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों की माने तो जिस समय मस्जिद का निर्माण शुरू हुआ था।

# एनई रेलवे ने फाजिलनगर को हराकर सेमीफाइनल में बनाया जगह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। फाजिलनगर के पावानगर महावीर इण्टर कालेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 19 वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में एनई रेलवे की टीम ने मेजबान आजाद स्पोर्ट्स फाजिलनगर के टीम को छः विकेट से हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एनईआर के खिलाड़ी शमशुल होदा को बेहतर गेदबाजी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। मंगलवार को दस बजे से शुरू हुए इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ एआरटीओ कुशीनगर मुहम्मद अजीम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मेजबान टीम के कप्तान जमशेद आलम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाजिलनगर की टीम निर्धारित तीस ओवरों के मैच में 26वें ओवर में एक गेंद शेष रहते सभी विकेट गवांकर 203 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें निखिल राव ने 34 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्के और दो चौकों के मदद से 44 रन, प्रशान्त श्रीवास्तव ने 18 गेंदों का सामना करते हुए तीन छक्के, तीन चौकों के मदद से 35 रन, हन्नान रिजवान ने 15 गेंदों का सामना करते हुए दो छक्के, चार चौकों के मदद 32 रन, राजदीप सिंह ने 18 गेंद पर दो छक्के और चार चोलो के मदद 30 सइम हसन ने 16 रनों का योगदान दिया। इसके अलावे कोई खिलाड़ी दहाई का अंक पार नहीं कर सका। एनईआर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए शमशुल होदा ने छः ओवर डालते हुए 28 रन देते हुए तीन विकेट, राजनायक, शिवम दीक्षित, तथा प्रशांत अवस्थी ने दो - दो विकेट तथा निशांत राय ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनईआर टीम ने 25वें ओवर के तीसरे गेंद पर चार विकेट गवांकर मैच को जीत लिया। एनईआर के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए शिव कुमार राठी 39 गेंदों का सामना करते हुए पांच छक्के तीन चौकों के मदद 58 रन, कीर्ति वर्धन ने 38 गेंदों पर चार छक्के और दो दो चौकों के मदद 38 रन, अन्नू कुमार ने 15 गेंदों पर चार चौकों के मदद से 28, निशांत राय ने 34 गेंदों पर एक छक्का, तीन चौकों के मदद से नवाद 27 रन तथा अभिषेक पाण्डेय ने पांच चौकों के मदद से 25 रनों का योगदान देकर टीम को विजय दिलाया।

# मौत की नींद सुलाने वाले अवैध हास्पिटल पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

❒ बेसमेंट मे अवैध तरीके के संचालित मन्नत हास्पिटल लोगो को सुला रहा है मौत की नींद

❒ हास्पिटल संचालक और स्वास्थ्य विभाग के बीच हुआ लाश का सौदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। स्वास्थ्य विभागके निकम्मेपन के कारण बेसमेंट मे अवैध रूप से संचालित मन्नत हास्पिटल, इलाज के नाम पर लोगो को बेखौफ मौत की नींद सुला रहा है। कहना ना होगा कि बीते दिनो खिरकिया-बांसी मार्ग के मुख्य सड़क के किनारे बेसमेंट में अवैध तरीके से संचालित हो रहे मन्नत हास्पिटल में पहले नवजात शिशु फिर उसकी मां की हुई मौत के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नही किया गया है।

जो न सिर्फ यक्ष प्रश्न बना हुआ है बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बतादे कि दिसम्बर माह के 15 तारीख को अवैध तरीके से संचालित मन्नत हास्पिटल द्वारा प्रसव-पीड़ा से जूझ रही महिला एक महिला का आपरेशन किया गया जहां चिकित्सक की लापरवाही के कारण आपरेशन के बाद नवजात शिशु की मौत हो गयी। परिजनों की माने तो तीन दिन बाद 18 दिसम्बर बुधवार की भोर में जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल संचालक ने उसे जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां महिला की भी मौत हो गई। हास्पिटल की लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत को लेकर आक्रोशित परिजन जिला अस्पताल से शव लेकर मन्नत हास्पिटल पहुंच और हो-हल्ला शुरू कर दिया। बताया जाता है कि परिजनों का तेवर देख मन्नत हास्पिटल के संचालक परिजनो से मामले को मैनेज करने के बिचौलियों को लगाकर अस्पताल पर ताला जड़ स्टाफ के साथ फरार हो गया। घंटो हो-हल्ला के बाद दलालो ने मामले को मैनेज कर परिजनों शान्त कर शव के साथ घर भेज दिया। इस दौरान सूचना पाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन अवैध हास्पिटल पर कार्रवाई व संचालक पर मुकदमा दर्ज कराने के बजाय भौकाल बनाकर चली आयी। सूत्र बताते है कि इसके बाद हास्पिटल संचालक विभाग के जिम्मेदारो से मिलकर मुंहमांगा बक्शीश देकर बेखौफ घूम रहा है।

## एक वर्ष से अवैध रुप से बेसमेंट मे चल रहा है हास्पिटल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से. मन्नत हास्पिटल अवैध तरीके से विगत एक वर्षो से बेसमेंट में ही संचालित होता था। यहा के लोगो द्वारा विभाग से लगातार शिकायत की जाती रही है लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारो ने कोई कार्रवाई नही की।

## काश! स्थानीय लोगो के शिकायत पर हुई होती कार्रवाई

स्थानीय लोगो का कहना है कि काश पूर्व के शिकायतों पर बेसमेंट में अवैध तरीके से संचालित मन्नत हास्पिटल पर विभाग के जिम्मेदारो ने कार्रवाई की होती तो महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत नही हुई होती। लोगो का आरोप है कि विभाग के मिलीभगत से जिले मे झोलाछाप डाक्टरों का अवैध हास्पिटल संचालित हो रहा है।

## डिप्टी सीएमओ बोले

नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. अवधेश कुशवाहा का कहना कि मौके पर टीम गई थी। कोई मिला नहीं। संचालक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं है।

## कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के हितों की मांग का नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारीयों द्वारा मंगलवार को मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि दिनांक एक अप्रैल 2005 से दिनांक दिसम्बर 2021 के विनियमित कर्मचारियों के वेतन से काटी गई भविष्य निधि धनराशि के भुगतान हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 27-09-2024 को लिए गए निर्णय के अनुरूप कार्यवाही करें। कार्यवाही पूर्ण उपरांत लगभग 1900 कर्मचारियों को लाभ प्राप्त होगा। तथा नई पेंशन योजना (ग ६ ट्ट) के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को समय समय पर जारी महंगाई भत्ते के अन्तर की धनराशि तथा बोनस का नकद भुगतान पश्चात शेष धनराशि को कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा खुलवाए गए भारतीय स्टेट बैंक के पब्लिक प्राविडेन्ट फण्ड ६ ६ क्क खाते के अतिरिक्त अन्य बैंकों के खातों में भेजने में आ रही परेशानियों का निराकरण तत्काल करें। मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा संघ को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही दोनों बिन्दुओं पर कार्यवाही कर कर्मचारियों को लाभान्वित किया जायेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-AME-TW-4-24-1 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-JNU-MX-153-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-BSB-MX-152-24-3 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3931/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम की त्वरित कार्रवाई, कृषि अनुदान में अनियमितताओं पर सख्त कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। तरबगंज तहसील के महरमपुर और रांगी गांव में कृषि अनुदान वितरण में हुई अनियमितताओं की शिका यत पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने त्वरित संज्ञान लिया और तेजी से कार्रवाई कर न्याय सुनिश्चित किया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि कृषि अनुदान का सही तरीके से वितरण नहीं किया जा रहा है और इसमें अनियमितताएं की जा रही हैं।शिकायत की जांच में यह आरोप सही पाया गया।इसके बाद जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से लेख पाल नीतीश कुमार को उनके पद से हटाकर उन्हें रजिस्ट्रार कार्यालय,तहसील तरबगंज में संबद्ध कर दिया।साथ ही, उनके पूर्व के क्रियाकलापों और अनुदान वितरण में उनकी भूमिका की गहन जांच के निर्देश दिए गए।इसके अलावा, जिलाधिकारी ने तहसीलदार तरबगंज को स्पष्ट निर्देश दिया कि अनियमितताओं की व्यापक जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इस मामले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, ''हम ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी प्राथमिकता निष्पक्ष जांच और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।''जिलाधिकारी की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई ने ग्रामीणों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत किया है।ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर प्रशासन ने त्वरित न्याय सुनिश्चित किया।इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित ग्रामीणों को राहत मिली है,बल्कि यह उन सभी अधिकारियों के लिए सख्त संदेश है जो अपने दायित्वों का सही तरीके से पालन नहीं करते हैं।

## बलिया के नए एसपी ने शराब तस्करी बंद कराने पर दिया जोर

**बलिया।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक डा. ओमवीर सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। सोमवार रात में चार्ज लेने के बाद मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने शराब तस्करी बंद कराने पर जोर दिया है। वर्ष 1992 में पीपीएस में सेलेक्शन के बाद ओमवीर सिंह को 2014 में आईपीएस कैडर मिला। आईपीएस बनने के बाद पड़ोसी जिले गाजीपुर के एसपी रहे हैं। बलिया आने से पहले लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी पश्चिमी थे। नवागत एसपी डा. ओमवीर सिंह ने पत्रकारों से अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिले की सीमा के अंदर खासकर बिहार बार्डर पर शराब तस्करी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पशु तस्करी पर भी लगाम लगाया जाएगा। आमजन के लिए पुलिस को सहयोगी बनाया जाएगा।

अपराध पर पूरी तरह से ब्रेक लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ओमवीर सिंह से पहले विक्रांत वीर जिले के पुलिस कप्तान के तौर पर करीब छह माह कार्य किया।

## बूढ़ादेवर तालाब का होगा सौंदर्यीकरण : मंडलायुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने ग्राम पंचायत बूढ़ादेवर के एक तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उपायुक्त मनरेगा को स्थलीय निरीक्षण कर तालाब की सफाई, चारों ओर सीढ़ियों, बेंचों के निर्माण और पौधरोपण सहित अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीणों और मुहल्लावासियों की लंबे समय से मांग रही है।

कि आवास विकास कॉलोनी के समीप स्थित इस तालाब का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाए।पर्यावरण की शुद्धता और क्षेत्र की सुन्दरता बनाए रखने के उद्देश्य से इस कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है।

गणेश दत्त पुत्र वीरेंद्र बहादुर, निवासी बूढ़ादेवर द्वारा इस मामले को मंडलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।उनके आवेदन पर ध्यान देते हुए मंडलायुक्त ने तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित करने और इसकी रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# देश व धर्म के लिए बलिदान हुए चार साहिबजादे: सुवेद वर्मा

❐ आरपीएस इंटर कॉलेज मे आयोजित वीर बाल दिवस संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि जिलाउपाध्यक्ष सुवेद वर्मा सहित मौजूद अन्य व छात्र छात्राएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । भारतीय जानता पार्टी द्वारा मनाये जा रहे वीर बाल दिवस सप्ताह पर जरवल मण्डल ने आरपीएस इंटर कॉलेज मे एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुवेद वर्मा व विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष जरवल पवन वर्मा रहे। संगोष्ठी मे छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीदी दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की शहादत के उपलक्ष्य पर पूरे देश में यह पर्व मनाया जा रहा है। मुगल सम्राट औरंगजेब की सेना से लड़ते हुए गुरू गोविंद सिंह के चारों साहिबजादे देश व धर्म की रक्षा के लिए शहीद हो गए। ''इन पुत्रन के सीस पर वार दिए सुत चार,चार मुए तो क्या भया, जीवित कई हजार।'' धर्म रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भाजपा मण्डल महामंत्री प्रदीप जायसवाल, आचार्य सुनिधि देव मिश्र,विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव,महामंत्री युवा मोर्चा ऋषि राजपूत, उत्तम वर्मा,राम सिंह वर्मा, चतुर्गुण वर्मा सहित आदि गणमान्य लोग व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिना हेलमेट फर्राटा भरते देखे जा रहे स्कूली छात्र

❐ सड़कों पर मौत बनकर बेखौफ वाहन दौड़ा रहे नाबा लिग जिम्मेदारों की चुप्पी बर्बाद कर रही भविष्य...

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोटर साइकिल पर सवार चार नाबालिग स्कूली छात्र

गोण्डा। जिले में नाबालिग किसकी अनुमति से सड़क पर वाहन पर चार सवारी बैठा कर दौड़ा रहे हैं,इस प्रश्न पर जिम्मेदार चुप्पी साधे देखे जा रहे हैं।विभाग के जिम्मेदारों को बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर नाबालिग खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

जिम्मेदारों के आंखों के सामने न केवल वाहन दौड़ा रहे बल्कि मोटर यान के नियमों का भी मखौल उड़ा रहे हैं।जिम्मेदारों की घोर लापरवाही के कारण नाबालिग खुद के साथ अन्य वाहन चालकों की जान भी खतरे में डाल रहे हैं।जबकि.आए दिन क्षेत्र में कहीं ना कहीं बच्चों के चक्कर में राहगीरों पर मुसीबत बनी देखी जाती है।इसके बावजूद न विभाग के जिम्मे दार न ही अभिभावकों ने सबक लिया।नतीजन सड़क चौराहों पर हादसे होते देखे जाते के रहे हैं।फिर भी पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ देखा जाता है। क्षेत्रवासियों की लगातार मिल रही शिकायतों परराष्ट्रीय हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स कि टीम ने चौराहों का जायजा लिया तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई।

स्कूलों में नाबालिग छात्र बाइक और छात्राएं स्कूटी लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं।दोपहर को छुट्टी होने के बाद मुख्य चौराहों पर बेखौफ फर्राटे भर रहे हैं। जबकि, नाबालिगों का वाहन चलाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है,फिर भी न तो अभिभावकों को परवाह है और न ही शिक्षकों को।

यही वजह है कि कस्बे के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी नाबालिग वाहन चालकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रहीं है। नाबालिगों के वाहन चलाने के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है।किशोर बगैर हेलमेट के तेज गति से बाइक चलाते सड़कों पर दिख रहे हैं लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।क्षेत्र के विभिन्न इलाकों नाबालिग छात्र पावर बाइक स्पीड से दौड़ा रहे हैं। आगे चल रहे वाहनों को ओवरटेक कर रोग साइड आ जाते हैं।ऐसे में अपनी लेन में चल रहे वाहनों से टकरा जाते हैं।सड़कों पर आए दिन हादसे होते देखे जाते हैं। अधिकतर मामले समझाइश के कारण थाने तक नहीं पहुंचते।इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासनिक अधि कारी अभिभावक बेपरवाह बने हुए हैं।

## मुरादाबाद में रेंग रही रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जनपद में रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस योजना) के तहत शहरी और देहात क्षेत्र के बिजलीघरों से जुड़ी जर्जर लाइन और खंभों को बदलने का काम पांच फीसदी भी पूरा नहीं हो सका है। इस कारण आने वाले गर्मी में फिर से लोगों को अघोषित बिजली कटौती से जूझना पड़ सकता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के निरीक्षण न करने से ठेकेदार मनमानी कर करे रहे हैं। रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत वर्ष 2024-25 में 1856 कार्य किए जाने हैं। पूरा साल बीतने को है लेकिन अब तक सिर्फ 526 कार्य शुरू हो पाए हैं। इसमें महज 62 कार्य पूरे हो सके हैं। इस तरह से पांच फीसदी कार्य भी कार्यदायी संस्था द्वारा पूरे नहीं किए गए हैं। वहीं मंगलवार को एक्सईएन अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि साइट पर पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है।

# एसपी ने पुलिस भर्ती-2023 के अभिलेखों एवं शारीरिक मानक परीक्षा तैयारियों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आरक्षी नाग रिक पुलिस के पदो पर भर्ती-2023 के अन्तर्गत अभि लेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण डीवी,पीए सटी, हेतु पुलिस लाइन में बनाए गए बोर्ड का निरीक्षण किया,पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अभ्यार्थियों के प्रवेश द्वार,बायोमैट्रिक स्थल,अभ्यार्थियों के होल्डिंग एरिया में बैठने के स्थान व डीवी,पीएसटी स्थल पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति को चेक सम्बन्धित अधि कारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कार्यदायी संस्था (परीक्षण संचालन सुरक्षा) के अधिकारियों को डीवी,पीएसटी की जो नियम एवं शर्ते है,उनके अनुरूप ही सभी अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण किए जाने तथा किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता न होने हेतु सम्बन्धित अधिका रियों को उनके कर्तब्यों के प्रति सतर्क और जिम्मेदार रहने हेतु निर्देशित किया गया।उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन के अगले चरण में अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अभ्यार्थियों की सूची बोर्ड 21 नवंबर 2024 को प्रख्यापित की गयी थी।इन अर्ह अभ्यार्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा 26 दिसम्बर से 04.जनवरी 2025 तक होना प्रस्तावित है।

जिसमें 535 अभ्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।उक्त कार्यवाही प्रतिदिन प्रातः 9:15 से प्रारम्भ होकर कार्य समाप्त होने तक संपादित की जाएगी।

उक्त कार्यवाही के दौरान अभ्यार्थियों द्वारा की गयी आप त्तियों का परीक्षण एवं उस पर निर्णय की कार्यवाही सायंकाल तीन बजे से नोडल अधिकारी,अपीलीय अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।डीवी,पीएसटी स्थल की लगातार सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। भर्ती की सुचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनो प्रकार की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं ।

## घर में घुसकर महिला से छेडछाड, केस दर्ज

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रात के अंधेरे में महिला के घर में घुसकर युवक ने छेड़छाड़ की, महिला द्वारा शोर मचाने व बच्चों के जाग जाने पर युवक महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जरवलरोड थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अनुसूचित जाति की है। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे वह अपने बच्चो के साथ सो रही थी। उसका पति जरवल चीनी मिल गन्ना लेकर गया था। तभी राजू अकेला देखकर उसके घर में घुस गया और छेड़कानी करने लगा। शोर मचाने पर गला दबाने का प्रयास किया। शोर सुनकर बच्चे जाग गए तो राजू जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया कि महिला की तहरीर पर राजू पुत्र जंगबहादुर निवासी ग्राम पारा टेपरा के विरुद्ध बी.एन.एस. की धारा 74,352,333,351(3),व एससीएसटी की धारा 3(1)घ,3(2)फ्थ में मुकदमा दर्ज कर जांच क्षेत्राधिकारी कैसरगंज को भेज दी गई है।

## बेकरी प्रतिष्ठानों से संग्रहीत किये गये नमूने

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बहराइच डॉ. अमर सिंह ने बताया कि सुशासन सप्ताह अन्तर्गत प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर में क्रिसमस पर्व के अवसर पर मिलावटी बेकरी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत चावला बेकरी, चकापुर, राजापुर, महसी के प्रतिष्ठान से 01-01 अदद मैदा एवं रस्क, लक्ष्मी होटल, रिसिया मोड के प्रतिष्ठान से खोया, रिलाइंस रिटेल शॉप, बहराइच के प्रतिष्ठान से शर्बत, हृदय राम यादव, डिगिहा तिराहा से भैंस का दूध एवं मोहन लाल यादव, डिगिहा तिराहा से 01 मिश्रित दूध का नमूना संग्रहीत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार, श्रीमती प्रीती वर्मा व अजय कुमार सिंह संग्रहीत किये गये नमूनों को खाद्य विश्लेषक को जांच हेतु प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## क्रिसमस व नव वर्ष उत्सव के दृष्टिगत आबकारी दुकानों के संचालन समय में हुआ परिवर्तन

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रदेश के आबकारी आयुक्त द्वारा क्रिसमस के उत्सव के दृष्टिगत 25 दिसम्बर 2024 के एक दिन पूर्व से अर्थात 24 दिसम्बर एवं 25 दिसम्बर 2024 तथा नव वर्ष के अवसर पर मनाये जाने वाले उत्सव के दृष्टिगत 31 दिसम्बर 2024 को दुकानों को खोले जाने का समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से रात्रि 11:00 तक निर्धारित किये जाने के मद्देनज़र उपरोक्त अवसर/तिथियों पर जनपद में संचालित समस्त फुटकर मदिरा व बीयर दुकानों हेतु पूर्वान्ह 10:00 बजे से रात्रि 11:00 तक संचालन/बिक्री की अनुमति प्रदान की जाती है।

## शिक्षित बेरोज़गारों के लिए बचत अभिकर्ता बनने का सुनहरा अवसर

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला बचत अधिकारी राजन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बचत कार्यालय, बहराइच द्वारा जनपद में राष्ट्रीय बचत योजनान्तर्गत डाकघर में निवेश कराने हेतु शिक्षित बेरोजगार पुरूष एवं महिला अभिकर्ताओं की नियुक्त हेतु अभियान संचालित किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि नियुक्त की गयी महिला अभिकर्ताओं को निवेश कराने पर धनराशि का 04 प्रतिशत व पुरूष अभिकर्ताओं को धनराशि का 0.5 प्रतिशत कमीशन देय होगा। कमीशन की धनराशि अभिकर्ता के बचत खाते में सम्बंधित डाकघर द्वारा भेजी जायेगी। जिला बचत अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि अभिकर्ता बनने हेतु इच्छुक बेरोजगार पुरूष व महिलाएं जिनकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण हैं, कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला बचत कार्यालय से सम्पर्क कर अभिकर्ता नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभिकर्ता नियुक्ति के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के दूरभाष नम्बर 05252-297554 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 27 दिसम्बर को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर 2024 को सांय 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के (शासी निकाय) की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. संजय कुमार द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

## नेशनल शूटिंग में अंश डबास ने जीते पांच मेडल

**बिजनौर।** मध्य प्रदेश के भोपाल में 14 दिसम्बर से 27 दिसंबर तक चलने वाली 67 वी नेशनल 10 मीटर शूटिंग राइफल में प्रतिभाग करते हुए अंश डबास ग्राम शादीपुर मिलक विकास खण्ड नूरपुर ने उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए अलग-अलग कैटेगिरी मे पांच मैडल जीत कर अपने गांव , क्षेत्र, जिला एव प्रदेश का नाम रोशन किया है। अंश डवास ने शूटिंग की शुरुआत आर . आर . पब्लिक स्कूल नुरपूर से की तथा हजलमून स्कूल चांदपुर में कोच आकाश कुमार की देखरेख शूटिंग की बारिकियों को सीखा। आकाश कुमार की कड़ी मेहनत व त्याग का परिणाम है कि आज जनपद के शूटर नेशनल में मेडल प्राप्त कर रहे हैं।

# महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ महिला जनसुनवाई दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, महिला थाना अध्यक्ष मंजू यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनाद राय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति द्वारा थाना पयागपुर अन्तर्गत कृष्णानगर कालोनी निवासिनी श्रीमती रीतूका विश्वास पत्नी सुप्रेम विश्वास, थाना दरगाह शरीफ के ग्राम जौहरा पो. कटरा बहादुरगंज की श्रीमती नाजमा पत्नी खलील, थाना सुजौली के ग्राम राजाराम टाण्डा निवासिनी श्रीमती प्रतिमा पत्नी शिवचन्दर व थाना कैसरगंज के ग्राम अचेहरा दा. हैदरपुर नौबस्ता निवासिनी श्रीमती यासमीन रिजवी पुत्री साकिर पत्नी शानू अली से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाय।

# घर से गायब युवक का शव उसी के खेत में पेड़ से लटका मिला

एजेंसी



बिजनौर। एक दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव उसके ही खेत में पेड़ से लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना हीमपुर दीपा के गांव मारुफपुर का रहने वाला अक्षय 23 दिसंबर की सुबह घर से निकला और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने देर रात तक सभी जगह व रिश्तेदारी में उसे खोजा लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। घरवाले गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए थाना जा रहे थे, तभी अक्षय का शव उसी के खेत में लगे शीशम के पेड़ पर लटका मिलने की जानकारी हुई। परिजन खेत पर पहुंचे तो बेटे का शव लटका देखकर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने हत्या होने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस अधीक्षक देहात रामअर्ज ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक चांदपुर राजेश सोलंकी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

# गोण्डा जिले में घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से चल रहा व्यवसायिक उपयोग

❐ घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग कानूनी अपराध,जिम्मेदार मौन...

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। वैसे तो घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग कानूनी अपराध है।इसके बावजूद भी घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग गोण्डा जिले में धड़ल्ले से किया जा रहा है। संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठा है।अब तक गोण्डा जिले में इसके विरूद्ध कोई अभियान नहीं चला है।

जिले में विभिन्न औद्योगिक संस्थान,रेस्टोरेंट संचालकों और मैरिज हॉल संचालक हलवाई, होटल ढाबे से लेकर रेहड़ी खोमचौ आदि खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के बजाय घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह गतिविधि चोरी.छिपे नहीं बल्कि खुलेआम हो रही है।नगर में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की बिक्री के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है। हालांकि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रहा है।किसी भी व्यावसायिक संस्थान, रेस्टोरेंट, होटल या मैरिज हॉल में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है।घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग न केवल गैरकानूनी है बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद खतरनाक है यदि गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण कोई दुर्घटना होती हैए तो व्यावसायिक संस्थान के मालिक मुआवजे के दावेदार नहीं होंगे। इसके बावजूद व्याबसायिक प्रतिष्ठानों के संचालक न केवल नियमों की अनदेखी कर रहे हैं बल्कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं। इस हेरा फ़ेरी के कारण सरकार को भी राजस्व की काफी क्षति हो रही है।

### गैस रिफलिंग का कारोबार भी जोरों पर

नगर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े सिलेंडरों छोटे सिलेंडरों में गैस रिफलिंग का कारोबार जोर.शोर से चल रहा है।इनके विरुद्ध तो यदाकदा ही कभी भूल कर अभियान चलाया जाता हैं लेकिन अभियान केवल खाना पूर्ति तक ही सहमत रह गए हैं।बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहनों को भी कुकिंग गैस से चलाया जा रहा है।इनमें रिलिंग भी घरेलू सिलेंडरों से की जाती है।

### जुर्माना, सजा का है प्रावधान

घरेलू सिलेंडरों का कॉमर्शिल में प्रयोग करने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान है।व इसमें अधिकतम बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। जिला आपूर्ति विभाग को इस मामले में कार्रवाई करने का अधिकार हैए लेकिन नगर में यह विभाग इस अवैध कारोबार को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है।

### प्रशासन की निषक्रियता पर सवाल

गैस सिलेंडरों के इस अनियमित उपयोग को रोकने के लिए प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।नगर में जांच और कार्रवाई के नहीं होने की स्थिति ने इस समस्या को बढ़ावा दिया है।स्थानीय लोगों और जान कारों का कहना है कि प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि नियमों पालन सुनिश्चित हो और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# जाम की समस्या को लेकर नगर पालिका में बैठक हुई संपन्न









**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल व नगर पालिका परिषद पुरनपुर की संयुक्त बैठक पालिका कार्यालय में संपन्न हुई।

यह बैठक मुख्य रूप से अतिक्रमण की समस्या को लेकर हुई। व्यापारी के दुकान के सामने जो अतिक्रमण व जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। उससे निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा व संगठन के विस्तार पर चर्चा होना भी तय हुआ है। बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, अशोक खंडेलवाल, हंसराज गुलाटी प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, विजयपाल विक्की, राहुल जायसवाल, संजय गुप्ता, आशीष गुप्ता,परख रस्तोगी,सुनील वर्मा, आशीष गुप्ता,तुषार गुप्ता, सतीश वर्मा, हर्ष गुप्ता,मुकेश वर्मा ,युवराज वर्मा,शिवम गुप्ता,सिद्धार्थ गुप्ता, सलमान, विपिन गुप्ता,जाहिद खा,दीपक सहित कई व्यापारी एवं व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

# किसान मेला में स्कूली बच्चों को श्रीअन्न के महत्व को बताते हुये पुरस्कृत किया गया

❐ गौरीगंज में किसान मेला के दूसरे दिन रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में मंगलवार को विराट किसान मेला के दूसरे दिन मिलट्स कार्यशाला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक के पर्यवेक्षण में विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगोली एवं पेन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्रों को श्री अन्न के महत्व को बताते हुये पुरस्कृत किया गया।किसान मेले में अयोध्या मण्डल के संयुक्त कृषि निदेशक अवतींद्र मिश्रा द्वारा किसानों से जैविक खेती करने की अपील करते हुये अवगत कराया गया कि किसान कृषि के साथ बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकतें हैं। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों (कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, समाज कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, इफको, फसल बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि) द्वारा अपनें विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में कृषि विभाग में संचालित सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से आये वैज्ञानिकों एवं कृषकों के मध्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों से प्रश्न कर उत्तर प्राप्त किया। इफको के क्षेत्राधिकारी अमेठी ने किसानों को नैनो यूरिया एवं डीएपी के लाभ के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी साथ ही एआर कोआपरेटिव ने आगामी दिवस में किसानों हेतु यूरिया उर्वरक की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी।कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी आदि द्वारा प्रतिभाग कर मेले में उपस्थित लगभग नौ सौ किसानों को नवीनतम तकनीकी सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

# मझोला में हुआ महिला शिक्षक संघ ब्लॉक का गठन अमरिया मालती बनी अध्यक्ष,महामंत्री



❐ दिव्या भटनागर एवं हर्षिता सिंह मीडिया प्रभारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में मंझोला में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक अमरिया की कार्यकारिणी घोषित की गई।

महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष नीराजना शर्मा द्वारा मालती देवी को ब्लॉक अध्यक्ष,जिला महामंत्री रजनी जौहरी द्वारा दिव्या भटनागर को ब्लॉक महामंत्री और जिला कोषाध्यक्ष वर्षा सक्सेना द्वारा मेघारानी और कार्यकारी जिलाध्यक्ष संगीता वर्मा द्वारा नीति सक्सेना को माला पहनाकर कार्यकारिणी घोषित की गई।इस कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनी पोखरियाल, उपाध्यक्ष आरती मिश्रा, संयुक्त मंत्री राम देई,मीडिया प्रभारी हर्षिता सिंह, लेखाकार शेफाली सिंह और आय-व्यय निरीक्षक उर्मिला रानी के नाम पर सहमति बनी। यह कार्यकारिणी महिला शिक्षक संघ की गतिविधियों को सशक्त बनाने में तथा महिला शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने में अपना योगदान करेंगी।

# गन्ने की अवैध खरीद–फ़रोख़्त करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में गन्ने की अवैध खरीद फ़रोख्त पर अंकुश लगाये जाने हेतु जिला गन्ना अधिकारी ने संयुक्त टीम बनाकर लगातार भृमणशील रहकर जाँच करने हेतु निर्देशित किया है।सूचना मिल रही थी।कि बॉर्डर क्षेत्र से उत्तर प्रदेश का गन्ना अन्य राज्यों में भेजा जा रहा रहा है।इसी क्रम में मयंक गोस्वामी उप-जिला अधिकारी अमरिया,केबी शर्मा,प्रधान प्रबन्धक गन्ना एलएच शुगर फैक्ट्री पीलीभीत एवं रामभद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत एवं प्रदीप अग्निहोत्री सचिव सहकरी गन्ना समिति पीलीभीत द्वारा चीनी मिल के आंबटित गन्ना क्षेत्र में सायं भ्रमण किया जा रहा था। जहानाबाद-अमरिया रोड पर पेट्रोल पम्प के सामने माधौपुर चौराहा के पास ट्रैक्टर संख्या यू.पी.25 बीआर 8869 के साथ भरी हुई गन्ने की ट्राली को रोका गया ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम इदरीश अहमद पुत्र श्री गुलाम सरबर निवासी ग्राम समूहा भानपुर तहसील नवाबगंज जिला बरेली बताया गया कि वह यह गन्ना सितारगंज चीनी मिल उत्तराखण्ड को बिक्री हेतु ले जा रहा है। ट्रैक्टर संख्या यू.पी. 26 ए.क्यू. 7083 के साथ भरी हुई गन्ने की ट्राली को रोका गया ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम अमित पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम भूड़ाकोनी तहसील अमरिया जिला पीलीभीत बताया गया कि वह यह गन्ना सितारगंज चीनी मिल उत्तराखण्ड को बिक्री हेतु ले जा रहा है।उक्त व्यक्तियों द्वारा सरकार के द्वारा बनायी गयी गन्ना नीति का उल्लंघन कर सरकार व किसानों को धोखा देकर अवैध रूप से गन्ने की खरीद-फरोख्त कर लाभ अर्जित किया जा रहा है। जोकि ''उ0प्र0 गन्ना पूर्ति एवं खरीद अधिनियम 1953 यथा संशोधित नियमावाली 1954 के नियम 22'' की अवहेलना है। तथा धोखाधड़ी व छल के अपराध की श्रेणी में आता है। गन्ना समिति के सचिव द्वारा आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 318 (4) के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।दोनों ट्रॉलियों में कुल 227.40 कुन्तल गन्ना पकड़ा गया। चूँकि गन्ना कच्चा माल है। इसको खड़ा रखने पर इसके वजन एवं गुणवत्ता में नकुसान होना निश्चित है। अतः पकडे गये गन्ने का सामायिक निस्तारण कराये जाने हेतु गन्ने की आपूर्ति एलएल शुगर फैक्ट्री को करायी गयी।विवादित गन्ना मूल्य का भुगतान न्यायालय के निर्णय के अधीन होगा।गन्ने की अवैध खरीद फ़रोख़्त एवं घटतौली रोकने हेतु जिला अधिकारी पीलीभीत के स्तर से उप गन्ना आयुक्त मंडल बरेली के स्तर से एवं जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत के स्तर से टीमों का गठन किया गया है।

# नवागत एसपी ने कार्यालय का निरीक्षण किया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। नवागत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है और सर्वप्रथम पुलिस कार्यालय गौरीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। नवागत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज के प्रधान लिपिक कार्यालय, रिकार्ड रूम, मानीटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई, आंकिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, रानी लक्ष्मीबाई सेल, जनसूचना सेल, रिट सेल, लोक शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लंबित प्रपत्रों,अहकमातो के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यालय में नियुक्त अधिकारी,कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की साफ सफाई व अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक पाया।

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में सफारी कर रहे सैलानियों को दिखा बाघ बनाया वीडियो



**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में सर्दियों के सीजन में बड़ी संख्या सैलानी देश विदेश से घूमने के लिए पहुंच रहे हैं। यहां सफारी कर रहे सैलानियों को बाघ टहलता हुआ दिखाई दिया जिसका सैलानियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर किया है।
पीलीभीत टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों सैलानी लगातार बाघ का दीदार हो रहे है। इस दौरान सैलानियों ने बाघ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।बता दें कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में देश-विदेश से सैलानी सैर करने के लिए पहुंचते हैं। जहां सैलानी जिप्सी पर सवार होकर जंगलों की ओर निकलते हैं।जहां सैलानी वन्यजीवों का दीदार करते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में बाघों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस बाघ की वीडियो ने वन व पशु प्रेमियों की खुशी बढ़ा दी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पी.एम.श्री विद्यालय समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पी.एमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबन्ध व सलाहकार समिति की बैठक कल देर शाम गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में आई बाढ़ से विद्यालय की सड़क एवं चाहार दीवारी क्षतिग्रस्त होने की समस्या बताई गई।उक्त समस्या के सम्बन्ध में सड़क एवं चहारदीवारी के निर्माण एवं मरम्मत कराने के निर्देश दिये। विद्यालय के मुख्य द्वार के पास कोई शौचालय न होने की समस्या से अवगत कराया गया। बैठक में ऊर्जा के नवीकरण संसाधनों के अन्तर्गत सोलर वाटर हीटर छात्रों के लिए छात्रावास में लगवाये जाने की अपेक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने पंखें, कम्प्यूटर सहित अन्य आवश्यक उपकरण क्रय आदि के सम्बन्ध में चर्चा की।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला पूर्ति अधिकारी, प्रधानाचार्य नवोदय विद्यालय सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरहंगों ने फिल्मी स्टाइल में युवक को पीटा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मुंशीगंज क्षेत्र में आधा दर्जन सरहंगों ने फिल्मी अंदाज में पहले एक युवक को अगवा कर उसे अपने गांव ले जाकर बेरहमी से पिटाई कर दी गई। क्षेत्र में अपना वर्चस्व जमाने के लिये दबंगों ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्जकर तलाश शुरू कर दी है लेकिन पुलिस के हाथ खाली है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे शुक्लन मजरे चिलबिली गांव निवासी शोभित दुबे बाइक से किसी काम से कमलानगर बाजार गया था। बाजार से लौटते समय दो बाइक सवार आधा दर्जन सरहंगों ने उसे जबरन अपनी गाड़ी पर बैठाया और अपने गांव के प्राथमिक स्कूल के पीछे ले जाकर फिल्मी स्टाइल में लाठी डंडों से शोभित की पिटाई की।इस दौरान एक हमलावर ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर रील बनाते हुये सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।वीडियो वायरल होने के बाद घटना ने तूल पकड़ लिया।पीड़ित ने सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये मुकदमा दर्जकर लिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित ने दो आरोपियों की पहचान की है। दो नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार छापेमारी की जा रही है।

## शाहगढ़ में मिशन वात्सल्य योजना के तहत हुई बैठक

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विकास खण्ड शाहगढ़ में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी शाहगढ़ की अध्यक्षता की गयी जिसमें समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी के संरक्षण अधिकारी अजय कुमार के द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हितों के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्पॉनसरशिप, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से परिचर्चा की गयी है तथा इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन का लाभ ले रही लाभार्थियों को उनकी फैमिली आईडी बनाये जाने पर जानकारी प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी अन्जली सरोज द्वारा विकास खण्ड में समस्त छह वर्ष से चौदह वर्ष के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए उनके सर्वांगीण विकास व उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जोडने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## पति समेत नौ ससुराली जनों के खिलाफ दहेज़ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव महेशपुर मजरे महिया सिंदुरिया की विवाहिता ने पति समेत नौ ससुराली जनों पर दहेज़ उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है।थाना क्षेत्र के महेशपुर मजरे महिया सिंदुरिया निवासी उषा देवी ने थाने पर दी तहरीर में लिखा हैं कि मार्च 2017 में उसका विवाह हिन्दू रीति रिवाज़ के साथ हुआ था।विवाह में पिता ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज़ भी दिया था।विवाह के बाद के बाद कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक ठाक था। ससुर की मौत के बाद से ही सभी ससुराली जन गम्भीर आरोप लगाते हुये मारपीट करने लगे। ससुराली जन पति को मुझे मारने के लिये व दहेज़ में पांच लाख रूपये लाने के लिये उकसाने लगे जिससे मेरे पति मुझे मारते पीटते एवं पांच लाख रूपये लाने के लिए प्रताड़ित करते हैं।

## राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य बने दिलीप गुप्ता

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के राष्ट्रीय अयक्ष रवि शंकर अंगारा ने सुल्तानपुर जनपद गोरा बारीक निवासी व्यवसायी दिलीप कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया। दिलीप गुप्ता की मेहनत व लग्न निस्वार्थ भाव से पार्टी हित में काम करना वैश्य समाज की आवाज को उठाना आिक से आिक वैश्य समाज के लोगों को पार्टी में जोड़ने का कार्य को देखते हुए पार्टी ने इन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य मनोनीत होने पर जिला अयक्ष सुनील कुमार कसौन, जिला उपायक्ष राहुल कसौन, जिला महामंत्री प्रेमसागर अग्रहरि, जिला महासचिव सुनील कसौन, विश्वनाथ कसौन, नगर अयक्ष अनुज अग्रहरि, नगर मंत्री विनय कसौन, मीडिया प्रभारी अजय साहू, अंकित जायसवाल, रामू मोदनवाल, अनूप सोनी, राम.पाल जायसवाल, मोहित अग्रहरि, आदर्श अग्रहरि आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# कमरौली पुलिस ने तीस लाख रुपये की स्मैक के साथ कारोबारी को पकड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। थाना कमरौली पुलिस ने कोयलारा क्रासिंग के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक बाइक सवार युवक के कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक और बिक्री के साढ़े तीन हजार रुपये के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी कीमत तीस लाख रुपया बताई जाती है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक शिवमूर्ति यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर होण्डा साइन मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 एफ 5287 सवार शोएब अहमद पुत्र तौफीक अहमद निवासी सौना थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को कोयलारा क्रासिंग, सिन्दुरवा रोड के पास से समय करीब नौ बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में गिरफ्तार युवक के कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक व तीन हजार पांच सौ रुपये बरामद हुये।

स्मैक बरामदगी के सम्बंध में पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि मैने यह स्मैक एतमाद हुसैन उर्फ मत्तू पुत्र जुबेर निवासी तेतारपुर थाना बाजार शुकुल जनपद अमेठी से खरीदा है जिसे आज बेचने के लिये जा रहा था। बरामद रुपये के बारे में बताया कि यह रुपये भी स्मैक बिक्री के हैं। युवक होण्डा साइन मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका जिसे पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया है।

इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष अमिनेष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और फरार युवक की तलाश की जा रही है।

**खबर का असर**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्सरे मशीन का संचालन शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुलतानपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बिगड़ी व्यवस्था में ीरे ीरे सुाार आना शुरूहो गया है लेकिन अभी भी प्रभारी चिकित्साािकारी द्वारा ओपीडी नही की जा रही है जिससे आम जनमानस में नाराजगी दिख रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्दीराय में प्रभारी चिकित्साािकारी के रवैये के चलते अव्यवस्थाओ का शिकार हो गया था। केन्द्र पर वर्षो से रखी एक्सरे मशीन टेक्शियन के अभाव में ूल फांक रही थी, केन्द्र के वार्डो में बेडो पर चादरे गायब थी विगत दिवस समाचार पत्र ने इसकी खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी खबर को उप मुख्यमंत्री के ट्विटर पर ट्वीट भी किया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक्सरे मशीन की शुरूआत करवाई है डा रमेश यादव ने कहा कि मंगलवार को कुल 36 मरीजो का एक्सरे हुआ है। खबर छपते ही बेडो पर विछाई गई चादर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्दीराय पर फैली अव्यवस्था के चलते वार्डो में पडे बेडो पर बिना चादर बिछाए ही मरीजो का इलाज किया जा रहा था। मंगलवार को समाचार पत्र ने इसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था, केन्द्र पर कर्मचारियो ने खबर छपते ही कई वार्डो में बेडो पर चादर विछाई। डा.रमेश यादव ने बताया कि वार्ड व्वाय को निर्देशित किया गया कि बेडसीट को समय समय पर बदला जाय ऐसा न करने पर संबंाित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र के लोगो में प्रभारी चिकित्साािकारी के मरीज न देखने को लेकर हो रही चर्चा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्दीराय में शासन के निर्देशो का पालन अभी भी नही किया जा रहा है, क्षेत्र के कई लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि केन्द्र पर पूर्व में कार्यरत लगभग सभी प्रभारी चिकित्साािकारी द्वारा विभाग का सारा कार्य देखने के बावजूद भी मरीजो को देखकर उनका समुचित इलाज करते थे। केन्द्र पर पूर्व में तैनात डा आरडी सिंह डा के के सिंह, डा डीपी सिंह सहित दर्जनो चिकित्सिक अपने कार्यकाल में केन्द्र पर विभागीय कार्यो का निर्वाहन करते हुए भी मरीजो को देखते थे।

# दरवाजे की शान कुओं का मिट रहा निशान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। कभी दरवाजे की शान माना जाने वाले कुओं का आज नामोनिशान खत्म हो रहा है। कुओं की उपेक्षा ,बदहाली से आज गांवों में कुओं के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है। करीब पांच दशक पहले गांव से लेकर शहर तक संभ्रांत, कुलीन परिवारों के दरवाजे पर कुआं शान, कुलीनता की पहिचान हुआ करता था। शुद्ध पेयजल के लिए गांव में इक्क-दुक्क कुओं से इर्द-गिर्द के परिवार रस्सी के सहारे पहले मिट्टी के घड़े से पानी निकाल कर ले जाया करते थे। ीरे-ीरे लोहे की बाल्टी, गगरा से पानी निकाल कर ले जाया जाता था। बहुउद्देशीय रहे कुंऐ ,

कुओं का उपयोग मांगलिक कार्यों जैसे शादी से पहले बारात निकलने पर कुआं की पूजा अर्चना की जाती थी जो आज भी प्रचलन में है।

रास्ते के किनारे चौराहों पर पौशाला चलाकर राहगीरों को पानी पीने की सुविाा, घरों में पीने के पानी, नहाने, कपड़ा ोने, खेतों की सिंचाई के लिए चर्खी, बैलों से चलने वाली रहट,आपातकाल में आग बुझाने, यहां तक कि पागल कुत्ते के काटने पर बिष से राहत के लिए कुंआ में झांककर अपना चेहरा देखने का प्रचलन था। यहां तक कि संभ्रांत परिवारों में घर के आंगन में कुआं शान हुआ करता था।दरवाजे के अलावा दूर दराज खेतों में भी सिंचाई करने के लिए कुओं को खोदा जाता था। ऐसे होता था कुंओ का निर्माण करीब पांच दशक पहले कुंओ की खुदाई से पहले गूलर के पटरी से कुआं का निाारित व्यास बनाया जाता था। फिर कुंऐ की खुदाई की जाती थी। गूलर की पटरी नीचे लगाकर उसी के ऊपर ईंट की दीवार खड़ी की जाती थी। परंतु, आखिरी दिन कुंऐ की निचली सतह पर चांड़नी अर्थात पानी के भारी श्रोत मिलने के अवसर पर इर्द-गिर्द गांवों के लोगों के सहयोग से चांड़नी की जाती थी।उस दिन वहां पहुंचने वाले सहयोगी व शुभेच्छु सभी को सतुआ देकर सहभोजन भी कराया जाता था। कुंओ का मिटता निशानसमय के साथ बढ़ते संसाानों से हैंडपंप, ट्यूब बे्ल,समरसेबल, टोंटी से पानी जैसे सुविााएं उपलब हो जाने से आज कुंओ का निशान मिट रहा है। दरवाजे की कभी का शान कुओं को लोग खरपतवार, मिट्टी से पाटकर पहिचान मिटा रहे हैं।जिसे आज भी बहुत से लोग अशुभ संकेत मानते हैं। क्या कहते हैं लोग

1- अनिल निषाद कहते हैं कि पहले के समय में गांव में इक्क-दुक्क कुआं हुआ करता था जिससे ,लोग पीने के पानी, नहाने ोने के उपयोग में लाते थे परंतु ,आज भौतिकवादी युग में लोग पुरखों के बनाए हुए कुंओ का निशान मिटा रहे हैं।

2- ािखा त्रिपाठी का कहना है कि कुआं खोदना बहुत ही पूर्ण का काम माना जाता था। पुराने जमाने में खुदाई किए गए कुंओ का आज लोग पाठ कर अपरा कर रहे हैं।

3- विजयधर पाठक कहते हैं कि गांव में कुओं की दशा बहुत खराब है। यहां तक की लोग कुएं में गांव का सारा कचरा पाट रहे हैं। जो हमारे सनातन ार्म के लिए अच्छा नह है। कुंआ हमारे सनातन ार्म में आस्था का प्रतीक है।

4- सरस्वती देवी कहती हैं कि कुंओ की उपेक्षा कर रहे लोगों को इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है। लोगों में सद्बुद्धि आऐ, यही हमारी इच्छा है।

# राज्य महिला आयोग सदस्य की अध्यक्षता में जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ गोमती सभागार में महिला जनसुनवाई की गई।उनके आगमन पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। ततपश्चात जनसुनवाई प्रारम्भ की गई मंच का संचालन मीनाक्षी पाठक द्वारा किया गया। सदस्या ने 25 पीड़िताओं की समस्याओ को सुना व पीड़ित महिलाओं की समस्या को सम्बंधित थाने व विभाग के माध्यम से निस्तारित करने हेतु निर्देश दिए इसी क्रम में महोदया से कुछ युवा छात्राओं ने कॅरियर से सम्बंधित सवाल भी किये एवं छात्राओं को सदस्या ने संतोषजनक जबाब देकर उनको हाईजीन किट से सम्मानित किया इसके पश्चात समस्त विभागों की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की गई उपस्थित अधिकारियों ने विभागीय रिपोर्ट साझा की है।समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।उसके पश्चात जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया जहाँ महिला कैदियों एवं बच्चों की समस्याओं को सुनकर जेल अधीक्षक को व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने हेतु निर्देश दिए इसी क्रम जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया अस्पताल में महिला वार्ड में उचित व्यवस्थाओं व महिलाओं के खान पान से सम्बंधित सीएमएस राजेश कुमार व संगीता अनेजा प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए ततपश्चात वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया जिसमें दो बालिकाएं अल्पावासित पाई गईं जिनकी समस्याओं को जाना सेंटर में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली व्यवस्थाएं उचित पाई गई एवं इसी क्रम में आवासीय कस्तूरबा गाँधी विद्यालय का निरीक्षण किया गया जहाँ बच्चों को से वार्ता की उनको मिल रही सुविधाओं को जाना व आवश्यक निर्देश दिए।उक्त अवसर पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी जिला मुख्य विकास अधिकारी,समाज कल्याण अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,सेंटर मैनेजर,चाइल्ड हेल्पलाइन टीम,डीसीपीयू टीम कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# पारदर्शी हो लोकतंत्र

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा,वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके। निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी।

# महान राष्ट्र-सपूतों में अग्रणी थे अटल बिहारी वाजपेयी

**अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयन्ती पर विशेष**

**उत्तर प्रदेश में आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत में अध्यापक थे। वहीं शिन्दे की छावनी में 25 दिसंबर 1924 को ब्रह्ममुहूर्त में उनकी सहधर्मिणी कृष्णा वाजपेयी की कोख से अटलजी का जन्म हुआ था। महात्मा रामचन्द्र वीर द्वारा रचित अमर कृति 'विजय पताका' पढ़कर अटलजी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। छात्र जीवन से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने और तभी से राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति का पाठ तो पढ़ा ही, साथ-साथ पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, दैनिक स्वदेश और वीर अर्जुन जैसे पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक करते रहे। अटलजी ने किशोर वय में ही एक अद्भुत कविता लिखी थी-हिन्दू तन-मन हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, जिससे यह पता चलता है कि बचपन से ही उनका रुझान देश हित, राष्ट्रीयता एवं हिन्दुत्व की तरफ था।**

भारतीय राजनीति का महानायक, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता, भारत रत्न, प्रखर कवि, वक्ता और पत्रकार श्री अटल विहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को भारत सरकार प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। इस वर्ष हम उनका 100वां जन्मोत्सव मना रहे हैं, जिन्होंने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, विचारक एवं समाज सुधारक एवं राष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे। अटलजी यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये भारत के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल विहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं। वे ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस देश की सभ्यता का इतिहास 5000 साल पुराना है और जो अगले हज़ार वर्षों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कंाग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे। वाजपेयीजी बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी प्रभावित थे और उन्होंने कहा था कि अटलजी एक दिन भारत के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। आज भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का जो धरातल बना है, वह उन्हीं की देन है। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। 1977 में जनता पार्टी सरकार में उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया और वे इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण बताते थे। वे संसद में बहुत प्रभावशाली वक्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं और महत्वपूर्ण मुद्दे पर उनके भाषण खासे गौर से सुने जाते रहे हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उत्तर प्रदेश में आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत में अध्यापक थे। वहीं शिन्दे की छावनी में 25 दिसंबर 1924 को ब्रह्ममुहूर्त में उनकी सहधर्मिणी कृष्णा वाजपेयी की कोख से अटलजी का जन्म हुआ था। महात्मा रामचन्द्र वीर द्वारा रचित अमर कृति 'विजय पताका' पढ़कर अटलजी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। छात्र जीवन से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने और तभी से राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति का पाठ तो पढ़ा ही, साथ-साथ पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, दैनिक स्वदेश और वीर अर्जुन जैसे पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक करते रहे। अटलजी ने किशोर वय में ही एक अद्भुत कविता लिखी थी-हिन्दू तन-मन हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, जिससे यह पता चलता है कि बचपन से ही उनका रुझान देश हित, राष्ट्रीयता एवं हिन्दुत्व की तरफ था। राजनीति के साथ-साथ



समष्टि एवं राष्ट्र के प्रति उनकी वैयक्तिक संवेदनशीलता, जिजीविषा, व्यापक दृष्टि आद्योपान्त प्रकट होती ही रही है। उनके संघर्षमय जीवन, परिवर्तनशील परिस्थितियाँ, राष्ट्रव्यापी आन्दोलन, जेल-जीवन आदि अनेक आयामों के प्रभाव एवं अनुभूति से जुड़े विचार उनके काव्य में सदैव ही दिखाई देते थे। अटल विहारी वाजपेयी 16 मई 1996 को पहली बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन लोकसभा में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 31 मई 1996 को उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। इसके बाद 1998 तक वे लोकसभा में विपक्ष के नेता रहे। 1999 में हुए चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साझा घोषणापत्र पर लड़े गए और इन चुनावों में वाजपेयी के नेतृत्व को एक प्रमुख मुद्दा बनाया गया। गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ और वाजपेयी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। एनडीए का नेतृत्व करते हुए मार्च 1998 से मई 2004 तक, छह साल भारत के प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान उनकी सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश घोषित कर दिया। इस कदम से उन्होंने भारत को निर्विवाद रूप से विश्व मानचित्र पर एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। यह सब इतनी गोपनीयता से किया गया कि अति विकसित जासूसी उपग्रहों व तकनीकी से संपन्न पश्चिमी देशों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यही नहीं इसके बाद पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए लेकिन वाजपेयी सरकार ने सबका दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए आर्थिक विकास की ऊचाइयों को छुआ। वाजपेयीजी ने पडौसी देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को सौहार्दपूर्ण बनाने की दृष्टि से भी अनेक उपक्रम किये। 19 फरवरी 1999 को सदा-ए-सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू की गई। कुछ ही समय पश्चात पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ की शह पर पाकिस्तानी सेना व उग्रवादियों ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ करके कई पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर लिया। अटल सरकार ने पाकिस्तान की सीमा का उल्लंघन न करने की अंतर्राष्ट्रीय सलाह का सम्मान करते हुए धैर्यपूर्वक किंतु ठोस कार्यवाही करके भारतीय क्षेत्र को मुक्त कराया।

अटल विहारी वाजपेयी चाहे प्रधानमन्त्री के पद पर रहे हों या नेता प्रतिपक्ष-बेशक देश की बात हो या क्रान्तिकारियों की, या फिर उनकी अपनी ही कविताओं की, नपी-तुली और बेवाक टिप्पणी करने में अटलजी कभी नहीं चूके। भारत को लेकर उनकी स्वतंत्र सोच एवं दृष्टि रही है-ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। उनकी कविता जंग का ऐलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं। वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य-निनाद नहीं, जूझते योद्धा का जय-संकल्प है। वह निराशा का स्वर नहीं, आत्मविश्वास का जयघोष है। उन्होंने विज्ञान की शक्ति को बढ़ावा देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान जय किसान' में बदलाव किया और 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा दिया। वे जितने कद्दावर के राजनीतिज्ञ थे उतने ही गहन आध्यात्मिक भी थे। उन्होंने राजनीतिक समस्याओं के अतिरिक्त धार्मिक तथा सांस्कृतिक विषयों पर भी साधिकार कलम चलाई, एक नई दृष्टि एवं दिशा दी। इस दृष्टि से वे एक महान राष्ट्रनायक, साहित्यकार, विचारक, महामनीषी एवं चिन्तक थे। इस शताब्दी के भारत के 'महान सपूतों' की सूची में कुछ नाम हैं जो अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। अटल विहारी वाजपेयी का नाम प्रथम पंक्ति में होगा। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे वाजपेयीजी से मिलने के अनेक अवसर मिले, रायसीना हिल पर अणुव्रत आन्दोलन एवं आचार्य तुलसी के कार्यक्रमों के सिलसिले में अनेक बार मिला। प्रधानमंत्री रहते 7 रेडक्रोस रोड पर तीन-चार मुलाकातें हुई। एक बार उनके जन्म दिन पर कृष्णा मेनन मार्ग पर भी उनके दर्शनों का दुर्लभ अवसर मिला। उनमें गजब का अल्हड़पन एवं फक्कड़पन था। वे हमेशा बेपरवाह और निश्चिन्त दिखाई पड़ते थे, प्रायः लोगों से घिरे रहते थे और हंसते-हंसाते रहते थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है। भारतीय राजनीति की बड़ी विडम्बना रही है कि आदर्श की बात सबकी जुबान पर है, पर मन में नहीं। उड़ने के लिए आकाश दिखाते हैं पर खड़े होने के लिए जमीन नहीं। दर्पण आज भी सच बोलता है पर सबने मुखौटे लगा रखे हैं। ऐसी निराशा, गिरावट व अनिश्चितता की स्थिति में वाजपेयीजी ने राष्ट्रीय चरित्र, उन्नत जीवन शैली और स्वस्थ राजनीति प्रणाली के लिए बराबर प्रयास किया। वे व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के बदलाव की सोचते रहे, साइनिंग इंडिया-उदय भारत के सपने को आकार देते रहे। उनका समूचा जीवन राष्ट्र को समर्पित एक जीवन यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूहों से बाहर निकलने की यात्रा। 100वी जन्म जयन्ती पर मन बार-बार उनकी तड़प को प्रणाम करता है। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम करता है! **–ललित गर्ग**

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश या संविधान के नाम पर सिर्फ हंगामा

**संजीव ठाकुर**

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है। इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा।

## सेहत मंत्र

# शाम को जरूर करें सैर, मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे


यह तो हम सभी जानते हैं कि वॉक करना शरीर के लिए काफी अच्छा है और इसे किसी भी उम्र के लोग बेहद आसानी से कर सकते हैं। आमतौर पर बुजुर्ग लोगों के लिए तरह?तरह की एक्सरसाइज करना संभव नहीं होता। ऐसे में वह वॉक करके खुद को फिट रख सकते हैं। यूं तो सुबह के समय सैर करना काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन आप सुबह के समय वॉक नहीं कर पाते हैं तो हर दिन शाम को वॉक करने का नियम बनाएं। दिनभर काम करने के बाद जब आप रात में एक वॉक लेंगे तो यकीनन आप खुद को मेंटली काफी रिलैक्स महसूस करेंगे। यही एक समय है, जब आप महज 30 मिनट वॉक लेकर अपनी शारीरिक व मानसिक थकान को आसानी से दूर कर सकते हैं। अधिकतर घरों में देखने में आता है कि लोग खाना खाने के तुरंत बाद सो जाते हैं। जिसके कारण उनका भोजन सही तरह से पच नहीं पाता और उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर अगर आप भोजन के कुछ देर बाद शाम को टहलते हैं, जो इससे आपका खाना भी आसानी से पच जाता है और आपके पाचनतंत्र पर अतिरिक्त दबाव भी नहीं पड़ता। आपको शायद पता ना हो लेकिन शाम की सैर आपके ब्लड प्रेशर को भी रेग्युलेट करने में मदद करती है। अगर आप हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो आपको शाम की सैर जरूर करनी चाहिए। इससे आपका शरीर व दिमाग रिलैक्स महसूस करता है और आपका ब्लड प्रेशर लेवल में रहता है। शाम के समय ब्रिस्क वॉक करना अतिरिक्त वजन को कम करने में काफी सहायक है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं और जिम में मेहनत करना या समय खर्च करना आपके लिए संभव नहीं है तो आप शाम के समय ब्रिस्क वॉक करने का नियम बनाएं। आपको कुछ ही दिनों में असर नजर आने लगेगा। जब आप एक लंबे व तनाव भरे दिन के बाद वॉक करते हैं तो इससे आपको काफी रिलैक्स महसूस होता है और आप सारी नकारात्मकता को खुद से दूर रख पाते हैं।

## धर्म मंत्र

# अदभुद वास्तुकला का प्रतीक है मार्तण्ड सूर्य मंदिर

मार्तण्ड सूर्य मंदिर इस मंदिर का निर्माण मध्यकालीन युग में 7वीं से 8वीं शताब्दी के दौरान हुआ था। सूर्य राजवंश के राजा ललितादित्य ने इस मंदिर को एक छोटे से शहर अनंतनाग के पास एक पठार के ऊपर स्थापित किया था। इसकी गणना ललितादित्य के प्रमुख कार्यों में की जाती है। इसमें 84 स्तंभ हैं जो नियमित अंतराल पर रखे गए हैं। मंदिर को बनाने के लिए चूने के पत्थर की चौकोर ईंटों का उपयोग किया गया है, जो उस समय के कलाकारों की कुशलता को दर्शाता है। मंदिर की राजसी वास्तुकला इसे अलग बनाती है। बर्फ से ढंके हुए पहाड़ों की पृष्ठभूमि के साथ केंद्र में यह मंदिर करिश्मा ही कहा जाएगा। इस मंदिर से कश्मीर घाटी का मनोरम दृश्य भी देखा जा सकता है। कारकूट वंश के राजा हर्षवर्धन ने ही 200 साल तक मध्य एशिया सहित अरब देशों में राज किया था। पहलगाम का मशहूर शीतल जल वाला चश्मा इसी वंश से संबंधित है। ऐसी किंवदंती है कि सूर्य की पहली किरण निकलने पर राजा अपनी दिनचर्या की शुरुआत सूर्य मंदिर में पूजा कर चारों दिशाओं में देवताओं का आह्वान करने के बाद करते थे। वर्तमान में खंडहर हो चुके इस मंदिर की ऊंचाई भी अब 20 फुट ही रह गई है। मंदिर में तत्कालीन बर्तन आदि अभी भी मौजूद हैं। कश्मीरियों को चार सौ साल बाद मार्तंड के सूर्य मंदिर की याद फिर से आ गई है। चौदह सौ साल पुराने इस मंदिर में एक बार फिर आहुति डालने की तैयारियाँ चरमोत्कर्ष पर हैं। इतना जरूर है कि यह मंदिर, जो खंडहरों में तब्दील हो चुका है, आज भी सैलानियों को अपनी ओर खींचने की शक्ति रखता है।

## पर्यटन



# दुनिया की सबसे दूसरी लंबी दीवार है कुंभलगढ़

राजस्थान का अपना एक अलग समृद्ध इतिहास है, जो इसे सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाता है। यहां के किले व महल अनजाने ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर के आमेर फोर्ट से लेकर जैसलमेर के किले लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं, लेकिन इन्हीं के बीच कुंभलगढ़ का किला अपना एक अलग महत्व रखता है। कुम्भलगढ़ किला पश्चिमी भारत में राजस्थान राज्य के उदयपुर के पास राजसमंद जिले में अरावली पहाड़ियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर मेवाड़ का किला है। इस किले की खासियत है उसकी 36 किलोमीटर लंबी दीवार। यह राजस्थान के हिल फॉर्ट्रस में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15 वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्जा प्राप्त है। ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो आपने सुना होगा, लेकिन कुंभलगढ़ को ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है। 80 किलोमीटर उत्तर में उदयपुर के जंगल में स्थित, कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। किले की दीवार 36 किलोमीटर की विशाल लंबाई तक फैली हुई है और इसलिए इसे ''द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया'' के नाम से जाना जाता है। अरावली रेंज में फैला कुंभलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान है। यही कारण है कि राजपूतों के दिलों में इस किले के प्रति एक विशेष स्थान है। 2013 में, किले को विश्व धरोहर समिति के 37 वें सत्र में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। किले को सात विशाल द्वारों से बनाया गया है। इस भव्य गढ़ के अंदर मुख्य भवन बादल महल, शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और मम्मादेव मंदिर हैं। कुम्भलगढ़ किला परिसर में लगभग 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं, और बाकी हिंदू हैं। इस किले की एक खासियत यह भी है कि इस भव्य किले को वास्तव में युद्ध में कभी नहीं जीता गया था। हालांकि इस पर केवल एक बार मुगल सेना द्वारा छल द्वारा कब्जा कर लिया गया था जब उन्होंने किले की पानी की आपूर्ति में जहर डाल दिया था।

# छुटपुट बूंदाबांदी के बाद बढ़ गई ठंड अलाव की नहीं हुई समुचित व्यवस्था



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिले में मंगलवार को हुई छुटपुट बूंदाबांदी से मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। करीब 10 बजे हल्की बूंदाबांदी ने मौसम में नमी के साथ ठंड भी बढ़ा दी। बूंदाबांदी की वजह से दिनभर लोग ठंड में ठिठुरते दिखाई दिए। अभी तक प्रशासन द्वारा अलाव की समुचित व्यवस्था नही की गई है। जिससे लोग शर्द रातों में ठिठुरने को मजबूर है। ठंड की वजह से शहर के प्रमुख चौराहों पर अन्य दिनों की तुलना में खासा कम भीड़ रही। मंगल अधिकतम तापमान 19 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। कुछ देर के लिए धूप निकली, लेकिन बादलों ने सूरज को अपने आगोस में ले लिया। 10 बजे के करीब हुई बूंदाबांदी ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। बाजारों में भीड़-भाड़ कम हो गई। कुछ दुकानदारों ने सर्दी के कारण जल्दी दुकानें बंद कर अपने घरों की ओर लौट गए। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन दिनों तक ठंड और बढ़ सकती है। बादलों और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट जारी रहेगी। जिसको लेकर चिकित्सकों ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सतर्क रहने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है। कहा कि मौसम तेजी से करवट ले रहा है ऐसे में बच्चों बुजुर्गों सहित अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

# तंजीम कारवान ए इंसानियत एक बड़ा इंसान बनाती है सादगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। शहर की आदबी तंजीम कारवान ए इंसानियत की जानिब से मकबूल शायर शोएब अनवर का जश्न मनाया गया।शहर स्थित इरम इंटर कॉलेज ख्वाजा युनुस हाल में जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद कुमार सिंह गोप पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व अंतर्राष्ट्रीय शायर राम प्रकाश बेखुद की अध्यक्षता संचालन फैज खुमार और शाहबाज तालिब ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा शोएब अनवार की शायरी हौसला और हिम्मत के साथ-साथ जीने का सलीका भी सिखाती है। शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और उनके लंबी उम्र की भी कामना की।

अंतर्राष्ट्रीय शायर व संचालक वासिफ फारूकी ने कहा शोएब अनवर की शायरी नई नस्ल को ऊर्जा देती है उनकी सादगी ही उनको एक बड़ा इंसान बनाती है।

डॉ अंजुम बाराबंकवी अंतर्राष्ट्रीय शायर व नायब सदर कारवान ए इंसानियत ने कहा कि हम बाराबंकी वालों को फक्र होना चाहिए कि शोएब अनवर हम सबके बीच से हैं। शोएब अनवर ने और मैं एक ही साथ एक ही दिन शायरी शुरू की थी बड़ी फिक्र के मालिक हैं बड़े-नेक दिल इंसान हैं। संस्था के अध्यक्ष तारीख जिलानी ने कहा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा हमारी संस्था के लिए यह बेहद खुशी का पल है कि हम जश्न ए अनवार मना रहे हैं। संस्था की ओर से शोएब अनवर को स्मृति चिन्ह व साल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि अरविंद कुमार सिंह गोप को संस्था के अध्यक्ष व पदाधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा समाज में अच्छे कार्य कर रहे लोगों को खुमार अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया जिसमें डॉक्टर कुलदीप सिंह,चौधरी तालीम नजीब,अविरल सिंह,विनय सिंह, फातिमा जहरा को सम्मानित किया गया। मुशायरा में वासिफ फारूकी राम प्रकाश बेखुद डॉ अंजुम बाराबंक्वी डॉ अफरोज आलम शोएब अनवार उस्मान मिनाई सलमान जफर सलीम सिद्दीकी आरजू अशरफ सुल्तानपुरी शाहबाज तालिब अभी श्रेष्ठ तिवारी वंदना अनम इरशाद बाराबंकवी जाहिद बाराबंकवी रेहान रौनकी नफीस बाराबंकवी ने अपना कलाम पेश किया है। इस अवसर पर परवेज अहमद फजल इनाम मदनी हशमत अली गुड्डू वैस सलमानी अख्तर जमाल उस्मानी डॉक्टर जावेद एस एम हैदर मलिक अमीनुद्दीन इरफान अशरफ की किदवाई बिलाल अशरफ के बिलाल अशरफ की किदवाई मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जनरल सेक्रेटरी फैज खुमार बाराबंकी में आय हुए सभी अतिथि व श्रोता का आभार व्यक्त किया




# रामनगर का विकास सदैव मेरी प्राथमिकता में रहा है : संजय

## क्षेत्र पंचायत की बैठक, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित की गई।क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह को ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।एमएलसी अंगद सिंह ने खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि ये तालमेल भी रखेंगे और काम भी करेंगे।गांवों के विकास में ताल मेल होना आवश्यक है।विकास कार्य में बाधा नहीं बनना चाहिए।सरकार की योजनाओं का लाभ लीजिए और हम देने के लिए तैयार है।इसी दौरान ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी ने कहा कि आज खराब मौसम में इतनी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधानगण आए हुए हैं उनका स्वागत और आभार है। 90 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को काम देने को कहा है।ग्राम प्रधानों और ग्राम पंचायत सचिवो में तालमेल होना आवश्यक है इससे गांव में विकास होगा।ग्राम पंचायत में गुणवत्ता पूर्वक काम होना चाहिए।क्षेत्र पंचायत में भी काम अच्छा होना चाहिए यदि कोई ठेकेदार काम कर रहा है अगर कोई कमी है तो उसकी शिकायत मुझसे कीजिए।मुझे शिकायत मिली है कि गांवो में सफाई कर्मी जाते नहीं है और काम नहीं करते है।गांवों में स्वच्छता बहुत जरूरी है अगर गांव साफ होगा तभी स्वच्छ भारत सुंदर भारत का सपना साकार होगा।खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने मनरेगा,जीरो पॉवर्टी और विश्वकर्मा योजना सहित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया और ग्राम प्रधानों से सभी योजनाओं में सहयोग करने के लिए कहा है।जीरो पॉवर्टी सर्वे का कार्य ग्राम पंचायतो में 10 से 25 गरीब परिवारों को पोर्टल पर पंजीकरण होना है 29 तारीख को पोर्टल बंद हो जाएगा जिससे गरीब व्यक्ति पात्रता से वंचित हो जाएगा।बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी रमेशचंद्रा, पशु चिकित्सा अधिकारी सुरजीत सचान, रेंजर अल्पना पांडे, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार, ममता जोशी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नीलम कुमारी सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने अपने विभाग के बारे में जानकारी दी।मंच का संचालन एडीओ कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अभय शुक्ल, जेई आरआईडी,केपी सिंह, एडीओ एमआई अरुण कुमार ब्यास,लेखाकार अजय श्रीवास्तव,बाबू सरवर हुसैन,क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश अवस्थी, झब्बूलाल रावत,अमरेश कुमार, दीपक, रामसूरत चौहान,राजेश प्रताप सिंह,ग्राम प्रधान गब्बर सिंह,राकेश वर्मा,बीपी सिंह,सुनील यादव,दीपू अवस्थी, विवेक सिंह,राजा सिंह,अब्दुल मन्नान,सुभाषचंद्र रावत,वीरेंद्र कुमार रावत,अतुल वर्मा, सुधाकर वर्मा,जितेंद्र कुमार, राममनोरथ रावत,ग्राम पंचायत सचिव बीना चतुर्वेदी,दयानंद, ऋषभ पांडे,निखिल कनौजिया, विनीत राय,विजय कुमार, सहित अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

निंदूरा बाराबंकी। बूंदा-बांदी में सड़क पर फैली मिट्टी से हुए कीचड़ में बाइक फिसल गई।बाइक सामने से आ रही टाटा मैजिक से जा टकराई।हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सूचना पर पुलिस ने घायलो को सीएचसी देवा में भर्ती कराया जहां पर एक व्यक्ति की मौत हुई। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ना गांव निवासी दयाराम कुर्सी के उमरा औधोगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी कर रहा था। मंगलवार सुबह अपने साथी सिराज के साथ बाइक से वह फैक्ट्री जा रहा था। तभी लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर दारापुर चौराहे के निकट उसकी बाइक सड़क पर फैले कीचड़ में फिसल गई।और सामने से आ रही टाटा मैजिक से टकराई गई।हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हुए।पुलिस ने घायलों को घायलों का सीएचसी बड़ागांव में प्राथमिक उपचार कराने के बाद गंतव्य द् रवाना किया।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में गांव में गंदगी बना बहस का मुद्दा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकास खंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी के संयोजन में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में पंचम राज्य वित्त एवं केंद्रीय 15 वां वित्त योजना अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया । आने वाले समय में कराए जाने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने कहा कि हम सब जनप्रतिनिधि बिना किसी भेदभाव के सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करें । जिससे जनता को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए कहा की देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना पड़ेगा।

ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने विकास क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा की। कहां कि ज्यादातर क्षेत्र पंचायत वार्डों में कार्य हो रहा है।उन्होंने गांवों में फैली गंदगी को लेकर नाराजगी जताते कहा कि क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायत एसएलडब्लूएम योजना के तहत चयनित हो चुकी हैं।तथा पूर्व चयनित चार गांव ओडीएफ प्लस घोषित हो चुके हैं किंतु गांव में व्याप्त गंदगी हमें शर्मसार करती है । किसी भी विदेशी प्रतिनिधि मंडल को यदि गांव में ले जाने की बात हो तो हम नहीं ले जा सकते हैं ।

उन्होंने ब्लॉक मिशन मैनेजर की आज की बैठक में अनुपस्थित को लेकर नाराजगी जताई। खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने कहा कि गांव में गंदगी के प्रति जन जागरूकता का काम किया जाएगा।

# लापता छात्रा का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मसौली बाराबंकी। रविवार को सागर इंस्टीट्यूट मे परीक्षा देने आये छात्र का दूसरे दिन भी पता नही चला एसडीआरएफ टीम ने दूसरे दिन भी नहर में तलाशी अभियान जारी रखा। वहीं पुलिस ने नहर में जाल भी लगवाया है। इस बीच परिजनों का रोते-बिलखते बुरा हाल है।

बताते चले कि जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालापुर मजरे पिपरौली निवासी सुशील कुमार तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र शिवम तिवारी रविवार की सुबह सागर इंस्टीट्यूट मे बीएमसी प्रथम समेस्टर की परीक्षा देने के लिए निकला था जो घर वापस नही लौटा किसी अनहोनी घटना से चिंतित परिजनों ने रविवार को ही थाना मसौली मे गुमशुदगी की तहरीर दी थी सोमवार की सुबह मसौली पुलिस एव ग्रामीणों ने काफी तलाश की परन्तु पता नही चल सका। मंगलवार को क्षेत्राधिकारी रामनगर शौरभ श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक की निगरानी मे एसडीआरएफ टीम में शामिल जवानों ने मोटर बोट के जरिए सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन शाम तक भी कोई नतीजा नहीं निकल सका। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह का कहना है कि शिवम की तलाशी को लेकर नहर में दिनभर अभियान चलाया गया। फिलहाल पानी के तेज बहाव के चलते कोई सफलता नहीं मिली है, तलाश जारी है। फिलहाल मामला संदिग्ध बना हुआ है छात्र की तलाश मे पुलिस हर पहलू पर जाँच कर रही है।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में विद्युत सप्लाई आज बुधवार को दिन में साढ़े 11बजे से शाम पांच बजे तक ठप रहेगी।उक्त जानकारी देते हूए जेई दयाल चंद ने बताया कि 11हजार विद्युत लाइन के तार एनसीसी फर्म द्वारा बदले जाएंगे जिसकी वजह से उक्त समय अवधि में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## हाफ डाला से हुई सीधी भिड़ंत सात जख्मी

**बेलहरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेलहरा पेट्रोल पम्प निकट भटुवामऊ मोड़ पर मंगलवार सुबह बाराबंकी से बहादुरगंज जा रही रोडवेज बस और हाफ डाला की आमने-सामने भिडंत हुई। बस अनियंत्रित होकर गहरी खंती में पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शीशा तोड़कर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। बस में करीब दो दर्जन यात्री सवार थे। जिसमें सर्वेश कुमार (23) निवासी जानकीनगर रामपुर मथुरा सीतापुर, प्रियंका मिश्रा (33) निवासी शिवपुरी कॉलोनी बाराबंकी, मो. आमिर (28) निवासी रट्टू गोंडा बहादुरगंज थाना रामपुर मथुरा सीतापुर, राम सहारे मिश्र (45) व प्रदीप मिश्र (30) निवासी रामनगरा पारा थाना रामपुर मथुरा सीतापुर घायल हुये। घायलों को उपचार हेतु सीएचसी फतेहपुर भेजा गया। बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बस से गन्तव्य के लिये रवाना किया गया। बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जेसीबी से बस को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर लम्बा जाम लग गया। आवागमन प्रभावित रहा। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि, हाफ डाला से टकराने के बाद रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खंती में पलट जाने से पांच लोगों को चोटें आईं। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। अन्य यात्रियों को दूसरी बस से रवाना कर दिया गया है।

## शिक्षक निलम्बित

**बनीकोडर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर के प्राथमिक विद्यालय बठौली में नियुक्त सहायक अध्यापक आकाश सिंह पर लगे आरोपों की जांच खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने की। उन्होनें आख्या रिपोर्ट बीएसए संतोष कुमार देव पांडे को सौंपी। बीएसए ने सहायक अध्यापक को निलंबित करने का आदेश जारी किया।

## बस पलटी बाल बाल बचे यात्री

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की सुबह दिल्ली से यात्री लेकर गोंडा जा रही एक प्राइवेट बस थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दौरा से पूर्व भुलभुलिया के निकट अनियंत्रित होकर पलट गयी बस मे दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे जिनमे गोंडा निवासी विशेष कुमार, विनीत तिवारी, राम खेलावन मिश्रा, अब्दुल हमीद, सुनीता देवी, अम्बुज सिंह आदि लोग आंशिक रूप से घायल हो गये। हाइवे पर अचानक हुए हादसे से अफरातफरी मच गयी मौक़ेपर पहुंची पुलिस ने सभी यात्रियों को दूसरे वाहन से रवाना कर घायलों का सीएचसी बड़ागांव मे प्राथमिक उपचार कराने के बाद गंतव्य की ओर रवाना किया।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बूंदा-बांदी में सड़क पर फैली मिट्टी से हुए कीचड़ में बाइक फिसल गई।बाइक सामने से आ रही टाटा मैजिक से जा टकराई।हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सूचना पर पुलिस ने घायलो को सीएचसी देवा में भर्ती कराया जहां पर एक व्यक्ति की मौत हुई। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ना गांव निवासी दयाराम कुर्सी के उमरा औधोगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी कर रहा था। मंगलवार सुबह अपने साथी सिराज के साथ बाइक से वह फैक्ट्री जा रहा था। तभी लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर दारापुर चौराहे के निकट उसकी बाइक सड़क पर फैले कीचड़ में फिसल गई।और सामने से आ रही टाटा मैजिक से टकराई गई।हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हुए।पुलिस ने घायलों को घायलों का सीएचसी बड़ागांव में प्राथमिक उपचार कराने के बाद गंतव्य द् रवाना किया।

## स्वास्थ्य एवं प्रबंधन पर चर्चा

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वात्सलय संस्था के तत्वावधान मे पंचायत भवन बड़ा/गांव मे दो दिवसीय माहवारी स्वास्थ्य एव स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे ब्लाक की विभिन्न ग्राम पंचायतो से आयी करीब दर्जन किशोरियो को माहवारी स्वच्छता के अनेक तरीकों से परिचित कराया गया। वात्सलय संस्था के ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप की देखरेख मे चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे प्रशिक्षक नीलिमा गुप्ता, प्रीति एव सीमा देवी ने प्रशिक्षण मे किशोरियो को माहवारी स्वच्छता के जैव वैज्ञानिक, पहलुओं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमो और उनके समाधान, पोषण आहार आदि के बारे मे जानकारी दी इस दौरान माहवारी संबंधी मिथको और भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने के लिए माडल डिजाइन बनाकर प्रेरित किया कार्यक्रम मे किट पैड, पैड सिलाई सामग्री, कैसे प्रयोग करे, साबुन एव डिस्पोजल व डस्टबिन के बारे मे जानकारी दी इसके आलावा शारीरिक समझ, किशोरावस्था बदलाव के बारे मे जागरूक किया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागी किशोरियो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप द्वारा दिये गये। इस मौक़े पर पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, कमलेश कुमार अनुप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रभु राम और सुग्रीव की मित्रता की कथा सुन श्रोता भाव विभोर

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम सिसवारा स्थित दिगंबरनाथ मंदिर पर चल रहे श्रीरुद्रात्मक हनुमत महायज्ञ एव मानस संत सम्मेलन मे कथा वाचिका लक्ष्मी दीक्षित ने भगवान श्रीराम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध का प्रसंग सुनाया, जिससे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचिका ने बताया कि माता सीता हरण के बाद श्रीराम-लक्ष्मण माता सीता को ढूंढते हुए जंगल पहुंचते हैं। यहां उन्हें ब्राह्मण रूप में हनुमानजी मिलते हैं। वे वन में आने का वृतांत सुनाते हैं। हनुमान कहते हैं प्रभु जिस दुख में आप दुखी उसी दुख में महाराज सुग्रीव भी दु:खी है। हनुमान उन्हें सुग्रीव के पास लेकर जाते हैं। तीनों सुग्रीव के पास पहुंचकर चर्चा करते हैं। सुग्रीव कहते हैं मेरा भाई बाली बड़ा पराक्रमी योद्धा है। एक राक्षस के साथ युद्ध हुआ। दोनों लड़ते-लड़ते एक गुफा के अंदर पहुंचते हैं। यहां बाली ने कहा गुफा से यदि आठ दिन में बाहर नहीं आया तो समझ लेना मैं मर गया। पंद्रह दिन तक सुग्रीव ने उसका इंतजार किया, लेकिन बाली नहीं आया। एक खून की धारा निकली तो मुझे लगा मेरे भाई की मौत हो गई है। इसके बाद घर लौटा और मुझे वासियों ने राजा बना दिया। कुछ दिन बाद बाली लौटा और मुझे सिंहासन से हटाकर मारा। इसके बाद मैं मार्कडेय ऋषि के पर्वत पर रहता हूं। यहां बाली नहीं आ सकता। राम ने उसे कहा मैं एक बाण में बाली का वध कर दूंगा। सुग्रीव को विश्वास नहीं हुआ। सुग्रीव ने कहा बाली को युद्ध लड़ने वाले विरोधी का आधा बल प्राप्त हो जाता है। राम ने उसे विश्वास दिलाते हुए युद्ध के लिए कहा। इसके बाद दोनों भाइयों का युद्ध होता है।इस मौके पर गजेन्द्र सिंह शैलेन्द्र कुमार वर्मा सुरेन्द्र कुमार महेन्द्र कुमार वर्मा ओमकार यादव अप्पी वर्मा पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे ।

## चार वर्षीय अबोध बालिका से दुराचार के आरोपी नाबालिग को14 वर्ष की कैद 25 हजार अर्थदंड

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विशेष पर सत्र न्यायाधीश (बालक न्यायालय) राजीव महेश्वरम ने 4 वर्षीय बच्ची के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी किशोर अपचारी को 14 वर्ष की कैद व 25000 जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई है ।जो जमा होने पर पूरी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। विशेष लोक अभियोजक अजय सिंह सिसोदिया व योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामला लोनीकटरा थाना क्षेत्र के एक गाव का है । 14 दिसंबर 2017 को यही का निवासी एक व्यक्ति अन्य लोगों के साथ सुबह सिंचाई कर रहा था।उसके बाद वह मजदूरी करने चला गया। कुछ देर बाद उसकी 4 वर्षीय पुत्री को गांव का ही मोहित मोटरसाइकिल से बैठाकर ले गया तथा दोपहर में नहर के किनारे मोहित ने बच्ची के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया ।इसके बाद उसे वादी के खेत वाले घर के पास छोड़ दिया और भाग गया। बच्ची ने रोते हुए अपनी मां से घटना बताइ ।तो उसकी मां ने उसके पिता को फोन करके घटना की जानकारी दी ।शाम को जब पिता मजदूरी करके वापस आया और बच्ची की हालत देखकर वह उलाहना देने मोहित के घर गया जहां पर घर वालों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। तब उसने 100 नंबर डायल करके पुलिस बुलाई पुलिस ने रोहित की तलाश की लेकिन वह नहीं मिला ।इसके बाद वादी ने अस्पताल ले जाकर बच्ची का इलाज कराया तथा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। न्यायालय में सुनवाई के पश्चात गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए किशोर अपचारी को 14 वर्ष के कैद तथा 25000 जुर्माना भगतने की सजा सुनाई है।

## 2 घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को जैदपुर उपकेंद्र की सप्लाई दो घंटे बंद कर अधूरा कार्य पूरा किया जायेगा । उक्त जानकारी जूनियर इंजीनियर मिर्ज़ा परवेज हुसैन दी गई । वहीं जैदपुर विद्युत वितरण उपकेंद्र द्वारा ओटीएस करने के साथ बकाया वसूली में सुबह से शाम तक कर्मचारी प्रति दिन जारी है।31 दिसम्बर तक ब्याज में भारी छूट एक मुश्त समाधान योजना को लेकर जहां एक तरफ उपकेंद्र सहित विभिन्न मोहल्लों व गांव में कैम्प लगाकर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की गई।

# साकेंद्र ने जनता को समर्पित किया अन्नपूर्णा भवन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




निन्दूरा, बाराबंकी। ग्राम बहरौली में मनरेगा योजनांतर्गत सात लाख 45 हजार रुपए की लागत से बने अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने फीता काटकर किया। विधायक श्री वर्मा ने कहा कि, अन्नपूर्णा भवन बनने से अब ग्रामीणों को राशन प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी। कोटेदार अब इसी भवन से राशन वितरित करेंगे। जिससे राशन वितरण में पारदर्शिता और सुगमता आएगी। इन भवनों को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होनें आगे कहा कि, सरकार हर उस सुविधा को ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराने को तत्पर है, जो शहरी क्षेत्रों में मौजूद होती है। चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़कें हो या अन्य बुनियादी सुविधाएं। सभी क्षेत्रों में सरकार तेजी से काम कर रही है। इस मौके पर बीडीओ आलोक कुमार वर्मा, पूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी, ग्राम प्रधान मंजू यादव, सचिव सुधाकर सिंह, बृजकिशोर कुशवाहा, श्रीश रावत, प्रदीप रावत, दीपक यादव, उमेश यादव, प्रमोद कुमार, सचिव अमित राना, विशाल सिंह, विनय मौर्य, रामकुमार रावत आदि उपस्थित रहे।

# पंत, गिल और जायसवाल एक ही नाव पर सवार हैं, उनकी मानसिकता से छेड़छाड़ नहीं करना चाहते हैं: रोहित

एजेंसी



मेलबर्न। यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल अपनी अनियमित फॉर्म के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में एक जैसी स्थिति में है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि इन तीनों में से किसी पर भी अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा क्योंकि इससे स्थिति और जटिल हो जाएगी। जायसवाल ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 161 रन की मैच जिताने वाली पारी खेली थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया जबकि गिल और पंत अभी तक खेले गए तीन टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। रोहित ने इन तीनों बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, ''गिल, जायसवाल और पंत जैसे खिलाड़ी एक ही नाव पर सवार हैं। वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। हमें चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जायसवाल पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेल रहा है। वह पहले ही दिखा चुका है कि वह क्या करने में सक्षम है। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और जब आपके पास उसके जैसा खिलाड़ी हो तो आप उसकी मानसिकता में बहुत अधिक छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे। रोहित ने कहा, ''उसे जितना संभव हो उतना स्वच्छंद होकर खेलने दें तथा उसकी बल्लेबाजी को लेकर बहुत अधिक विचार करके उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं बनने दें। वह किसी अन्य की तुलना में अपनी बल्लेबाजी के बारे में बेहतर समझ रखता है और उसने अभी तक इसी तरह से क्रिकेट खेली है।

### मेरा घुटना ठीक है, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता ना करें: रोहित

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच से पहले अभ्यास के दौरान उनके घुटने में लगी चोट को लेकर व्यक्त की जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि वह पूरी तरह से फिट हैं लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में अपने स्थान को लेकर संदेह बरकरार रखा। रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर अभ्यास के दौरान रोहित के बाएं घुटने में चोट लग गई थी और इसको लेकर कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थी। रोहित ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मेरा घुटना ठीक है। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें अगले मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी थी लेकिन केएल राहुल ने पर्थ में 77 रन की प्रभावशाली पारी खेल कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई जिसके कारण भारतीय कप्तान को छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा। रोहित के लिए हालांकि यह बदलाव अच्छा नहीं रहा और उन्होंने अभी तक तीन पारियों में केवल 19 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ राहुल ने तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 84 रन बनाकर शीर्ष क्रम में अपना दावा मजबूत किया।

इसी तरह से गिल को लेकर भारतीय कप्तान किसी तरह से चिंतित नहीं हैं और उन्हें उन पर पूरा भरोसा है। रोहित ने कहा, '' जहां तक गिल की बात है तो हम सभी जानते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है। यह उसके कौशल पर भरोसा करने से जुड़ा हुआ है। जायसवाल की तरह हम उसके लिए भी चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहते हैं। वह अपनी बल्लेबाजी को बहुत अच्छी तरह से समझता है।

# आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीम घोषित, निकी प्रसाद होंगी कप्तान

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने आगामी आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। निकी प्रसाद को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि सानिका चालके उपकप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी, 2025 से 02 फरवरी, 2025 तक मलेशिया में खेला जाएगा। निकी की कप्तानी में भारत ने बांग्लादेश हराकर अभी हाल ही समाप्त हुए अंडर-19 महिला एशिया कप का खिताब जीता था। अंडर-19 विश्व कप में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 4 समूह में बांटा गया है, प्रत्येक समूह में 4 टीमें शामिल हैं। भारत, जो गत चैंपियन है, को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ रखा गया है। कुआलालंपुर का बायुमास ओवल भारतीय टीम के ग्रुप स्टेज मैचों की मेजबानी करेगा। भारतीय टीम अपना अभियान 19 जनवरी, 2025 को वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरू करेगी। ग्रुप स्टेज मुकाबलों के समापन के बाद, प्रत्येक ग्रुप से तीन टीमें सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करने वाली 12 टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप 1 में ग्रुप ए और ग्रुप डी से शीर्ष तीन टीमें शामिल होंगी जबकि ग्रुप 2 में ग्रुप बी और ग्रुप सी से शीर्ष तीन टीमें शामिल होंगी। सुपर सिक्स चरण में प्रत्येक टीम अपनी जीत, अंक और नेट रन-रेट (एनआरआर) को आगे बढ़ाएगी जो कि उनकी साथी सुपर सिक्स क्वालीफाइंग टीमों के खिलाफ सुरक्षित है। प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में अलग-अलग स्थानों पर समाप्त होने वाले संबंधित समूहों के विरोधियों के खिलाफ दो गेम खेलेगी। दो सुपर सिक्स चरण समूहों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सेमीफाइनल 31 जनवरी, 2025 को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 02 फरवरी, 2025 को होगा।

भारतीय अंडर-19 महिला टीम इस प्रकार हैः निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। स्टैंडबाय खिलाड़ीः नन्दना एस, इरा जे, अनादि टी।

## संक्षिप्त समाचार

### हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण तीन महीने के लिए क्रिकेट से दूर हुए बेन स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में दोबारा चोट लगने के कारण तीन महीने के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। 33 वर्षीय स्टोक्स को इस महीने की शुरुआत में सेडन पार्क में तीसरे दिन मैदान छोड़ना पड़ा था। इस मैच में इंग्लैंड को 423 रन से हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के 56वें ओवर की दूसरी गेंद एक बाउंसर फेंकने के बाद उन्हें तुरंत अपनी बाईं जांघ के पिछले हिस्से में दर्द महसूस हुआ, यह उनका 13वां और दिन का तीसरा ओवर था। अगस्त में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ़ नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए बल्लेबाजी करते समय उन्हें यही हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जिसके कारण वे दो महीने तक मैदान से बाहर रहे। इंग्लैंड लौटने पर स्कैन करवाने के बाद, सोमवार दोपहर को ईसीबी ने चोट के फिर से उभरने की पुष्टि की। स्टोक्स की चोट की गंभीरता इस सप्ताह की शुरुआत में तब पता चली जब यह पुष्टि की गई कि उन्हें फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा गया है। ईसीबी ने कहा कि मेडिकल आधार पर उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। नवंबर 2023 में भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से बाहर होने के बाद से उन्होंने इंग्लैंड की वनडे टीम के लिए नहीं खेला है। अक्टूबर 2023 में सफल घुटने की सर्जरी के बाद घरेलू समर में आने के बाद, उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 49 ओवर फेंके, जिसमें पांच विकेट लिए और इस तरह से उन्होंने अपने करियर में 200 शिकार पूरे किए। इसके बाद, घुटने में चोट लगने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा, जिससे उन्हें सीजन के अंत में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज और पाकिस्तान दौरे के पहले टेस्ट से बाहर होना पड़ा। स्टोक्स उस सीरीज के अंतिम दो मैचों के लिए लौटे लेकिन इंग्लैंड दोनों मैच हार गया, पहला टेस्ट जीतने के बाद इंग्लिश टीम 2-1 से सीरीज हार गई। उन्होंने स्वीकार किया कि पूरी तरह से फिट होने की उनकी कोशिश ने उन्हें शारीरिक रूप से थका दिया। जब सीरीज की शुरुआत में टीम क्वीन्सटाउन में एकत्र हुई, तो स्टोक्स ने टीम के माहौल पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के लिए माफ़ी मांगी। हैमिल्टन टेस्ट से पहले, स्टोक्स आशावादी थे कि वह अच्छी स्थिति में हैं और अपने शरीर को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं। अब स्टोक्स को पुनर्वास के एक और दौर से गुजरना होगा। इंग्लैंड का अगला टेस्ट मैच 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ़ होगा, लेकिन उन्हें 9 जनवरी से शुरू होने वाले एसए20 में एमआई केप टाउन के साथ 800,000 पाउंड के आकर्षक सौदे को छोड़ना पड़ेगा।

### गिल को खुद पर भरोसा करना होगा , उसने बल्लेबाजी में काफी बदलाव कर लिये हैं : पोंटिंग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपनी बल्लेबाजी शैली में काफी बदलाव कर लिये हैं जिससे विदेश दौरों पर रन नहीं बन पा रहे लेकिन उन्हें आत्मविश्वास पैदा करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में वह पहली पारी में जल्दी आउट हो गए लेकिन बाद में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने अर्धशतक जमाकर मैच ड्रॉ कराया। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा ,'' मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई सानी नहीं है। लेकिन विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने गिल की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं बन पा रहे। उन्होंने कहा ,'' मैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसे आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर दिया। बोलैंड ने सीधी गेंद पर उसे बोल्ड कर दिया। पोंटिंग ने कहा कि आमूलचूल बदलाव करने की बजाय गिल को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिये था। उन्होंने कहा ,'' उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक पर थोड़ा और काम करना होगा ताकि आस्ट्रेलिया में रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक खेलकर रन बनाये हैं जब वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ यहां उतरना होगा।

### कोंस्टास एमसीजी में टेस्ट पदार्पण के लिए तैयार, ट्रैविस हेड का खेलना संदिग्ध

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं लेकिन तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने वाले ट्रैविस हेड के खेलने को लेकर संदेह बरकरार है। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने मंगलवार को यहां अभ्यास सत्र के दौरान इस 19 वर्षीय बल्लेबाज को भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने की जानकारी दी। कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम की तरफ से टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 468वें खिलाड़ी बनेंगे। कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के बाद टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनेंगे। कमिंस ने 2011 में 18 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने संवाददाताओं से कहा, ''हम टीम बैठक से पहले अपनी बल्लेबाजी इकाई को लेकर स्पष्टता चाहते थे। हम अमूमन इस तरह का खुलासा नहीं करते हैं लेकिन हम चाहते थे कि हर कोई यह जान ले कि वह टीम में है। उन्होंने कहा, ''वह (कोंस्टास) बहुत सहज है। वह वैसा ही है जैसा कि मैं उसे टीम से बाहर रहते हुए देखा था, तनावमुक्त और सहज। वह अपने खेल को अच्छी तरह से समझता है तथा वह विरोधी टीम पर दबाव बनाने में सक्षम है। वह मौके का पूरा फायदा उठाता है। कोंस्टास को नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया जो पहले तीन टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। मैकडोनाल्ड ने हालांकि कहा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हेड की मांसपेशियों में हल्का खिंचाव है। वह तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। पिछले दो मैच में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हेड ने मंगलवार को नेट पर अभ्यास करने के बजाय सहायक कोच ब्रैड हॉज के थ्रो डाउन पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। ऑस्ट्रेलिया के कोच ने कहा, ''उसके हाथ में बल्ला देख कर अच्छा लगा। मेरी तरफ से कोई चिंता नहीं है। वह दौड़ लगाने में सक्षम है और मुझे उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएगा। मैकडोनाल्ड ने इस तरह की कोई अटकल नहीं लगाई कि अगर हेड फिट नहीं होते हैं तो उनकी जगह टीम में किसे लिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पास जोश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर के रूप में दो विकल्प हैं। हालांकि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को जोश हेज़लवुड की जगह लेने की लगभग पुष्टि हो गई है। हेजलवुड पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे हैं।

# अश्विन ने बताया धोनी की सफलता का राज, कहा-बुनियादी बातों पर टिके रहना उन्हें दूसरों से अलग बनाता है

एजेंसी



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बतौर कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की सफलता का खुलासा करते हुए कहा कि उनकी सादगी और बुनियादी बातों पर टिके रहना उन्हें दूसरे कप्तानों से अलग बनाता है। मैदान पर सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक माने जाने वाले धोनी ने भारत के लिए हर ट्रॉफी जीतने के बाद संन्यास ले लिया। 2007 में, धोनी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में एक युवा भारतीय टीम को टी20 विश्व कप चैंपियन बनाया। चार साल बाद, वह कपिल देव की अगुआई वाली 1983 विश्व कप विजेता टीम के बाद भारत को एकदिवसीय विश्व कप खिताब दिलाने वाले पहले कप्तान बने। 2013 में, जब भारतीय टीम के हालात बहुत खराब थे, तब धोनी ने बेहद शांतचित्त होकर भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीताई। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स में फिर से एक साथ आने की तैयारी कर रहे दोनों खिलाड़ियों के बीच, अश्विन ने इस बात पर जोर दिया कि धोनी की सादगी और बुनियादी बातों पर टिके रहना उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। अश्विन ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट पर धोनी की कप्तानी के बारे में बात करते हुए कहा, इस सवाल का जवाब देना बहुत आसान है। मेरे हिसाब से, वह ज़्यादातर बुनियादी चीज़ें सही करता है, और ज़्यादातर दूसरे कप्तान बुनियादी बुनियादी चीज़ें भूल जाते हैं, जिससे खेल उनके लिए बहुत मुश्किल लगता है। अश्विन ने एक उदाहरण देकर बताया कि धोनी ने किस तरह अपने गेंदबाज़ों को खुलकर खेलने की आज़ादी दी, लेकिन आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। अश्विन ने आगे कहा, ''उदाहरण के लिए, वह कभी भी गेंदबाज को गेंद नहीं देते थे। पहली बात जो वह कहते थे वह यह थी कि अपना क्षेत्र छोड़ो और मैदान पर गेंदबाजी करो। उन्हें इस बात से नफरत थी कि जब कोई बल्लेबाज बल्लेबाजी करने आता है और आप ढीली गेंद फेंकते हैं, तो वह मुझे गेंदबाजी से नहीं हटाते। अगर मैं एक ओवर में दो तीन बाउंड्री देता था, तो भी वह उत्साह बढ़ाते थे। अश्विन ने कहा, अगर मैं किसी नए बल्लेबाज को कट या ड्राइव करने के लिए गेंद देता हूं, तो वह भड़क जाते थे। वह मुझे मेरी जगह का एहसास कराते थे और वह मुझे गेंदबाजी से हटा देते थे। यह क्रिकेट का एक बहुत ही बुनियादी सार है। पिछले कुछ वर्षों में, मुझे एहसास हुआ है कि लोग बुनियादी बातों को भूल गए हैं।

आईपीएल 2023 में, जब धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को रिकॉर्ड पांचवां खिताब दिलाया, तो उन्होंने तेज गेंदबाजी की अगुआई करने के लिए तुषार देशपांडे का इस्तेमाल किया। 16 मैचों में, तुषार अपने नाम 21 विकेट लेकर कैश-रिच लीग में अग्रणी विकेट लेने वालों में से एक के रूप में उभरे। अश्विन ने धोनी की कप्तानी में देशपांडे की सफलता के पीछे छिपे सरल कारण को उजागर किया। उन्होंने कहा, ''खेल के कुछ पहलू ऐसे होते हैं जो बदलते नहीं हैं और एमएस धोनी इस मामले में इसे सरल रखते हैं। पिछले साल आईपीएल में वह तुषार देशपांडे को आगे लाए और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाया। मुझे पता है कि एमएस धोनी ने उनसे क्या कहा होगा। उन्होंने उनसे कहा होगा कि बाउंड्री के लंबे हिस्से पर हिट करो और पिछले साल की तुलना में मुझे दो रन कम दो। इससे गेंदबाज को दो चीजें मिलती हैं। इससे दबाव कम होता है और इससे उसे लगता है कि मैं बहुत कम स्कोर दे सकता हूं। एक कप्तान के रूप में, धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिनमें से उन्होंने 27 मैच जीते, 18 हारे और 15 ड्रॉ रहे। 45.00 के जीत प्रतिशत के साथ, वह सभी युगों में भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उन्होंने टीम इंडिया को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचाया। वह 2010-11 और 2012-13 की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वाइटवॉश करने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान भी हैं। एकदिवसीय प्रारूप में, जिसे धोनी का गढ़ माना जाता है, विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ने 200 मैचों में भारत का नेतृत्व किया। उनकी कप्तानी में, भारत 110 मैचों में विजयी रहा, 74 हारे और पांच ड्रॉ रहे, इस प्रकार 55 प्रतिशत जीत प्रतिशत रहा। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में धोनी ने 74 मैचों में भारत की कप्तानी की और 58.33 प्रतिशत जीत के साथ 41 मैचों में भारतीय टीम को जीत दिलाई।

# एनएसीडीएसी की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री पहले दिन ही निवेशकों के पैसे डबल हुए

एजेंसी




नई दिल्ली। इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी एनएसीडीएसी इंफ्रा के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। कंपनी के शेयरों की आज 90 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ मार्केट में एंट्री हुई। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया, जिसके कारण पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। एनएसीडीएसी इंफ्रा के शेयर आईपीओ के तहत 35 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 66.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिसके कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर 69.82 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। एनएसीडीएसी इंफ्रा का 10.01 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2,209.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 236.39 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 4,084.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 2,503.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत कंपनी की ओर से 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 28.60 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। एनएसीडीएसी इंफ्रा की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ये कंपनी रेजिडेंशियल और कमर्शियल मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने के साथ ही इंस्टीट्यूशनल स्ट्रक्चर्स बनाती है। इसने अभी तक भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के 45 प्रोजेक्ट्स को पूरा किया है। जहां तक कंपनी की वित्तीय सेहत की बात है, तो 2021-22 में कंपनी को 31.55 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। इसके अगले साल 2022-23 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा उछल कर 56.15 लाख और 2023-24 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 3.5 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# डीलर फाइनेंस समाधान के लिए महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने किया पीएनबी के साथ एमओयू

एजेंसी

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ साझेदारी की है। इसके दोनों भागीदारों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को चैनल फाइनेंस समाधान प्रदान करने के लिए पीएनबी के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एक साल से ज्?यादा समय से कारोबार कर रहे सभी महिंद्रा ट्रैक्टर डीलर चैनल फाइनेंस सीमा के लिए पात्र हैं। कंपनी ने बताया कि इस समझौते के तहत डीलरों को 105 दिन की क्रेडिट अवधि का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 15 दिन की अतिरिक्त छूट अवधि भी मिलेगी और बिना किसी मार्जिन के महिंद्रा एंड महिंद्रा इनवॉइस की सौ फीसदी फंडिंग का लाभ मिलेगा। इसके तहत पांच करोड़ रुपये तक की 'फाइनेंस' सीमा दी जाती है, जिसमें 105 दिन की बिक्री के आधार पर सीमा का आकलन किया जाएगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अध्यक्ष (कृषि उपकरण क्षेत्र) हेमंत सिक्का ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ सहयोग से कार्यशील पूंजी प्रबंधन को बेहतर कर सकेंगे, जिससे हमारे डीलर को कृषक समुदाय को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। वहीं, पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक एवं मुंबई क्षेत्र के प्रमुख फिरोज हसनैन ने कहा कि यह पहल विभिन्न क्षेत्रों खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और कृषि क्षेत्र को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान कर व्यवसायों के विकास में सहायता करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# म्यूचुअल फंड उद्योग में तेजी, 2024 में संपत्ति 17 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड उद्योग ने 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद 2024 में अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखा और संपत्ति में 17 लाख करोड़ रुपये की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। यह तेजी से बढ़ते शेयर बाजारों, मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से प्रेरित रहा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि सकारात्मक रुझान 2025 में भी जारी रहेगा। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के निदेशक-प्रबंधक अनुसंधान कौस्तुभ बेलापुरकर ने कहा, 2025 में म्यूचुअल फंड उद्योग की परिसंपत्तियों में स्वस्थ गति से वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ती पहुंच के साथ, इक्विटी फंड में प्रवाह, विशेष रूप से व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से मजबूत रहने की संभावना है। म्यूचुअल फंड उद्योग संघ (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 9.14 लाख करोड़ रुपये का पर्याप्त शुद्ध प्रवाह देखा गया, साथ ही निवेशकों की संख्या में 5.6 करोड़ की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। एसआईपी की लोकप्रियता बढ़ी जिसने अकेले 2.4 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया। इस निवेश से उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर नवंबर के अंत तक 68 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं, जो 2023 के अंत में दर्ज 50.78 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 33 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। बजाज फिनसर्व एएमसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गणेश मोहन ने कहा, वित्तीयकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण शेयर बाजारों और म्यूचुअल फंड में भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जैसा कि म्यूचुअल फंड उद्योग में एयूएम की उल्लेखनीय वृद्धि में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा, यह बदलाव भारतीय अर्थव्यवस्था के विस्तार और खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ती वित्तीय जागरूकता से समर्थित है, जो कम लागत और अधिक सुविधा के साथ उच्च 'रिटर्न' की तलाश में हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में मामूली कमजोरी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बंगलादेशी नागरिकों के अवैध आव्रजन का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

एजेंसी




नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बंगलादेशी नागरिकों के अवैध आव्रजन का भंडाफोड़ किया और 11 लोगों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अवैध अप्रवासी भारत में प्रवेश करने के लिए जंगल के रास्तों और एक्सप्रेस ट्रेनों का इस्तेमाल करते थे। दस्तावेज़ जालसाजों, आधार ऑपरेटरों और तकनीकी विशेषज्ञों सहित आरोपियों ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य पहचान पत्र बनाने के लिए एक फर्जी वेबसाइट 'जनताप्रिंट्सडॉटसाइट' का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि इस रैकेट का खुलासा तब हुआ, जब 21 अक्टूबर, 2024 को, दिल्ली के संगम विहार में सेंटू शेख उर्फ राजा की हत्या के मामले की रिपोर्ट की गयी। हत्या की जांच के दौरान, चार बंगलादेशी नागरिक, मिदुल मियां उर्फ आकाश अहमद, फरदीन अहमद उर्फ अभि अहमद और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि सेंटू शेख उन्हें अलग-अलग बहाने से धमका रहा था। उसे खत्म करने के लिए उन्होंने एक महीने पहले से ही उसकी हत्या की योजना बना ली थी। योजना के अनुसार ही, उन्होंने उसका गला घोंट दिया और उसकी नकदी तथा सामान चुरा लिया, जो जांच के दौरान बरामद किया गया। पुलिस ने सेंटू शेख के घर से 21 आधार कार्ड, चार मतदाता पहचान पत्र और आठ पैन कार्ड बरामद किये, जो बंगलादेशी नागरिकों के होने का संदेह है। इन निष्कर्षों ने जांच का ध्यान नकली भारतीय दस्तावेज बनाने और अवैध आव्रजन को सुविधाजनक बनाने में शामिल एक गिरोह को उजागर करने की ओर मोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि सेंटू शेख के घर से बंगलादेशी नागरिकों से संबंधित चार मतदाता पहचान पत्र बरामद किये गये और उन सभी चार व्यक्तियों का पता लगाने के प्रयास किये गये। इसी दौरान एक महिला का बरेली में होने का पता चला।

जांच में पता चला कि उसका मतदाता पहचान पत्र सेंटू शेख के पते पर पंजीकृत आधार का उपयोग करके जारी किया गया था। उसने स्वीकार किया कि सेंटू ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके उसके आधार और मतदाता पहचान पत्र बनाने में मदद की थी। पूछताछ के दौरान ही, उसने अपने बंगलादेशी पहचान दस्तावेज प्रदान किये।

पुलिस ने कहा कि ढाका सिटी कॉरपोरेशन की ओर से जारी उसका बंगलादेशी जन्म प्रमाण पत्र उसके फोन से बरामद किया गया और साथ ही उसके माता-पिता के बंगलादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र भी बरामद किये गये।

इस बीच, पुलिस ने छह लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, आधार कार्ड मशीन, रिकॉर्ड रजिस्टर और विभिन्न दस्तावेज, 25 आधार कार्ड, चार वोटर आईडी कार्ड और आठ पैन कार्ड सहित कई फर्जी पहचान दस्तावेज जब्त किये, जो बंगलादेशी नागरिकों के होने का संदेह है।

# लड़ाकू विमान तेजस का उत्पादन बढ़ाए, खरीद में तेजी लाए मंत्रालय : संसदीय समिति

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना में 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन की अधिकृत क्षमता के मुकाबले वर्तमान में केवल 31 सक्रिय लड़ाकू स्क्वाड्रन मौजूद होने पर चिंता जाहिर करते हुए संसद की एक समिति ने रक्षा मंत्रालय से तेजस का उत्पादन बढ़ाने और अनुबंधित लड़ाकू विमानों की खरीद में तेजी लाने की सिफारिश की है।

भाजपा सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा मंत्रालय संबंधी स्थायी समिति की 17 दिसंबर 2024 को संसद में पेश रिपोर्ट में इस मुद्दे पर गौर किया गया है। समिति को बताया गया है कि भारतीय वायुसेना की अधिकृत क्षमता 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन है। लेकिन इस समय इसके पास 31 सक्रिय लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं। वायुसेना के पास मिग 21, मिग 23 और मिग-27 तथा अन्य विमानों का पुराना बेड़ा भी है, जो जल्द ही सेवा से बाहर होने जा रहे हैं, जिससे बल की स्क्वाड्रन ताकत में तेजी से कमी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, समिति को यह भी बताया गया है कि भारतीय वायुसेना को तेजस एमके 1 के दो स्क्वाड्रन प्राप्त हुए हैं और इनका उपयोग शुरू हो गया है तथा इसने हाल ही में संपन्न अंतरराष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' में भाग लिया था। समिति ने यह भी पाया कि तेजस एमके-1ए कार्यक्रम में डिजाइन और विकास संबंधी मुद्दों के कारण देरी हुई है। रक्षा मंत्रालय ने समिति को यह भी बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को तेजस का उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा गया है।

गौरतलब है कि तेजस भारत का नवीनतम एवं हर मौसम में उपयोग में आने वाला लड़ाकू विमान है जिसे वायुसेना के लिए तैयार किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वायुसेना ने अतिरिक्त 97 हल्के लड़ाकू (एलसीए एमकेआई ) विमानों की खरीद के मामले में भी प्रगति की है, जिसके लिए जरूरत की स्वीकार्यता (एओएन) का अनुमोदन किया गया है तथा प्रस्ताव के लिए आग्रह (आरएफपी) जारी किया जा चुका है।

समिति को बताया गया है कि इन अधिग्रहणों के साथ, भारतीय वायुसेना के पास 220 एलसीए एमके-क्र और एमके-क्रए विमान होंगे। समिति ने मंत्रालय को सिफारिश की है कि वह तेजस का उत्पादन बढ़ाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को संवेदनशील बनाए ताकि लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन की संख्या में कमी के कारण वायु सेना की परिचालन भूमिका प्रभावित न हो। वायुसेना में अधिकारियों की संख्या के विषय पर समिति को सूचित किया गया है कि 01 अक्टूबर 24 तक 12,929 पदों के मुकाबले 11,916 अधिकारी (मेडिकल/डेंटल शाखा को छोड़कर) कार्यरत थे, जो 1,013 की कमी को दर्शाता है। मंत्रालय ने बताया कि प्रवेश की योजनाओं को नया रूप दिया गया है ताकि धीरे-धीरे संख्या को स्वीकृत क्षमता के बराबर लाया जा सके।

# मुर्मु कल प्रदान करेंगी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती है। ये पुरस्कार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण क्षेत्र में प्रदान किये जाते हैं। इस वर्ष 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को चुना गया है, जिनमें सात लड़के और 10 लड़कियाँ है। श्रीमती मुर्मु 26 दिसंबर को इन बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पुस्तिका प्राप्त होगी। मंत्रालय के अनुसार वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय कार्यक्रम इसी दिन भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में वह सुपोषित पंचायत योजना का उद्घाटन करेंगे और मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उद्घाटन भाषण देंगी। कार्यक्रम में पुरस्कार विजेताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ लगभग 3,500 बच्चे शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में भारत की विरासत को दर्शाने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शन और विविध संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चों का मार्च पास्ट शामिल होगा। इसके अतिरिक्त, देश भर के स्कूलों, बाल देखभाल संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों में कहानी सुनाना, रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाना, निबंध लेखन, कविता और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियाँ होंगी, जिसमें ऑनलाइन गतिविधियाँ भी शामिल हैं।

# रक्सौल हवाईअड्डे के लिए नहीं होगी जमीन की कमी, लाल बकेया नदी पर बनेगा पुल : नीतीश

एजेंसी

पटना/मोतिहारी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में निर्माणाधीन हवाईअड्डे के लिए जमीन की कमी नहीं होने देने और लाल बकेया नदी पर पुल का निर्माण कराने के साथ ही कई घोषणाएं की तथा जिले को कुल 201.12 करोड़ रुपये की 104 विकास योजनाओं की सौगात दी।

श्री कुमार ने मंगवार को पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया के सुन्दरापुर ग्राम में विकास कार्यों का जायजा लेने के बाद जिले के लिये 114.82 करोड़ रुपये की 62 योजनाओं का उद्घाटन तथा 86.30 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का शिलान्यास किया यानी कुल 201.12 करोड़ रुपये की 104 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार रक्सौल हवाईअड्डा के विकास का काम कर रही है। इसका और विस्तार होना चाहिए। इसके लिए जितनी भी जमीन की आवश्यकता होगी राज्य सरकार उसे उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि लालबकेया नदी पर बलुमा गुमाबारी के सामने आरसीसी पुल का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा, ल्लआज यात्रा के दौरान मुझे मजुराहा जाने का मौका मिला। वहां पर घनौती नदी पर पुल बनाने की बात लोगों ने कही है। मुझे स्थल भ्रमण से स्पष्ट दिखा है कि यदि वहां पुल बनाया जाता है तो लोगों को कोटवा जाने में सुविधा होगी। मैंने पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मोतिहारी शहर को सीधे कोटवा से जोड़ने के लिए धनौती नदी पर पुल का निर्माण करायें। श्री कुमार ने कहा कि अरेराज में श्री सामेश्वरनाथ मंदिर अवस्थित है जो पौराणिक महत्व का है। मुझे भी मंदिर जाने का अवसर मिला है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं जिनके लिए मंदिर परिसर में और सुविधाओं की आवश्यकता है तथा आने का रास्ता भी संकरा है। मैंने पर्यटन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मंदिर परिसर का विकास एवं मंदिर पहुंचने के लिए सुगम सम्पर्क पथ का निर्माण शीघ्र करायें। मुख्यमंत्री ने रक्सौल अनुमंडल में बंगरी नदी पर बाढ़ से बचाव के लिए तटबंध का निर्माण कराने की घोषणा की और कहा कि इसके निर्माण से रक्सौल प्रखंड के संबंधित गांव लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण जिले में बागमती नदी के दाएं तटबंध पर पक्की सड़क का निर्माण किया जायेगा। इससे ढाका-पताही शिवहर-बेलसंड रुन्नीसैदपुर के बीच आवागमन सुलभ एवं सुचारू होगा। साथ ही घुड़दौर पोखर, पताही का जीर्णोद्धार एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जायेगा। यह पोखर लगभग 750 वर्ष पुराना है। श्री कुमार ने कहा कि सीताकुंड धाम के परिसर एवं सम्पर्क पथ का विकास किया जायेगा। इसके निनर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। मेहसी उज्हिलपुर पंचायत के इब्राहिमपुर ग्राम में बूढ़ी गंडक नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। चिरैया शांति चौक से भेलवा बाजार घोड़ासहन तक सड़क का निर्माण किया जायेगा। इससे क्षेत्र की जनता के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं को यातायात में सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने गांधी उच्च विद्यालय, बड़हरवा लखनसेन का विकास कराए जाने का एलान किया और कहा कि इस स्थल पर चंपारण सत्याग्रह के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लगभग छह माह तक ठहरे थे तथा उनके द्वारा प्रथम बुनियादी विद्यालय की स्थापना की गयी थी।



## वाजपेयी की 100वीं जयंती पर कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर कल मध्य प्रदेश जायेंगे और खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी केन–बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के दृष्टिकोण से देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे लाखों किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही, जलविद्युत परियोजनाएं हरित ऊर्ज़ा में 100 मेगावाट से अधिक का योगदान देंगी। इस परियोजना से रोजगार के कई अवसरों का सृजन होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। वह 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे। ये भवन स्थानीय स्तर पर सुशासन के लिए ग्राम पंचायतों के कार्य और जिम्मेदारियों के व्यावहारिक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ऊर्ज़ा की आत्मनिर्भरता और हरित ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे।

# हिंदू धर्म का अपमान व धर्मांतरण स्वीकार्य नहीं :विहिप


एजेंसी

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर जिले में मिशनरी स्कूलों में धर्मांतरण एवं हिंदू धर्म के अपमान के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने जिला कलेक्टर प्रताप सिंह को ज्ञापन दिया।

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एडवोकेट लालूसिंह सोढ़ा ने मंगलवार को बताया कि जैसलमेर जिला मुख्यालय पर दो मिशनरी स्कूल हैं, जिनमें प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को क्रिसमस दिवस के दिन ईसाई धर्म के सबसे बड़े धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय में पढ़ने वाले कुल विद्यार्थियों में 98 प्रतिशत विद्यार्थी हिंदू धर्म के हैं, लेकिन कभी भी कोई हिंदू त्यौहार (राम नवमी, कृष्ण जन्माष्टमी, दीपावली, होली, रक्षाबंधन आदि) नहीं मनाये जाते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों और अभिभावकों से ज्ञात हुआ है कि फिलहाल आने वाले क्रिसमिस दिवस के अवसर पर विद्यालय द्वारा नाबालिग विद्यार्थियों को सेंटा क्लोज बनने के लिए दबाव डालकर मजबूर किया जा रहा है, जो कतई न्यायोचित नहीं है। श्री सोढ़ा ने बताया कि उक्त धार्मिक आयोजन का शिक्षा एवं विद्यार्थियों से कोई संबंध नहीं होते हुए भी उनको उस आयोजन में भाग लेने को मजबूर किया जाता है। इस कार्यक्रम में सेंटा क्लॉज बनने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से कोई लिखित में स्वीकृति नहीं ली जाती है। क्रिसमिस दिवस के दिन दोनों विद्यालयों में पूर्ण रूप से ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार और धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने के लिये धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उक्त आयोजन में ईसाई धर्म को श्रेष्ठ एवं हिंदू धर्म के देवी देवताओं के प्रति घृणा/अपमान करने का कार्य कारित होता है। ईसाई अपना त्यौहार धूमधाम से मनाएं।

# शाह ने अज्ञात शवों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक्स तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अज्ञात शवों और लापता लेकिन 'ढूंढ लिए गए व्यक्तियों' की पहचान के लिए मंगलवार को बायोमेट्रिक्स तकनीक के इस्तेमाल की जरूरत पर जोर दिया।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर यहां समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने आपराधिक जांच के सभी मामलों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी मामलों के लिए पूर्व निर्धारित चरणों में 'अलर्ट' जारी किए जाने चाहिए और पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के लाभ के लिए पंजीकरण से लेकर मामले के निपटान तक की समयसीमा तय की जानी चाहिए। शाह ने कहा कि अज्ञात शवों और अज्ञात व्यक्तियों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक्स तकनीक अपनाई जानी चाहिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह ने कहा कि पूर्व निर्धारित समयसीमा के अनुसार जांच अधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित रूप से अलर्ट भेजने से जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। बैठक में अखिल भारतीय स्तर पर अपराध और अपराधी पहचान नेटवर्क और प्रणाली (सीसीटीएनएस) 2.0 और अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस), नए आपराधिक कानून और राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस), जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक के आईसीजेएस 2.0 के साथ कार्यान्वयन और एकीकरण की समीक्षा की गई।

बयान में कहा गया है कि चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने एनसीआरबी से आईसीजेएस 2.0 में नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में ई-साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई-साइन और ई-समन जैसे अनुप्रयोगों के उपयोग पर जोर दिया। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, एनसीआरबी के अधिकारियों की एक टीम को तकनीकी परियोजनाओं को अपनाने में वृद्धि करने और हरसंभव तरीके से सहायता करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करना चाहिए। उन्होंने सीसीटीएनएस और आईसीजेएस की प्रगति की नियमित निगरानी करने और परियोजना को गति प्रदान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित संवाद पर जोर दिया।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस, नेहरू...

कहा कि उन्होंने बाबा साहेब पर क्या कहा था, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि राहुल गांधी बताएं कि क्या संसद में भाजपा सांसद पर हमला संवैधानिक माना जाएगा। कांग्रेस और सपा को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इनके कृत्य सफल नहीं होंगे। जनता उन्हें बार-बार ख़ारिज कर चुकी है, आगे भी खारिज करेगी। हम सब जानते हैं कि देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में बाबा साहेब का बड़ा योगदान था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के संविधान शिल्पी के रूप में भारत वासी बाबा साहेब का सम्मान करते हैं। बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा ने ईमानदारी से काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य वंचित तबके को शासन की सभी प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के मूल्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस, जिसका इतिहास देश के अंदर भारत के दलितों और वंचितों का अपमान करना है। इनका इतिहास तुष्टिकरण के आधार पर दलितों और वंचितों को उनके अधिकारों से पूरी तरह रोकने के कुचेष्टा का हिस्सा रहा है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के आधार पर देश को विभाजन के कतार पर पहुंचने का कार्य भी किया है।

## अटल जी की...

रक्षामंत्री ने कहा कि यूपी में योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार स्वास्थ्य कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उप्र में तेज एंबुलेंस सेवा योगी ने शुरू की। त्वरित इलाज व हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में योगी के कार्यों की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। योगी ने मेडिकल कॉलेज की संख्या व सीटों में वृद्धि का नया रिकॉर्ड बनाया है। अलग-अलग चरणों में केंद्र सरकार के सहयोग से योगी सरकार ने वर्ष 2017 में 27 मेडिकल कॉलेज बनाने शुरू किए हैं। 14 मेडिकल कॉलेज काम करने लगे, जबकि 13 में काम चल रहा है। आगे कहा कि योगी ने उप्र को विशेष पहचान दिलाई है। उन्होंने लखनऊ के विकास का सारा श्रेय मुझे दे दिया, लेकिन यह श्रेय मुझे ही नहीं, बल्कि यह विकास कार्य योगी की सरकार के सहयोग के परिणाम स्वरूप हुआ है। यूपी सरकार के बिना यह संभव नहीं हो सकता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे, तब अटल बिहारी संसद में नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ के फोरम पर जेनेवा में भारत का पक्ष प्रस्तुत करना था। तब नरसिम्हा राव ने कहा कि यह कार्य प्रभावी ढंग से केवल अटल ही कर सकते हैं। अटल जेनेवा गए। उनका व्यक्तित्व विलक्षण था। ये ऐसे लोग होते हैं, जो राजनीति कुछ प्राप्त करने, कद ऊंचा करने के लिए नहीं, बल्कि देश-समाज बनाने के लिए करते थे। राजनाथ सिंह ने अटल जी से जुड़े संस्मरण भी सुनाए। अटल स्वास्थ्य मेले में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के आने के बाद अच्छे- अच्छों की तबीयत दुरुस्त हो गई है। वर्ष 2017 में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनी तो इंसेफ़ेलाइटिस के खात्मे के लिए मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने युद्ध स्तर पर काम किया। इसकी मॉनीटरिंग खुद योगी कर रहे थे। आज इंसेफ़ेलाइटिस के कारण पूर्वांचल समेत यूपी में मरने वाले बच्चों की संख्या न के बराबर हो गई है। रक्षामंत्री ने कहा कि जब मैं गोरखपुर में पढ़ता था, उस समय हॉस्पिटल के सामने से बच्चों के शव को ले जाते माता-पिता को देखा है। सीएम बनने के बाद मैंने भी इंसेफ़ेलाइटिस से निजात के लिए लोगों से चर्चा की, लेकिन किसी के पास सटीक उपाय नहीं था। सीएम योगी ने गोरखपुर, यूपी व बिहार के इंसेफ़ेलाइटिस से प्रभावित कई जनपदों को निजात दिलाने में कामयाबी हासिल की।

## शाह ने की तीन नए...

उपयोग किया जाना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ब्यूरो को जांच अधिकारियों और आपराधिक न्याय प्रणाली के अन्य हितधारकों के लाभ के लिए प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, ब्यूरो के निदेशक, गृह मंत्रालय और ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## मोदी ने बजट से...

उभरती जरूरतों के साथ शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सामंजस्य की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा कृषि उत्पादकता को बढ़ाना और स्थायी ग्रामीण रोजगार के अवसर पैदा करना, निजी निवेश को आकर्षित करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक धन जुटाने पर भी चर्चा की गई। बातचीत में कई प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और विश्लेषकों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. सुरजीत एस भल्ला, डॉ. अशोक गुलाटी, डॉ. सुदीप्तो मुंडले, धर्मकीर्ति जोशी, जन्मेजय सिन्हा, मदन सबनवीस, प्रो. अमिता बत्रा, रिदम देसाई, प्रो. चेतन घाटे, प्रो. भरत रामास्वामी, डॉ. सौम्य कांति घोष, सिद्धार्थ सान्याल, डॉ. लवीश भंडारी, सुश्री रजनी सिन्हा, प्रो. केशव दास, डॉ. प्रीतम बनर्जी, राहुल बाजोरिया, निखिल गुप्ता और प्रो. शाश्वत आलोक शामिल हैं।

## सब्जी काटने वाले ...

वे यह पचा नहीं पाये कि सभापति ने ऐसा फैसला कैसे किया। श्री धनखड़ ने कहा कि अभिव्यक्ति का अधिकार लोकतंत्र की परिभाषा है। उन्होंने कहा यदि अभिव्यक्ति को सीमित, बाधित या दबाव में किया जाये, तो लोकतांत्रिक मूल्य दोषपूर्ण हो जाते हैं। यह लोकतंत्र के विकास के लिये प्रतिकूल है। उन्होंने संवाद के महत्व पर जोर देते हुये कहा, कि किसी को भी अपनी आवाज का उपयोग करने से पहले दूसरे के दृष्टिकोण को सुनना चाहिये। संसदीय बहसों की स्थिति पर विचार व्यक्त करते हुये श्री धनखड़ ने कहा, ल्ल क्या आपने पिछले 10, 20, 30 वर्षों में किसी महान बहस को देखा है? क्या संसद के पटल पर कोई बड़ी उपलब्धि देखी है? हम गलत कारणों से समाचार में हैं। दबाव आपके वर्ग से आना चाहिये। जवाबदेही मीडिया द्वारा लागू की जानी चाहिये, जो लोगों तक पहुंचने का एकमात्र माध्यम है। मीडिया जनता के साथ एक रिश्ता बना सकता है और जनप्रतिनिधियों पर दबाव पैदा कर सकता है। उप-राष्ट्रपति ने भारत और विश्व स्तर पर महिला पत्रकारों और एंकरों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ल्ल महिला पत्रकार अद्वितीय दृष्टिकोण लाती हैं, और उनकी संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। यह समय की बात है जब यह क्षेत्र महिलाओं का प्रभुत्व होगा। आपके लिये चुनौतियां ही आपके अवसर हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी में ...

में खेलागा। सभी मैच भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे शुरू होंगे।

## बैंक के 42 लॉकर...

की ओर भागने की कोशिश की। उसने बताया कि पीछा करने पर संदिग्धों को कुतुबपुर के पास रोका गया जहां उन्होंने अपनी गाड़ी छोड़ दी और पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। डीजीपी ने कहा, ''जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से सनी दयाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा संदिग्ध भाग गया। सनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में गाजीपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा में रविवार को लूट का मामला सामने आया था। शाखा प्रबंधक संदीप सिंह ने बताया कि अपराधी बगल के खाली भूखंड की तरफ से दीवार तोड़कर बैंक में घुसे और करीब 40 लॉकर से सामान लूटकर ले गए। इसके बाद इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक बयान में कहा था, ''लूट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है। यह घटना लखनऊ में हमारी चिनहट शाखा में पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बावजूद हुई। हम अधिकारियों को उनकी जांच में सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके पहले सोमवार को पुलिस ने लूट में शामिल तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जिनकी पहचान अरविंद कुमार (घायल), बलराम और कैलाश के रूप में हुई। ये सभी बिहार के रहने वाले हैं और उन्हें लौलाई गांव के पास से पकड़ा गया। सोबिंद कुमार, सन्नी दयाल, मिथुन कुमार और विपिन कुमार वर्मा सहित चार साथी शुरू में भागने में सफल रहे थे।

# गणेश जोशी ने 37 करोड़ की तीन सड़कों का किया शिलान्यास, अटलजी को दी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को देहरादून के सहस्त्रधारा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 37 करोड़ रुपये से बनने वाली तीन सड़कों का शिलान्यास किया। यह सड़कें सहस्त्रधारा-सरोना, सुवाखोली-सरोना और मालदेवता-सेरकी-सिल्ला मोटर मार्ग हैं। यह आयोजन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25वें वर्ष और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती की पूर्व संध्या पर किया गया। गणेश जोशी ने शिलान्यास से पहले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत 25 दिसंबर 2000 में वाजपेयी जी के नेतृत्व में हुई थी, जो सीमांत क्षेत्रों




के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 वर्षों में देशभर में 8 लाख 28 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण हुआ है, जिन पर 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उत्तराखंड में इस योजना के तहत 20,274 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण हुआ है, जिसमें 10,373 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और 2,655 सड़कों का निर्माण हुआ है। गणेश जोशी ने कहा कि अटल जी के कार्यकाल में पीएमजीएसवाई के अलावा कई महत्वपूर्ण राष्ट्रहित परियोजनाओं की शुरुआत हुई थी, जैसे सर्व शिक्षा अभियान, नदी जोड़ो परियोजना, कारगिल युद्ध में विजय और पोखरण परमाणु परीक्षण। उन्होंने बताया कि राज्य में पीएमजीएसवाई के तहत सभी 13 जनपदों में कार्य चल रहा है और उत्तराखंड को दो बार भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया जा चुका है। काबीना मंत्री ने इस दौरान कृषि विभाग और उद्यान विभाग द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि सरोना न्याय पंचायत क्षेत्र में 900 वर्ग मीटर पालीहाउस, औद्योगिकीकरण के तहत 16 हैक्टेयर क्षेत्र में काम, 80 क्विंटल आलू बीज वितरण और 7 हैक्टेयर में सब्जी बीज वितरण किया गया है। साथ ही भूमि संरक्षण कार्य, यंत्र वितरण और छत वर्षा टैंकों का निर्माण भी करवाया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, अनुज कौशल, पूर्व प्रधान नारायण सिंह राणा, निरजन डोभाल, बीडीसी धीरज थापा, ग्राम प्रधान सुनीता और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# एनसीसी कैडेट्स को प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। 31 यूके एनसीसी बटालियन के कैडेट्स को इंडियन रेडक्रॉस उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ. नरेश चौधरी ने यूनिवर्सिटी आफ पतंजलि नेचुरोपैथी एंड योगा साइंस औरंगाबाद हरिद्वार के परिसर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में डॉ. नरेश चौधरी ने प्राथमिक उपचार की परिभाषा, उद्देश्य एवं प्राथमिक उपचार की आवश्यकता के विषय पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए लाइव डेमोंसट्रेशन भी प्रतिभागियों से स्वयं कराया। डॉ. नरेश चौधरी ने मानव शरीर रचना के सभी तंत्रों की विस्तृत जानकारियां भी प्रतिभागियों को दी। आकस्मिक घटना घटित होने पर घायलों को किस प्रकार का आकस्मिक उपचार एवं सहायता दी जानी है और अति शीघ्र नजदीकी अस्पताल में घायल को पहुंचना है, इन सभी की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जमीनी जानकारियां भी देते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा जन समाज को जागरुक कर फर्स्ट मेडिकल रिस्पांडर बनाना है जो समय से आवश्यकता होने




पर प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराएंगे और घायलों के बहुमूल्य जीवन को बचाकर जनहानि को भी किसी भी आपदा में कम से कम करने में सहायक सिद्ध होंगे। डॉ. नरेश चौधरी ने प्रतिभागियों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिसिएशन) दिल की धमनी को पुनः चालू करना का विशेष रूप से लाइव डेमोंसट्रेशन कर सभी को प्रायोगिक अभ्यास भी कराया। जिससे सभी में सीपीआर देने में आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके। प्रशिक्षण में उत्तराखंड के सभी जनपदों के 600 एनसीसी कैडिट्स प्रभारी एवं आर्मी के अधिकारियों को प्राथमिक उपचार देने के लिए प्रशिक्षित किया। कमांड कर्नल विनय मल्होत्रा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल वीरेंद्र सिंह ने इंडियन रेडक्रॉस उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ. नरेश चौधरी को आर्मी की ओर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं डॉ नरेश चौधरी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण में सूबेदार मेजर महेंद्र सिंह, सूबेदार इंद्र बहादुर, हवलदार सुनील कुमार, हवलदार गुरजिंद्र सिंह, सूबेदार विजयराम, सूबेदार माकन सिंह आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

# संक्षिप्त समाचार

## घर से कूड़ा डालने निकली युवती खेत में मिली बेसुध, दो हिरासत में

**हरिद्वार।** घर से कूड़ा डालने के लिए निकली युवती बेसुध हालत में एक खेत से मिली। परिजनों ने चार बाइक सवार युवकों पर नशीला पदार्थ सूंघाकर युवती का अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने अन्य युवकों को भी हिरासत में लिए जाने की मांग को लेकर ईमली खेड़ा चौकी के सामने रोड हंगामा किया और अन्य युवकों को गिरफ्तार करने की मांग की है। दरअसल, जनपद के कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती सुबह-सुबह घर से खेत में कूड़ा डालने गई थी, जब वह काफी देर तक वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद युवती खेत में बेसुध हालत में मिली। युवती के बेसुध हालत में खेत से मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। परिजनों ने बाइक सवार चार युवकों पर नशीला पदार्थ सूंघाकर अपहरण करने का आरोप लगाया। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया। वहीं घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई और हंगामा शुरू हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने चौकी के सामने रोड जाम करने का भी प्रयास किया। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण मौके पर पुलिस के आला अधिकारी जमा हो गए। मौके पर एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, एएसपी हरिद्वार जितेंद्र मेहरा, प्रशिक्षु आईपीएस कुष मिश्रा, सीओ रुड़की नरेद्र पंत, इंस्पेक्टर सूर्य भूषण नेगी, प्रदीप बिष्ट, थानाध्यक्ष कलियर दिलबर सिंह नेगी, थानाध्यक्ष बहदराबाद नरेश राठौर आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

## अपर आयुक्त गढ़वाल ने दिए न्यायिक जांच के निर्देश

**हरिद्वार।** अपर आयुक्त गढ़वाल ने रजत सैनी एवं अमोल दीप के मामले की न्यायिक जांच के निर्देश दिए हैं। अब मामले की जांच जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक करेंगे। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर को पुलिस द्वारा रजत सैनी निवासी सुभाष नगर रुड़की को एनडीसी मामले में आरोपी बनाया है। मामले में रजत के भाई अमरदीप ने अपर आयुक्त (प्रशासन) गढ़वाल मंडल नरेंद्र सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया था कि 16 दिसंबर को पीड़ित के भाई को पुलिस द्वारा एनडीसी में आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है। जबकि पीड़ित का भाई 16 दिसंबर को सुबह 10.40 से 11.40 के मध्य रुड़की स्थित बीएम कॉलेज के पास जूस की दुकान पर मौजूद था जहां से कुछ अज्ञात व्यक्ति हरियाणा नंबर की गाड़ी में पीड़ित के भाई को बाइक सहित जबरन उठाकर ले गए। मामले में अपर आयुक्त गढ़वाल ने हरिद्वार के जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को घटनास्थल एवं रुड़की बीएसएम के समीप स्थित जूस की दुकान के आसपास के सभी वीडियो कैमरे की फुटेज जांच कर नायायिक जांच के निर्देश दिए हैं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर श्वेता मजगॉई को मिलेगा टीचर्स आइकन अवार्ड 2025, विज्ञान शिक्षा में नवाचार के लिए सम्मानित

**हल्द्वानी।** राजकीय जूनियर हाई स्कूल विजयपुर कोटाबाग नैनीताल में कार्यरत विज्ञान शिक्षिका डॉ. श्वेता मजगॉई को आगामी 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हरिद्वार यूनिवर्सिटी में आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह में टीचर्स आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें विज्ञान शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार शिक्षा, कला, संस्कृति, भाषा, और ज्योतिष के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक संस्था, डॉ. यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी शैक्षिक प्रकल्प 'उद्घोष- शिक्षा का नया सवेरा' के तहत हर वर्ष प्रदान किया जाता है। डॉ. श्वेता मजगॉई को इससे पूर्व राज्यपाल स्वर्ण पदक और उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा प्रसार सम्मान 2024 से भी नवाजा जा चुका है। उनके नेतृत्व में कई छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के क्षेत्र में राज्य स्तर पर जनपद नैनीताल का प्रतिनिधित्व किया है।

## कांग्रेस ने डीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजकर त्यागपत्र की मांग

**गोपेश्वर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से मंगलवार को जिलाधिकारी चमोली के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के त्याग पत्र की मांग की है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, शिवानी, दर्शन लाल, मदन लाल खनेडा का कहना था कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर बहुजन समाज के लिए किसी भगवान से कम नहीं है। उनकी ही देन है कि आज दलित, पिछडा समाज को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिला है। ऐसे में उन पर अपमान जनक टिप्पणी किया जाना बहुजन समाज के साथ ही बाबा साहेब के अनुयायियों को भी अपमान करने को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने इस देश को लोकतांत्रिक ढंग से चलाने के लिए एक संविधान दिया है। उन पर ही आज देश की सत्ता में बैठे लोग यदि ऐसी टिप्पणी करेंगे तो ऐसे लोगों को सत्ता में बैठे रहने का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञापन देने वालों में आनंद सिंह पंवार, गिरीश आर्य, मदन लाल खनेडा, मनमोहन ओली, विजय हिंदवाल आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन जनवरी 2025 में

**ऋषिकेश।** राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संगठन की बैठक रविवार को संगठन कार्यालय में हुई। बैठक में संगठन के अभिकर्ताओं की समस्याओं, लेखा-जोखा और नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई।बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष केके सचदेवा ने की, जबकि संचालन महामंत्री अजय गुप्ता ने किया। संगठन के उपाध्यक्ष हंसराज मंदौलिया ने बताया कि संगठन की वर्तमान 2 वर्षीय कार्यकारिणी का कार्यकाल दिसंबर 2023 में समाप्त हो रहा है। नई कार्यकारिणी का गठन आगामी जनवरी 2024 में किया जाएगा।बैठक में कोषाध्यक्ष अजय ब्रेजा ने संगठन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही यह निर्णय लिया गया कि शहर के समाजसेवियों को समय-समय पर सम्मानित किया जाएगा और उनके विचारों को संगठन की गतिविधियों में शामिल किया जाएगा।बैठक में संगठन के सदस्यों ने अभिकर्ताओं की समस्याओं पर गहन चर्चा की और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की।

## पेड़ पर लटका मिला नाबालिग का शव

**हरिद्वार।** आम के बाग में मंगलवार को एक नाबालिग का शव पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला कलियर थाना क्षेत्र के धनौरी चौकी क्षेत्र के तेलीवाला गांव का है।

# निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। आगामी निकाय चुनावों का बिगुल बजते ही हरिद्वार में चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व चुनाव संबंधी समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों एवं आवंटित कार्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से पालन करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को निकाय चुनाव को लेकर गंभीरता से काम करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने निकाय चुनाव के लिए निर्धारित आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लगातार तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसमें जिस भी




अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने मतदान कार्मिकों जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति व प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, मतदान स्थल, मतदान केंद्र बनाने पर चर्चा की। साथ ही स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, मतपत्रों की व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत होर्डिंग्स, बैनर आदि हटाने की तैयारी, उड़न दस्ते गठित करने, कंट्रोल रूम बनाए जाने तथा अवैध शराब पर प्रवर्तनीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, अजयवीर सिंह, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हीमोग्लोबिन जांच में 27 छात्राएं मिली एनीमिया ग्रसित

गोपेश्वर। जिला प्रशासन की ओर से बालिकाओं के स्वास्थ्य को लेकर नई पहल शुरू की गई है। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी के निर्देश पर एनीमिया की पहचान के लिए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्कूली स्तर पर शिविर लगाकर छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच की जा रही है। अब तक गोपेश्वर के तीन स्कूलों में की गई जांच में 27 बालिकाओं में खून की कमी मिली है। जिनकों आवश्यक दवा के साथ उपचार की सुविधा दी जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर, राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर और राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैग्वाड़ में रक्त जांच शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में 240 छात्राओं के रक्त की जांच की गई। जिनमें से 27 छात्राओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा न्यूनतम स्तर आठ से भी कम पाई गई है। जिलाधिकारी ने कम उम्र की बालिकाओं में मिल रही खून की कमी पर चिंता जाहिर करते हुए बाल विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग को समन्वय स्थापित कर हिमोग्लोबिन की कमी वाली छात्राओं को आवश्यक दवा और न्यूट्रिशन किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

# पंजाब सिंध क्षेत्र इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव, प्रतिभा और परंपरा का संगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ऋषिकेश। पंजाब सिंध क्षेत्र इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने विद्यालय के मेधावी छात्रों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया।हरिद्वार रोड स्थित विद्यालय में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गढ़वाली और कुमाऊंनी लोकनृत्य समेत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।मंत्री अग्रवाल ने कहा कि



1965 में स्थापित इस विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उन्होंने विद्यालय के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान संस्कारयुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर रहा है।इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने बच्चों को मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तीर्थनगरी में प्रतिभावान बच्चों की कोई कमी नहीं है और उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

# स्व. बडोनी की जयंती पर राइका बैरागना में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोपेश्वर। स्व. इन्द्रमणि बडोनी की जयन्ती पर मंगलवार को चमोली जिले के मंडल घाटी स्थित राजकीय इंटर कालेज बैरागना में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ही गढ़वाली पकवान भी अतिथियों को परोसे गये। राजकीय इंटर कालेज बैरागना में स्व. बडोनी की जयंती पर गढ़वाली पकवान जिसमें भंगजीरे की चटनी, मंडुवे की रोटी, झंगोरे की खीर, भट्ट का फाणा, गहत की निसी रोटी, केले के पुव्वे, चौलाई का हलवा, रोट, राई की सब्जी, झंगोरे की झोली आदि तैयार कर छात्र-छात्राओं ने अतिथियों और विद्यालय परिवार को परोसे। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्य कमों की प्रस्तुति दी गयी। साथ ही इन्द्र मणि बडोनी के जीवन दर्शन पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें कृष्णा प्रथम, सागर कुमार द्वितीय और एकता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग चमोली की ओर से वीर बाल दिवस के उपलक्ष में माई ड्रीम फॉर इण्डिया तथा वट मेक भी हैपी विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता में साहिल कुमार प्रथम, सार्थक सेमवाल द्वितीय, पल्लवी तृतीय, सीनियर वर्ग में सागर कुमार प्रथम, अंशिका द्वितीय आदित्य बर्त्वाल तृतीय रहे। विजेता प्रतिभागियों को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला कल्याण अधिकारी रजनी पंवार ने बाल संरक्षण के बारे में देते हुए बताया कि यदि कोई 18 वर्ष तक के बच्चो का शोषण करता है तो उसकी शिकायत 1098 पर की जा सकती है।

# उत्तराखंड निकाय चुनाव: पहली बार वोट डालेंगे 10,328 युवा मतदाता


**युवा मतदाता करेंगे युवा उत्तराखंड के भविष्य का फैसला**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में नगर निकाय चुनावों में 10,328 नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। नए मतदाताओं में 4,896 महिला तो 5,432 पुरुष मतदाता शामिल हैं। उत्तराखंड के नगर निकाय चुनावों में नए मतदाता न केवल आंकड़ों को बदल सकते हैं, बल्कि परिणामों पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद इन मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है। यह पहली बार है जब ये युवा और नए मतदाता अपने निकाय




प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि नए मतदाता लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनका चुनाव में भाग लेना न केवल राजनीतिक जागरूकता को बढ़ाएगा, बल्कि निकाय स्तर पर प्रशासन को भी बेहतर बनाने में मदद करेगा। आयोग ने विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाकर नए पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य किया। इस अभियान के तहत 24,948 नए मतदाता सूची में शामिल किए गए, जिनमें 11,655 महिलाएं और 13,293 पुरुष शामिल हैं। आयोग ने विशेष प्रयास करते हुए 1 जनवरी 2025 तक अर्हता प्राप्त करने वाले नागरिकों को सूची में जोड़ने की सुविधा दी। विशेषज्ञों का मानना है कि नए मतदाता चुनाव में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लेकर आएंगे। यह पहली बार है जब ये युवा अपने स्थानीय शासन के लिए नेताओं का चयन करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने नए मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है। यह आपके शहर और आपके भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063